BRIEF NEWS

## पीएम विश्वकर्मा योजना खूंटी विधानसभा क्षेत्र के संयोजक बने काशीनाथ

**KHUNTI :** पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के कौशल उन्नयन और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है। काशीनाथ महतो ने बताया कि वे अपने दायित्व के प्रति हमेशा ईमानदार रहे हैं। इस नए दायित्व का भी वे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए खूंटी विधानसभा क्षेत्र के सभी योग्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को इस स्कीम से जोड़कर प्रधानमंत्री के सपने को पूरी तरह से सफल बनाने का प्रयास करेंगे। काशीनाथ महतो ने परपंरागत कोरोबार से जुड़े कारीगरों से पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ उठायें।

## जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल, लोगों से भी की अपील



**RANCHI :** शहर का पारा गिरते ही ठंड कंपकंपा रही है। ऐसे में अपर बाजार के महावीर चौक स्थित श्री शिव साईं मंदिर के प्रांगण में इस साल भी बढ़ते ठंड को देखते हुए 101 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। समाजसेवी ज्योति शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पूरे ठंड चलेगा। उन्होंने कहा कि रात में घूमकर भी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जाएगा। इस काम में उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम से कम एक कंबल जरूरतमंदों को दें। इससे कंपकंपाती ठंड में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहण करें तो कोई भी ठंड में नहीं रहेगा। समाजसेवी ज्योति शर्मा, मोनू कुमार, अमर शर्मा, संजय चौरसिया, संजय गुप्ता, निर्मल व अन्य मौजूद थे।

## मकर सक्रांति के बाद नये जगन्नाथ मंदिर की रखी जायेगी आधारशिला

**KHUNTI :** तोरपा के बड़ाईक टोली स्थित जगन्नाथ मंदिर का पुनर्निर्माण के संबंध में विचार विमर्श के लिए रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय बड़ाईक ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पुराने जर्जर मंदिर को भव्य और बड़ा मंदिर बनाने के लिए सहयोग राशि के लिए हर घर घूम-घूमकर राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक अलग कोष बनाया जाएगा, जिसमे आसपास से चंदा इक्कठा कर उसी कोष में रखा जाएगा। सोमवार को विशेष पूजा आयोजित कर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम तीनों विग्रहों को किसी सुरक्षित स्थान में रखकर मकरसक्रांति के बाद भव्य मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। मौके पर एमपी सिंह, नीरज जायसवाल, मुकेश सिंह, रामधनी सिंह, ओम केशरी, रोहित साहू, पप्पू पंडित सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# पती ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KODERMA :** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली ऑफिस के समीप रहने वाले रविकांत कुमार उर्फ सोनू सिंह ने शनिवार की देर रात पत्नी ममता देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित रविकांत कुमार उर्फ सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।



हत्या की जांच में जुटी पुलिस। ● फोटोन न्यूज

सूचना पर रविवार की सुबह कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। आसपास के लोगों ने कहा कि रविकांत कुछ महीने पहले वाहन चलाने का काम करता था। वह नशे का आदी था। शनिवार की देर रात शराब पीकर घर लौटने पर पत्नी के साथ कहासुनी के दौरान उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।

इधर, मृतका के पिता सागर सिंह ने थाने में दिये आवेदन में ममता के पति रविकांत सिंह, ससुर दिनेश सिंह, सास गीता देवी और जेठ शशिकांत सिंह पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है।

# कोयला डंपिंग यार्ड स्थानांतरित करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे स्थानीय लोग

**PHOTON NEWS DUMKA :** लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व दुमका रेलवे स्टेशन परिसर से कोल डंपिंग यार्ड की शुरूआत हुई। पाकुड़ से सड़क मार्ग से कोयला दुमका रेलवे स्टेशन के समीप डंप किया जाता है, जहां से गुड्स ट्रेन से उसे देश के अन्य जगहों पर भेजा जाता है। डंपिंग यार्ड चालू होने से रसिकपुर सहित आस पास के लोग काफी परेशान हैं। लेकिन इनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। थक हार कर लोग रविवार को रेलवे स्टेशन परिसर में धरना पर बैठ गए। सघन अधिवास वाले क्षेत्र से कोयला डंपिंग यार्ड हटाने को लेकर रसिकपुर वासियों ने आंदोलन की




धरने पर बैठे स्थानीय लोग। ● फोटोन न्यूज

शुरूआत कर दी है। जब तक यहां से कोयला साइडिंग को नहीं हटाया जाएगा, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा।

धरना पर बैठे रवि शंकर मंडल ने बताया कि कोयला साइडिंग से होने वाले वायु प्रदुषण से रसिकपुर वासी तो प्रभावित हो ही रहे हैं। साथ ही आस पास के दस से बारह गांव भी काफी प्रभावित हैं। चिंता की बात यह है कि अब इसका असर बच्चों और बुजुर्ग महिला और पुरूषों पर भी हो रहा है। बताया कि वायु प्रदुषण की गंभीरता को देखते हुए और एनजीटी के नियमों को दरकिनार करने के लिए कार्यकारी एजेंसी बीजीआर पर दस करोड़ का जुमार्ना भी लगाया गया। बावजूद कंपनी अपनी मनमानी पर अंकुश लगाने के बजाय अनवरत कार्य जारी रखा है।

धरने पर बैठे मनोज सिंह मेलर कहा कि तीन वर्ष पूर्व जब लोगों को जानकारी मिली कि दुमका रेलवे स्टेशन परिसर में कोल डंपिंग यार्ड बनेगा। तभी से लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन विरोध को दर किनार कर डंपिंग यार्ड को चालू कर दिया गया। अब रसिकपुर के महिला पुरुष इस लड़ाई में साथ साथ हैं।

# जामताड़ा में तीन साइबर ठग गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 12 मोबाइल, 18 सिम और एक आईपैड बरामद

**PHOTON NEWS JAMTARA :** जामताड़ा पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के हीरापुर और देवीडीह गांव के साइबर ठगी के अड्डे पर छापेमारी की, जहां दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया। इनके अलावा देवडीह गांव में एक शातिर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल, 18 सिम और एक आईपैड बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों के नाम महफूज अंसारी, खुर्शीद अंसारी और सद्दाम हुसैन बताया गया है।

बताया जाता है कि पकड़े गए साइबर अपराधी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना यूपी समेत अन्य राज्यों में फर्जी जीवन बीमा अधिकारी, फर्जी बैंक अधिकारी और बिजली विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को चूना लगाते थे। क्रेडिट कार्ड बंद होने, बिजली बिल बंद होने के नाम पर, लाइन कटने का फर्जी मैसेज देकर और जीवन बीमा की बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर बैंक स्टेटमेंट से जुड़ी जानकारी हासिल कर वे साइबर ठगी करते थे।

इस संबंध में जामताड़ा साइबर थाना के डीएसपी मजरुल होदा ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी आंध्र प्रदेश, यूपी, तेलंगाना और अन्य राज्यों में क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड बंद होने, बिजली बिल ऑनलाइन जमा करने आदि का फर्जी मैसेज देकर और लाइफ इंश्योरेंस बेचने के नाम पर साइबर ठगी करते थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि अब तक उन्होंने कितनी ठगी की है इसकी जांच की जा रही है। दूसरे राज्यों की पुलिस से भी संपर्क कर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

# जलप्रपात में डूबने से सैलानी की मौत

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पाड़िपुड़िंग जल प्रपात में रविवार को डूबने से संतोष कुमार मेहता(40) सैलानी की मौत हो गई। संतोष मेहता रांची स्थित अध्ययन केंद्र नाम कोचिंग संस्थान के संचालक थे। संतोष मेहता रविवार को अपने कोंचिंग सेंटर के 40 छात्र-छात्राओं के साथ पाड़िपुड़िंग जलप्रपात पिकनिक आये थे। नहाने के दौरान वह जलप्रपात में डूब गये और वहीं उनकी मौत हो गई।

अब तक पाड़िपुड़िंग जल प्रपात में डूबने से चार सैलानियों की मौत हो चुकी। घटना की जानकारी मिलते ही तपकारा के पुलिस अवर निरीक्षक बलराम कुमारऔर अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

संतोष मेहता के साथ पिकनिक मनाने आये छात्राओं और शिक्षकों ने बताया कि वे सभी बस से पिकनिक मनाने आये थे। जलप्रपात में जिस समय संतोष मेहता डूबे, उस समय उनकी सांसें चल रही थीं। यदि वहां कोई मोटरसाइकिल या कोई अन्य छोटा वाहन मिल जाता और समय से संतोष को अस्पताल पहुंचाया दिया गया होता, तो शायद उनकी जान बच जाती, पर न तो किसी ने बाइक दी और न ही वहां के पर्यटन मित्रों ने उनकी कोई सहायता की।

# रेलवे ट्रैक के नाले से मिला छात्रा का शव, हत्या की आशंका



नाले से निकाला गया छात्रा का शव। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** दुमका जिले के हंसडीहा गोड्डा रेलखंड पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के गंगवारा हॉल्ट के समीप रेलवे ट्रैक के नाले से रविवार देर शाम पुलिस को छात्रा का शव मिला। उसकी पहचान इसी थाना क्षेत्र के मड़गामा गांव निवासी सुफाली हेमब्रम के रूप में हुई है। वह दुमका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती थी।

घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजेश पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर थाना ले आए। शव के पास से ही पुलिस ने एक बैग, एक टूटा मोबाइल फोन और चप्पल बरामद किया है। युवती के शरीर पर किसी भी तरह के जख्म के निशान नहीं देखा गया। ग्रामीणों के अनुसार यदि युवती ट्रेन से गिरी होती तो उसके शरीर में जख्म के निशान जरूर होते। पुलिस को युवती के परिजनों के लिखित आवेदन का इंतजार है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, एक गंभीर

**GIRIDIH :** गावां बाई पास रोड स्थित 7 कलर्स रेस्टोरेंट के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो बाइक सवार को बाइक सहित करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। टक्कर की आवाज सुनकर लोग दौड़कर रोड पर आए और बोलेरो को किसी तरह पीछे करवाया और घायल को बाहर निकाला। बाइक सवार की पहचान गावां थाना क्षेत्र के चिहुंटिया निवासी सीतो महथा के 25 वर्षीय पुत्र गणेश चौधरी के रूप में हुई है। गणेश बाइक से गावां से अपने घर चिहुंटिया जा रहा था, जबकि बोलेरो बिरनी की ओर से गिरिडीह की ओर जा रही थी। अचानक गावां बाईपास रोड स्थित 7 कलर्स रेस्टोरेंट के पास बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक चालक बाइक के साथ घसीटते हुए 100 मीटर तक चला गया। आनन-फानन में लोगों ने बाइक सवार को 108 एम्बुलेंस के जरिये गावां अस्पताल पहुंचाया, जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया है।

# सुदेश महतो ने लोहरदगा में किशोर भगत की प्रतिमा का किया अनावरण

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के भूतपूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला आजसू कार्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मैंने कमल किशोर भगत की प्रतिमा को लोहरदगा की हृदय स्थली में स्थापित कर दी है। अब पार्टी के सभी कार्यकर्ता और समर्थकों का यह दायित्व है कि कमल किशोर के विचारों को जन-जन के हृदय में स्थापित करें।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कई पार्टियों के बड़े-बड़े नेता आंदोलन के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते रहे और आंदोलन को बेचते रहे लेकिन रांची जैसे शहर



कार्यक्रम को संबोधित करते सुदेश महतो। ● फोटोन न्यूज

में आंदोलन को जमीन पर उतरते हुए अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन का ईमानदारी के साथ यदि किसी ने बीजारोपण किया तो उसका नाम कमल किशोर भगत है। सच्चे अर्थों में वे आंदोलनजीवी पुरुष थे। आजसू पार्टी और झारखंड को सही दिशा देते हुए उन्होंने अपना प्राण न्योछावर कर दिया

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि कमल किशोर भगत सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। क्षेत्र की जनता के साथ उनके परिवार का सदस्य बनकर रहना उनका दिनचर्या था। वह अपना समय गांव में ही बिताया करते थे और राजनीतिक तामझाम को कभी उन्होंने आत्मसात नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वास्तव में नेता वही होता है जो मरने के बाद भी लोगों के हृदय में जीवित रहता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वर्गीय कमल किशोर भगत हैं। आज भी आप क्षेत्र में जहां भी जाएं उनके द्वारा किए गए विकास के कार्यों और उनके सद् व्यवहारों का बखान करते लोग नहीं थकते। वह सही मायने में जनप्रिय नेता थे।

कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कमल किशोर भगत के दादा स्वतंत्रता सेनानी, पिता शिक्षाविद और कमल किशोर भगत लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बनकर जनता की सेवा करते हुए अपने आप को न्योछावर कर दिए। इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डाले कैदी: मनोरंजन कुमार

**PHOTON NEWS KHUNTI :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के सौजन्य से रविवार को उपकार खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बहुत तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वाद का जल्द से जल्द निपटारा करायें। उन्होंने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामले के बारे में जानकारी रखने का हक है। आपको निःशुल्क देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़े। आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने अंदर छिपी प्रतिभा को जगाएं और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने-पढ़ने की आदत डालें। इसमें डालसा आपकी मदद करेगा।

उन्होंने अनिवार्य बेल के बारे में भी बंदियों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय पर चर्चा की। कार्यक्रम में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, कारा अधीक्षक, डालसा के पीएलवी और उपकारा के बंदी उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन, अर्जुन मुंडा ने कहा-

# वह दिन दूर नहीं जब सपने बनेंगे हकीकत

**PHOTON NEWS KHARSAWAN :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को खरसावां जिला के बिटापुर पंचायत और चिल्कु पंचायत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता वाहन से मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नये वर्ष 2024 के कैलेंडर और अन्य जागरूकता सामग्री का वितरण किया। मंत्री ने स्थल पर लगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी ली।

बिटापुर और चिलकु पंचायत में अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। मंत्री ने अपने भाषण के दौरान उल्लेख किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी मदद करेगी, जिससे देश वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बन सके और उन्होंने स्थानीय निवासियों से इस अभियान को सफल करने के लिए संकल्प लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार राष्ट्र तेजी से प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब सपने हकीकत बन जायेंगे।

मंत्री ने बिटापुर पंचायत एवं चिल्कु पंचायत में स्वयं सहायता समूहों, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टॉलों का दौरा किया। कार्यक्रम के समापन के बाद मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभुकों को निःशुल्क गैस सिलेंडर का वितरण किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत पूरे देश में मुख्यतः आम जनों के लिए स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्ज्वला, आधार कार्ड अपडेट, पीएम स्वनिधि से संबंधित शिविर लगाया जा रहा है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची बना ओवर ऑल चौंपियन

# बेस्ट मेल एथलीट रामचंद्र व बेस्ट फीमेल एथलीट बनीं ममता

**PHOTON NEWS KHUNTI :** बिरसा कॉलेज खूंटी में रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची ओवरऑल चौंपियन बना। प्रतियोगिता में बेस्ट मेल और बेस्ट फीमेल एथलीट का खिताब राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची के रामचंद्र सांगा और ममता कुमारी को मिला।



अंतिम दिन रविवार को पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्रदीप कुमार को प्रथम, केओ कॉलेज गुमला के आशीष कुजूर को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा के दिनेश तूरी को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में केओ कॉलेज गुमला की चंद्रमणि उरांव को प्रथम, बिरसा कॉलेज खूंटी की हीरा सांगा को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा की सुराखी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 4400 रिले दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज को प्रथम, केओ कॉलेज गुमला को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा को तृतीय स्थान मिला। पुरुष वर्ग की 4400 पुरुष रिले दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज प्रथम, केओ कॉलेज गुमला द्वितीय एवं राम लखन सिंह यादव कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे।

ट्रिपल जंप पुरुष में प्रथम एवं द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज के विशाल कुमार व बिराज तिग्गा को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर राम लखन सिंह यादव कॉलेज के आशीष कुमार महतो रहे। ट्रिपल जंप महिला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्रेमलता केरकेट्टा एवं नीलम कुमारी को मिला। तृतीय स्थान संत जेवियर्य कॉलेज की प्रिया टेटे को मिला।

पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज के अंशु कुमार सिंह को प्रथम, आरएलएसवाई कॉलेज के मुकेश कुमार को द्वितीय और संत जेवियर्य कॉलेज के इपिल एंजेल हेमब्रॉम को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आकांक्षा कुमारी को प्रथम, बिरसा कॉलेज की अलका टोपनो को द्वितीय और योगदा सत्संग कॉलेज की अंजली कुमारी को तृतीय स्थान मिला। डिस्कस थ्रो पुरुष में एसएस मेमोरियल कॉलेज के संजू खलको को प्रथम स्थान। संत जेवियर्य कॉलेज के सन्नी कुमार चौहान को द्वितीय और केओ कॉलेज गुमला के उपेंद्र टोप्पो को तृतीय स्थान मिला।

डिस्कस थ्रो महिला में एसएस मेमोरियल कॉलेज की सुनैना उरांव को प्रथम, बीएस कॉलेज लोहरदगा की नीमा कुमारी को द्वितीय और संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज की राधिका कुमारी को तृतीय स्थान मिला। लॉन्ग जंप में प्रथम वह द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज के संजीव खलको एवं सूरज पासवान और तृतीय स्थान केओ कॉलेज गुमला के साहिल खान को मिला। लॉन्ग जंप महिला में प्रथम व द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्रेमलता केरकेट्टा व हुस्न आरा प्रवीण तथा तृतीय स्थान बिरसा कॉलेज के अलका टोपनो को मिला। प्रतियोगिता के समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा रांची विश्वविद्यालय के डीएसडबल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआरपीएफ 94 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट संतोष कुमार उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न प्रतिस्पधाओं में शामिल बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# अंतर जिला रग्बी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में खूंटी बना विजेता

**PHOTON NEWS KHUNTI :** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा लोयोला उच्च विद्यालय खूंटी में रविवार को आयोजित एकदिवसीय अंतर जिला अंडर 14 रग्बी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में खूंटी जिला विजेता बना। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला मेजबान खूंटी और पश्चिम सिंहभूम जिले के बीच हुअया, जिसमें खूंटी की टीम ने 5-0 के अंतर से मैच जीत लिया।




प्रतियोगिता में शामिल दोनों वर्गों के खिलाड़ी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला भी मेजबान खूंटी और पश्चिम सिंहभूम जिला की टीम के बीच हुआ, जिसमें की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम को 20 - 0 से रौंद दिया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 11 तथा बालिका वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों का सामूहिक मार्च पास्ट बैंड की धुन पर हुआ। मौके पर अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि खूंटी में रग्बी के इतने खिलाड़ियों का एक साथ टूनामेंट होना गौरव की बात है।

खेलों में खूंटी का गौरवशाली इतिहास रहा है। आप सभी खिलाड़ी सब जूनियर से जूनियर और सीनियर खेलते हुए राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचें, यही हम सबों की कामना है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस दिशा में कुछ कठिनाइयां आएंगी, तो समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर एशियन रग्बी में भारतीय टीम के अंडर 18 के खिलाड़ी डेविड मुंडा को भी उन्होंने सम्मानित किया।

# अवैध संबंध से नाराज पत्नी ने रची थी संजय पाहन की हत्या की साजिश, आठ गिरफ्तार

## डोरंडा के शूटर आशीष नेपाली को पाहन की पत्नी और साले ने साढ़े चार लाख रुपये की दी थी सुपारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में बीते 30 नवंबर को संजय पाहन की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। संजय पाहन का दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसे लेकर उसकी पत्नी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर संजय की हत्या की साजिश रची थी। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हुए संजय पाहन की पत्नी, साला समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में आशीष नेपाली उर्फ आशीष, मानवेल खलखो, सूरज कुमार ठाकुर, अजहर अंसारी, धनेश्वर भगत दाउद एक्का, मृतक की पत्नी सालो देवी और साला कमरु नाग शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, हत्या में प्रयुक्त मोबाइल, 15 सिम कार्ड, एक ऑटो और हथौड़ी बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि संजय पाहन की हत्या उसकी पत्नी सालो देवी ने अपने भाई (साला) कमरु नाग के साथ मिलकर करायी थी। इसके लिए दोनों ने साढ़े चार लाख रुपये की सुपारी दी थी। इस हत्याकांड को अवैध संबंध के वजह से अंजाम दिया गया था।

- एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, हत्या में प्रयुक्त मोबाइल, 15 सिम कार्ड, एक ऑटो और हथौड़ी बरामद
- संजय पाहन की हथोड़ा से जख्मी कर व गोली मारकर कर दी गई थी हत्या
- एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, हत्या में प्रयुक्त मोबाइल, 15 सिम कार्ड, एक ऑटो और हथौड़ी बरामद



प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा व अन्य।

**अधिकतम समय दूसरी महिला के साथ बिताता था ज्यादा समय**

एसएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि विगत एक-डेढ़ वर्ष से संजय पाहन अपनी पत्नी से अलग किसी दूसरी महिला के संपर्क में थे और अधिकतम समय दूसरी महिला के साथ ही व्यतीत करने थे। अपनी पत्नी और चार बेटी और एक बेटा पर ध्यान नहीं दे रहे थे। इसके कारण उनकी अपनी पत्नी सालो देवी से अक्सर विवाद होते रहता था। घर परिवार छोड़कर अधिकतम समय दूसरी महिला के साथ व्यतीत करते थे। साथ ही देर रात तक शराब के नशे में घर लौटते थे।

**बच्चों और पत्नी के साथ करता था मारपीट**

पत्नी और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट के कारण पत्नी सालो देवी इस हद तक ऊब चुकी थी कि उन्होंने अपनी पूरी आपबीती अपने भाई कमरू और गांव के चाचा मानवेल उर्फ छोटू को बताई। किसी तरह अपने पति संजय पाहन को रास्ते से हटाने के लिए दबाव देने लगी। तब सालो देवी के भाई कमरू नाग और मानवेल उर्फ छोटु ने डोरंडा के आशीष नेपाली से संपर्क कर संजय पाहन की हत्या की सुपारी दे दी। आशीष नेपाली ने अपने सहयोगी सूरज कुमार, सूरज ठाकुर, धनेश्वर भगत उर्फ भगत जी, दाउद एक्का उर्फ बच्चा और मृतक की पत्नी सालो देवी के साथ सुनियोजित ढंग से संजय पाहन की हथोड़ा से जख्मी कर एवं गोली मारकर हत्या उनके घर के परिसर में ही कर दी थी। पकड़ाये आशीष नेपाली, सूरज कुमार एवं धनेश्वर भगत का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। ये लोग आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती, उग्रवादी जैसी घटना में संलिप्त रहे हैं। धनेश्वर भगत पीएलएफआई का कमांडर प्रकाश उरांव के दस्ता का सक्रिय सदस्य रहा है और पूर्व में पालकोट, गुमला से जेल जा चुका है।

## डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधी हथियार के साथ धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी धुर्वा थाना क्षेत्र रिंगरोड में स्थित जग्गू ढाबा से हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में जुनेद अंसारी, मोहम्मद शाहिद, लालू महतो, मो सलीम और आजाद अंसारी शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक जिन्दा गोली, दो बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किया है।

**रिंग रोड में होटल में बैठकर बना रहे थे योजना**

सभी अपराधी रिंग रोड में होटल में बैठकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पकड़े गए लालू महतो और मो। शाहिद होटल में ही हथियार लहरा रहे थे। इसकी सूचना हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को मिली। इसके बाद धुर्वा थाना,तुपुदाना थाना और पुंदाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में उक्त होटल की घेराबंदी की गई। पुलिस ने पांचों को पकड़ा तो उनके पास से हथियार व कारतूस मिले। सभी से पुलिस धुर्वा थाना में पूछताछ कर रही है कि वे क्या करने वाले थे। पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि उनमें से दो जमीन दलाली का काम करते है। वहीं पुलिस पूछताछ में तीन लोगों ने बताया कि वो ढाबे में खाना खाने पहुंचे थे।

### BRIEF NEWS

#### रांची में किताब उत्सव आज से, 24 तक चलेगा

**RANCHI :** रांची शहर के डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में 18 से 24 दिसम्बर तक किताब उत्सव मनाया जाएगा। किताब उत्सव के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभिन्न सत्रों में आदिवासी भाषा साहित्य और संस्कृति पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सामाजिक महत्व के विषयों पर परिचर्चा, लेखक सम्मेलन, रचना पाठ और नई किताबों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही नई किताबों के लोकार्पण होंगी। छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में झारखंड के अलावा देश भर के कई साहित्यकार हिस्सा लेंगे।

#### 804 पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए 1.72 करोड़ स्वीकृत

**RANCHI :** झारखंड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत राशि मंजूर की गई है, जिन्होंने इलाज के लिए पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था। पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों और उनके निकट परिजनों को चिकित्सा के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि दस हजार रुपये से लेकर तीन लाख तक निर्धारित की गई है। 804 पुलिसकर्मियों के आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.72 करोड़ रुपये की रकम आवंटित की गई है। इस संबंध में डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (बजट) ने संबंधित जिलों के एसपी के साथ पुलिस के विभिन्न विंगों से राशि मुक्त करने का निर्देश दिया है, जहां वर्तमान लाभुक पुलिसकर्मी तैनात हैं। युवराज की मौत पर स्कूल प्रबंधन के रवैये को देखते हुए ही परिजनों ने डीजीपी से निष्पक्ष जांच की मां की है। वहीं मृतक के भाई विवेकानंद कुमार के अनुसार, उसने भी संत जॉन्स स्कूल के हॉस्टल में ही रहकर ही मैट्रिक तक की पढ़ाई की थी। हॉस्टल परिसर स्थित जिस कुएं में कूदकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है, वह लोहे की मोटी जाली से ढंकी रहती है। कहा कि दुगार्पूजा के बाद ही भाई को घर से लाकर हॉस्टल में छोड़ा गया था। वहीं मामले की जांच कर रही मांडर पुलिस ने भी हॉस्टल के कुएं की लोहे की जाली से ढंके होने की पुष्टि की है।

#### छात्र की संदिग्ध मौत पर डीजीपी से जांच की मांग

**RANCHI :** मांडर थाना क्षेत्र के नवाटांड़ स्थित संत जॉन्स हाईस्कूल के हॉस्टल में छात्र, युवराज पासवान की संदिग्ध मौत हो गयी। युवराज की मौत 19 नवंबर की शाम हुई थी। इस मामले में परिजनों ने डीजीपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। बता दें कि युवराज चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीकेवाल का रहने वाला था। वह आठवीं का छात्र था। छात्र की मौत पर स्कूल प्रबंधन ने कहा था कि युवराज ने हॉस्टल परिसर स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या की है। जबकि परिजनों का आरोप है कि युवराज पासवान की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

#### नामकुम में भाजपा का मिलन कार्यक्रम आयोजित

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में शपथ ग्रहण करते हुए कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सबका साथ-सबका विकास को समर्पित रहेगी। बाबूलाल रविवार को रांची ग्रामीण जिलांतर्गत नामकुम में आयोजित भाजपा मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कमेर्ला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों से मोदी सरकार अपने वादों पर खरा उतर रही है। इसलिए जनता का विश्वास मोदी सरकार पर बढ़ रहा है।


atomy
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


### "अलविदा लाल सलाम" उपन्यास का हुआ लोकार्पण

## लेखन का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए : बाबूलाल मरांडी


"अलविदा लाल सलाम" का लोकार्पण करते पूर्व सीएम बाबूलाल व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची सिटिजन फोरम के तत्वावधान में रविवार को रांची प्रेस क्लब में लेखिका रेणुका तिवारी के उपन्यास "अलविदा लाल सलाम" का लोकार्पण हुआ। उपन्यास का लोकार्पण मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी, व अरुण सिंह ने किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नक्सलवाद देश की एक प्रमुख समस्या है और इसे दूर करने के लिए प्रशासनिक प्रयास के साथ-साथ ऐसे साहित्य प्रयास के लिए मैं लेखिका रेणुका तिवारी को बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि लेखन का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं वरन राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए। रांची सिटिजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने कहा कि झारखंड में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण बहुत जगहों पर विकास प्रभावित हो रहा है। इस उपन्यास में इस समस्या के हल की बात कही गयी है जो निश्चय ही राष्ट्र और साहित्य को एक नयी दिशा प्रदान करेगा। उपन्यास को देश के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान सामायिक प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।

## पहाड़ी मंदिर दानपेटी से निकला ₹3.36 लाख

**RANCHI :** रविवार को पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से मुख्य बाबा मंदिर की मुख्य दान पेटियों को खोला गया, जिसमें तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ नकद साथ ही कुछ खराब नोट भी मिले। इसे आरबीआइ से बात कर के एक्सचेंज किया जाएगा। सभी सदस्यों की उपस्थिति में गिनती की गई। इन सारी प्रक्रिया में समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा एवं सदस्य राजेश साहू, बादल सिंह और भक्तों में राजेंद्र सिंह, दीपक नन्दा, राहुल व्यास, राजकुमार तलेजा, मंदिर के कर्मचारी, सुखदेवनगर थाना के एएसआई अजेंद्र कुमार सिंह और हवलदार संजय राम उपस्थित थे। कुछ दिनों बाद बाकी दान पेटियों को भी खोला जाएगा।

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड-छत्तीसगढ़ के प्रभारी बने विजय शंकर

**PHOTON NEWS RANCHI :** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने रविवार को झारखंड के दलित, आदिवासी, मूलवासी पिछड़ा वर्ग के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले विजय शंकर नायक को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड, छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। जिसका मनोनयन पत्र रविवार को उन्हें दे दिया गया है। विजय शंकर नायक के संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड, छत्तीसगढ़ प्रभारी बनाए जाने पर झारखंडी समाज खासकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा अल्पसंख्यक मूलवासी समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सबरीना श्वेता टोप्पो, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नील आगस्टीन बेक, प्रदेश महासचिव परवीन एक्का, विनय कुमार दुबे, अजय नाग, शफीक अंसारी, परवीन कुमार, इजराहुल हक, मंटू राम, दीपक पासवान, अशोक रवि, महानंद महतो, बैजनाथ महतो, रॉबिन मुंडा, कुंदन कुमार सिन्हा, सुनील कुमार मालाकार, उपेंद्र कुमार, अजीत कुमार, छोटू, भरत गोशाई, इकबाल अंसारी, विक्की नायक, सिद्धार्थ नायक, अनजय नायक अशोक राम, मुख्य रूप से शामिल हैं। सभी ने उम्मीद जतायी है कि नायक गरीब, पिछड़ों और दलितों के लिए पहले की तरह ही संघर्षरत रहेंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।


विजय शंकर नायक।

## झारखंड के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में 51 एएसआई प्रोन्नति योग्य पाये गये जबकि 20 एएसआई प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाये गये। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति पाने वाली लिस्ट में गुप्तेश्वर सिंह, सुरेंद्र दास, दिलीप सिंह, चंद्रभूषण प्रताप सिंह, शिवजी सिंह, अखिलेश कुंवर सत्येंद्र नारायण सिंह,आनंद भूषण सिंह, अरविंद सिंह, मिनेश यादव, नवल किशोर सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह , शैलेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, अनिल सिंह , योगेंद्र शर्मा, संजय यादव, रेमेंत पान, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश, ममता कुमारी, साहेब कुंवर, राम प्रवेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राधाकृष्ण सिंह, अशोक पासवान, हरिनारायण सिंह, बोधी साव, करुण कुमार राय, कृष्ण देव प्रसाद, निरंजन सिंह, नागेश्वर मेहता, ललन सिंह, विरेंद्र गुप्ता, हरिनंदन मिश्रा, सुधीर कुमार ठाकुर, राजनाथ यादव, राम बदन सिंह, चमारी यादव, जावेद आलम खां, आशीष कुमार, राम प्रसाद पासवान, विजय कुमार, आशीष पासवान, मांझी मुर्मू, धारो उरांव, जय किशोर सिंह,अश्विनी झा, राम जनम प्रसाद, मुद्रिका प्रसाद, अर्जुन यादव और मनोहर पासवान शामिल हैं।

## इस्लामनगर के सूचीबद्ध विस्थापितों को दिलायेंगे घर : शमशेर आलम

**RANCHI :** मदरसा नूरूल इस्लाम, इस्लाम नगर, पत्थल कुदवा में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम को प्रबंधन कमेटी, मदरसा नूरूल इस्लाम और हमदर्द कमेटी की ओर से 2011 की घटना से संबंधित मांग पत्र उन्हें सौंपा गया। उन्होंने इस्लाम नगरवासियों को आश्वासन दिया कि इस्लाम नगर स्थित मदरसा नूरूल इस्लाम की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। जल्द ही उपलब्ध जमीन में मदरसा सह स्कूल के निर्माण के लिए अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस्लाम नगर विस्थापितों के जिन परिवारों को सूची बद्ध होने के बाद भी घर नहीं मिला।

## जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न से सम्मानित होंगे धोनी

**PHOTON NEWS RANCHI :** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुडे. खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। मोरहाबादी स्थित होटल में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गयी, जिन्हें मरांग गोमंके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर सम्मानित किया जायेगा। रितेश उरांव ने पत्रकारों को बताया कि इस वर्ष महेंद्र सिंह धोनी सहित झारखंड के कई दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।



मोरहाबादी स्थित होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते अधिकारी।

**इन्हें जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार**

रूपा रानी तिर्की, गुरु चरण बेसरा, निशांत तिर्की, शशांक महतो, आकाश उरांव, गीता कुमारी, विशाल बहादुर, विशाज कुमार, लवली चौबे, अनु सेठ, निशिमा कुमारी, आदित्य कुमार, अंकिता भगत, दिव्यम मंडल, नोवल टोप्पनो, जोसफ टोप्पनो, रानी मुन्नी, लवली कुमारी, दीप्ति कुल्लु, अलबेला रानी, ममता कुमारी, सिमरन कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, ललिता बोपयी, अंजु टुडु।

**इन्हें गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार**

मधुकांत पाठक, जयदीप सरकार, बीएस राव, पूर्णिमा महतो, रिजवान अली, गणेश भारती, चंचल भट्टाचार्य, बीना केरकेट्टा और प्रतिमा बरवा। भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार प्रतीक सिंह आदि को दिया जायेगा।

**इन्हें मिलेगा जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023**

महेंद्र सिंह धोनी, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, अंकित टोप्पो, सपना कुमारी, फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला, श्रीकांत साहू, छोटी कुमारी, सुनील बहादुर, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार, मोहम्मद वसीम, कोमलिका बारी, विकास बारा, शिवानी टोप्पो, अश्वनी कुमारी, अमिशा केरकेट्टा, नारायण महतो, चंचला कुमारी, अमिशा उरांव।

**इन्हें गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार**

हरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रवेश्वर साहू, दीपक गोप, आंनद गोप, मनोज प्रसाद, एडम होरो, ज्योति साहू, अनवर खान, आशु भाटिया और संजीव कुमार।

### कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 'वतन को जानें' के तहत जम्मू-कश्मीर से आए युवाओं से संवाद

## भाषा-संस्कृति में विविधता के बावजूद हम एक रहेंगे : राज्यपाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा देश वैश्विक मंच पर विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच भाषा और संस्कृति में विविधता के बावजूद हम सभी एक हैं और एक रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एक-दूसरे को जानने और समझने को बढ़ावा देता है और आपसी एकता की भावना को सशक्त करता है। राज्यपाल रविवार को राजभवन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 'वतन को जानें' के तहत जम्मू और कश्मीर से आए युवाओं से संवाद स्थापित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा-संस्कृति को जानना-समझना चाहिए तथा दूसरों की भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। साथ ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का स्मरण करते हुए कहा कि 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। हम जिएंगे तो इसके लिए, मरेंगे तो इसके लिए।' राज्यपाल ने कहा कि जम्मू और कश्मीर अपनी समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। हिमालय की गोद में स्थित 'पृथ्वी का स्वर्ग' के रूप में जाना जाने वाला यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह फिल्म शूटिंग के लिए दुनिया में सबसे अच्छे स्थलों में से एक माना जाता है। प्राकृतिक सौंदर्यता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री के जरिये जम्मू और कश्मीर में विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल हुए हैं। जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटाने का अहम निर्णय लिया गया।


कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राज्यपाल, सांसद संजय सेठ व अन्य।

**तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन**

**RANCHI :** सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शुभारंभ सोमवार से होगा। महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपराह्न तीन बजे करेंगे। महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार है। मुख्य मंच को ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रारूप दिया गया है। गूंज परिवार के संरक्षक तथा सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो सभी तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। उनका कहना है कि सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक इस महोत्सव ने क्षेत्र में विकास को गतिमान किया है।

## राज्य में नवजात शिशुओं के लिए जल्द उपलब्ध होगा मां का दूध

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के चार जिलों में नवजातों के लिए मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल बैंक बन रहे हैं, जो नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होंगे। कई बार नवजात मां के दूध से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे शिशुओं की माताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब उन्हें बैंक से ही मां का दूध मिल जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य योजना के तहत राज्य के बोकारो, दुमका, हजारीबाग एवं रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक यानी ह्यूमन मिल्क बैंक बनाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है। डॉक्टरों के मुताबिक कई माताओं को प्रसव के बाद दूध नहीं होता। इसलिए उनका नवजात स्तनपान से वंचित हो जाता है। कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनकी माता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं। ऐसे शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग चार शहरों में मानव दूध बैंक बनाने जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इसकी स्थापना पर सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। इसके लिए दो तिहाई राशि केंद्र एवं एक चौथाई राज्य बजट से खर्च होग। इसके लिए चयनित एजेंसी दूध दान करने वालों के बीच जागरुकता अभियान भी चलाएगी। इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्येक 100 प्रसूता माता में से तीन चार के साथ ऐसी समस्या आती है।

BRIEF NEWS

## निलांचल होटल के मालिक प्रणब कुमार स्वाई की मौत



ROURKELA : निलांचल होटल के मालिक प्रणब कुमार स्वाई (लकी) की शनिवार की रात राउरकेला हाईटेक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। डायरिया के कारण उन्हें शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने से उनके मौत हो गयी ।रात को ही प्रणब को अपनी गांव ले गया। रविबार को उनका गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

## नुआ ओ जुबा ओडिशा-नवीन ओडिशा के तहत महिला कबड्डी टूर्नामेंट शुरू



ROURKELA : नुआ ओ जुबा ओडिशा-नवीन ओडिशा' पहल के तहत, रविवार को राउरकेला म्यूनिसिपल कॉलेज परिसर में एक महिला कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। पहले मैच में आरएसपी कबड्डी गर्ल्स कल्याणी बीस्ट से हार गई, जबकि दूसरे मैच में कबड्डी जिएंट्स विजयी रही। इसी तरह चौथे मैच में एएनके डीएवी कलिंगा स्पोर्ट्स फेडरेशन से हार गई, जबकि इस्पात कॉलेज ईगल्स ने जय कबड्डी को हराया। राउरकेला में पहली बार सभी मैच आरएससीएल द्वारा निर्मित सिंथेटिक टर्फ पर खेले गए। राज्य सरकार की 'नुआ ओ जुबा ओडिशा-नवीन ओडिशा' पहल के तहत राउरकेला नगर निगम स्तरीय खेल महोत्सव में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में फरसाटोला हॉकी ने राइजिंग स्टूडेंट्स को 6-2 से हराया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से दो व्यक्ति घायल

JAMSHEDPUR : बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 49 में माटिहाना फ्लाईअवर पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक बाइक में सवार घाटशिला प्रखंड के मुड़ाकाटि गांव निवासी बीरबल किस्कू (30), बाबूराम हंसदा (28) बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। जहां दोनों अभी चिकित्साधीन है तथा खतरे से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार यह दोनों जो घाटशिला से अपने बहनोई घर नेंढरा गम्हरिया आए हुए थे। लौटते वक्त ये दुर्घटना का शिकार हो गए।

## मजदूर की हत्या कर शव को जंगल में फेंका, जांच में जुटी पुलिस

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत हरमाडीह निवासी 45 वर्षीय निरोध महतो का शव उसके घर से 200 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में मिला। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 4.22 करोड़ की लागत से होगा सड़क का निर्माण, ग्रामीणों में हर्ष

### विधायक ने पंपड़ा-तिरिलबुटा सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

PHOTON NEWS CHAIBASA : सदर प्रखंड अंतर्गत पंपड़ा चौक से तिरिलबुटा तक करीब पांच किलोमीटर सड़क राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य होगा। इससे ग्रामीणों में काफी हर्ष है। रविवार को विधायक दीपक बिरुवा ने इसका भूमिपूजन के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने भी सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार जताया। विधायक जी ने ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर कर करीब 4 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा।



सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर मौजूद ग्रामीणों से कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार विकास कार्यों में काफी गंभीर है। क्षेत्र में विकास कार्य में किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं, हो इसलिए जगह-जगह पुल पुलिया, सड़क आदि का निर्माण करा रही है। यदि किसी तरह की कोई समस्या हो तो हमसे सीधे संपर्क करें। सामूहिकता कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं विधायक जी ने वहां मौजूद संवेदक से कहा कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो। निर्माण कार्य में अनियमितता नहीं बरती जाए। ससमय सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। मौके पर ग्रामीण मुंडा लक्ष्मी नारायण देवगम, भारत भूषण देवगम, झामुमो पंचायत अध्यक्ष बागुन सावैया, पूर्ण चंद्र गोप, जगदीश चंद्र गोप, सुभाष चंद्र भांज, बल्लू दास, नारायण देवगम, मैकलिन देवगम, मिस्टर देवगम, अविनाश देवगम, पिंटू देवगम, प्रदीप होनहागा, मानकी होनहागा, विजेंद्र देवगम समेत अन्य उपस्थित थे।

### संत जेवियर स्कूल परिसर में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

# ईसा मसीह ने जीवन में प्रेम, शांति और करुणा का दिया संदेश : अतिथि

PHOTON NEWS CHAIBASA : संत जेवियर स्कूल परिसर में रविवार को रोमन कैथोलिक ईसाइयों ने क्रिसमस मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया। मौके पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो और जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इकुड डुंगडुंग, पुलिस इंस्पेक्टर किशोर तामसोय बतौर अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे-बच्चियों एवं जेवियर पल्ली के विभिन्न यूनिटों के युवाओं ने मनभावन गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ईसा मसीह के जन्म से संबंधित आकर्षक झांकियां पेश किया गया।

मौके पर अतिथिद्वय दिलीप खलखो एवं इकुड डुंगडुंग ने अपने संबोधन में कहा कि ईसा मसीह मानव जीवन में प्रेम, शांति और करुणा का संदेश दिया है। इसलिए ईसा के जन्म दिन पर हम विशेष रूप से अपने जीवन में आपसी प्रेम, शांति और करुणा को युगों- युगों तक आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है,इसे आपसी प्रेम से सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। लिहाजा ईसा के संदेश को आत्मसात कर अपने परिवार एवं जन-जन को सुखद जीवन का एहसास कराएं। मौके पर पल्ली पुरोहित निकोलस केर-केट्टा, फादर अगस्टिन कुल्लू, फादर यूजिन एक्का समेत सिस्टर्स, ब्रदर्स एवं काफी संख्या में ईसाई परिवार के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे।



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

# कड़ाके की ठंड के बीच राहगीरी 2.0 में युवाओं ने खूब बहाया पसीना

PHOTON NEWS CHAIBASA : लायंस क्लब चाईबासा एवं लायंस क्लब चाईबासा लावण्या के संयुक्त तत्वधान एवं एसआर रूंगटा ग्रुप द्वारा प्रायोजित वार्षिक रोड शो कार्यक्रम राहगीरी 2.0 का आयोजन रविवार को कोर्ट रोड पर किया गया। जिसमें शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ-साथ बच्चे एवं आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सुबह की कड़ाके की ठण्ड भी लोगों के जोश को कम नहीं कर पाई । इस राहगीरी में विभिन्न कार्यक्रम एवं खेलकूद मुख्यतः रोल बॉल, गली क्रिकेट, योगा, बास्केट बॉल, आर्चरी, जिम, लूडो, चैस, पॉटरी, डांस, बैडमिंटन आदि का आयोजन किया गया, इसमें बच्चे के साथ-साथ ही सभी उम्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। साथ ही आए आए लोगों के मुक्त स्वास्थ जांच की व्यवस्था की गई थी लोगों के खाने पीने के कई सारे स्टॉल की व्यवस्था थी जिसमें कचोरी जलेबी केक पेस्ट्री चाय कॉफी आदि उपलब्ध थे। जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खालको,सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति मुकुंद रुंगटा मुख्य रूप से उपस्थित होकर लोगो के उत्साहवर्धन करते नजर आये। इन सब के बीच बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकारी और स्केटिंग की जबरदस्त नुमाइश की गई ।





कार्यक्रम में शामिल युवक-युवतियां। ● फोटोन न्यूज

# राउरकेला में डायरिया का आतंक, अब तक सात की मौत, श्रम मंत्री ने आरजीएच का किया दौरा

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला डायरिया बेकाबू हो गया है। डायरिया से मरने वालों की संख्या 7 हो गयी है। शनिवार की रात प्रणब कुमार स्वाई नाम के एक मरीज की हाईटेक अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक अन्य मरीज की मौत सरकारी अस्पताल में हुई। इससे पहले सरकारी अस्पताल में डायरिया से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अस्पतालों में डायरिया के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अकेले राउरकेला सरकारी अस्पताल में डायरिया से पीड़ित 11 लोगों को भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि 100 से ज्यादा मामलों का इलाज शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में चल रहा है। श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने आज भुवनेश्वर से आने के बाद राउरकेला सरकारी अस्पताल का दौरा किया। मंत्री ने मरीजों को कंबल दिये हैं और अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। स्थिति की समीक्षा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारी भुवनेश्वर से राउरकेला पहुंचे हैं। सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज से 4 डॉक्टर राउरकेला पहुंचे हैं। राउरकेला शहर और उसके आसपास डायरिया के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है।



आरजीएच का निरीक्षण करते श्रम मंत्री शारदा प्रसाद। ● फोटोन न्यूज

### महानगर निगम द्वारा स्वास्थ्य टीमों का गठन

ROURKELA : सरकारी अस्पताल में दो दिनों में चार लोगों की मौत के बाद स्थिति चिंताजनक हो गयी है। अस्पतालों में अभी भी 100 से ज्यादा मामलों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा विभिन्न निजी अस्पतालों, हाईटेक, वेसाज, जेपी अस्पताल में भी डायरिया से पीड़ित मरीजों को भर्ती कराया गया है। डायरिया के इलाज के लिए महानगर निगम द्वारा स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है। खबर पाकर शनिवार दोपहर भाजपा नेता निहार राय, कांग्रेस अध्यक्ष रश्मिरंजन पाढ़ी, पूर्व विधायक प्रभात महापात्र, मानोबिकता संगठन के अध्यक्ष प्रशांत सेठी सरकारी अस्पताल पहुंचे। डायरिया के मरीज के वार्ड का दौरा करने के बाद वे आरजीएच के निदेशक से मिले और उनसे मरीज को बेहतर इलाज मुहैया कराने का अनुरोध किया।

# सुंदरगढ़ : हाइवा ने ऑटो-रिक्शा को मारी टक्कर पांच लोगों की मौत, दो गंभीर, अस्पताल में भर्ती

PHOTON NEWS SUNDARGARH : सुंदरगढ़ जिले के सदर पुलिस सीमा के तहत तेलेंडीही में एक हाइवा ट्रक ने एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को अस्पताल ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार, सुंदरगढ़ सदरथाना अंतर्गत बगीचापाड़ा के कुछ लोग बनभोज के लिए तेलेंडी स्थित सरस्वती नाला गये थे। पिकनिक के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वे ऑटो से घर लौट रहे थे। वापस लौटते समय एक हाईवा की चपेट में आ गया। हाईवा ऑटो टकराकर मारकर बिल में पलट गई। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो भी बिल में जा गिरा। इससे 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना स्थल पर जुटे ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

हादसे में एक बच्चा और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें सुंदरगढ़ जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि मृतक टाउन थाना बागीचापाड़ा के रहने वाले थे। हालांकि, 2 वाहन लेन से 20 फीट नीचे गिर गई हैं। जेसीबी लगाकर कीचड़ में फंसी गाड़ी को निकालने की कोशिश की जा रही है। खबर लिखे जाने तक 3 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। 2 अन्य शव वाहन के अंदर फंसे हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

# मंत्री ने नए सहायक श्रम अधिकारियों का किया सम्मान, समर्पित सेवा का आह्वान

PHOTON NEWS BHUBANESHWAR : ओसीएस-2021 बैच की सेवा में शामिल हुए नए सहायक श्रम अधिकारियों के लिए रविवार को गोबिंद सदन सभागार, भुवनेश्वर में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि ओडिशा सरकार के श्रम एवं ईएसआई विभाग के मंत्री शारदा प्रसाद नायक शामिल हुए।

इस अवसर पर मंत्री ने अपने भाषण में नये शामिल हुए सहायक श्रम अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और सभी से भविष्य में इस विभाग में समर्पित सेवा के लिए अपील की। एक श्रमिक अपने श्रम से किसी भी उद्योग की उत्पादकता बढ़ाता है और सदैव उसमें सुधार करना चाहता है। अतः ऐसी स्थिति में विभाग का यह दायित्व है कि किसी भी श्रमिक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी लाभ निष्पक्ष न्याय के साथ मिले और श्रम अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री शारदा प्रसाद नायक। ● फोटोन न्यूज

## शिक्षित बेरोजगार संघ के नेत्र जांच शिविर में 116 लोगों की हुई जांच

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड शिक्षित बेरोजगार संघ की ओर से रविवार को रेलवे गुदड़ी मार्केट स्थित हरिजन बस्ती में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बागबेड़ा के पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव एवं पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर कुल 116 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई। जिसमें पांच लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी का 23 दिसंबर को ब्रह्मानंद अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शेष कुछ लोगों को रियायत दर पर चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर डॉ धर्मेंद्र साह, सदस्य इशिका लोहार, प्रियंका महतो, गुड़िया कुमारी, ज्योत्सना मुखी, मनोज करूवा, श्यामु सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## RTI कार्यकर्ता संघ की बैठक, भ्रष्टाचार के विरोध का निर्णय

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : साकची पुराना कोर्ट स्थित बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान कार्यालय परिसर में रविवार को आरटीआई कार्यकर्ता संघ केन्द्रीय समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दिल बहादुर ने की। संबोधित करते हुए दिल बहादुर ने कहा कि झारखंड सरकार को अब अविलंब गंभीरता लेते हुए मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग जैसे संवैधानिक पदों पर नियुक्ति करनी चाहिए, क्योंकि अब विपक्ष के नेता भी हो गए है। उन्होंने कहा कि आरटीआई कार्यकर्ताओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। इसके लिए हर आरटीआई कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

केन्द्रीय महासचिव कृतिवास मंडल ने कहा कि जन सूचना अधिकारी सूचना नहीं देने के लिए हजार बहाने बनाते हैं। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी भी अपने जन सूचना अधिकारी को बचाने के लिए प्रथम अपील की सुनवाई तक नहीं करते। इससे भी आरटीआई कार्यकर्ता को विचलित होने की जरूरत नहीं है। भ्रष्टाचार की लड़ाई और तेजी से लड़ने की जरूरत है, ना कि चुपचाप बैठना है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चार फरवरी को वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानूसमुड़िया गांव में चल रहे सात दिवसीय शहीद गणेश हंसदा मेमोरियल की और क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार शाम को समापन समारोह आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी चाईबासा के कर्नल किशोर सिंह व विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन सुशील सिंह, जिला संयोजक राजीव रंजन, जिला महामंत्री पूर्व सैनिक सेवा परिषद दिनेश सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरिष्ठ सदस्य जयदीप कुमार, उप प्रमुख मुन्ना होता ने आयोजित समारोह के दौरान विजेता, उपविजेता टीमों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित एसआर रूंगटा ए-डिवीजन क्रिकेट लीग

# एमसीसी ने टॉउन क्लब चाईबासा को 95 रनों से दी मात

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में चल रहे एसआर रूंगटा ए-डिवीजन लीग के अंतर्गत रविवार को खेले गए मैच में मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 95 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। एमसीसी चाईबासा की यह लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही इस टीम के कुल आठ अंक हो गए हैं और अंक तालिका में ये दूसरे स्थान पर पहूँच गया है जबकि अपने सभी चार मैच जीतकर सोलह अंकों के साथ यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब चाईबासा की टीम पहले स्थान पर बनी हुई है।

स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए इस मैच में टॉस टॉउन क्लब चाईबासा के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ जब एम सी सी चाईबासा के दोनों उद्घाटक बल्लेबाजों ने पहले चार ओवर में ही 60 रन ठोक कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। एम सी सी के बल्लेबाजों ने निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 258 रन बनाए। उद्घाटक बल्लेबाज शिवम कुमार ने सात चौकों एवं छः छक्कों की मदद से मात्र 63 गेंदों पर 94 रनों की शानदार पारी खेली और मात्र 6 रन के अंतर से शतक बनाने से चूक गया। अन्य बल्लेबाजों में तन्मय तंतुबाई ने दो चौकों एवं चार छक्कों की सहायता से रन 48 रन, कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने छः चौकों की सहायता से 42 रन, जय प्रकाश राजपूत ने 24 रन एवं विशाल सिंह ने 18 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहा। टाउन क्लब चाईबासा की ओर से राहुल विजय ने 34 रन देकर दो विकेट तथा महेश मोहन महंथा ने 49 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। भारत भूषण एवं कप्तान प्रणय कुमार को एक-एक सफलता हाथ लगी।



मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब (एमसीसी) चाईबासा की टीम। ● फोटोन न्यूज

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी टॉउन क्लब चाईबासा की पूरी टीम 27.4 ओवर में 163 रन बनाकर आल आउट हो गई। हलाँकि 15वें ओवर की समाप्ति पर टॉउन क्लब चाईबासा का स्कोर 90 रन था और उसके एक ही विकेट गिरे थे और ऐसा लग रहा था कि टीम अच्छा मुकाबला करेगी परंतु मध्यमक्रम के बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी। उद्घाटक बल्लेबाज शुभम यादव ने छः चौकों एवं चार छक्कों की मदद से 60 गेंदों पर 68 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे परंतु उसके आउट होते ही पूरी टीम ने मानों आत्मसमर्पण कर दिया। टाउन क्लब की ओर से चित्ता साहु ने 20 रन, राहुल लकड़ा ने 14 रन तथा प्रणय कुमार ने 13 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया।

एम सी सी चाईबासा की ओर से गेंदबाजी करते हुए बामहस्त स्पिनर कोतन्मय तंतुबाई ने मात्र 6 रन देकर तीन विकेट तथा रोहित कुमार ने 31 रन देकर दो विकेट हासिल किए। अनुराग संजय पुर्ति, विशाल सिंह, आदित्य पुष्कर एवं अनिकेत रस्तोगी को एक-एक सफलता हाथ लगी।

### कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# बालक वर्ग में जिला स्कूल व बालिका वर्ग में घाटशिला कॉलेज बना विजेता

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिम सिंहभूम कबड्डी एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय कोल्हान प्रमंडल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्कूल मैदान में किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ के मौके पर युवा संगठन राज्य उपाध्यक्ष पतित पावन, सुशांत सरकार, सदस्य गौतम महतो, महिला कॉलेज चाईबासा के प्रशांत कुमार, कबड्डी एसोसिएशन कोल्हान प्रभारी श्यामल दास उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन के मौके पर पश्चिमी सिंहभूम कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, सचिव अनु पुरती, सदस्य शीतल सुगन्धिनी बागे,स्माजसेवी प्रताप कटियार, रेफरी भोला रजक, दीपक शर्मा, राहुल गोप, शिवा मुखी, राजेश कारवा उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेंद्र साहू ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जितने विजेता अपनी गलतियों को सुधारे ताकि उन्हें दोबारा हर का सामना न करना पड़े और साथ ही जो हार गए हैं वह अपनी गलतियों को देखें और उन पर सुधार करते हुए आगे बढ़े। समाजसेवी प्रताप कटिहार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की टीम को विजयी बनाने के लिए बहुत आवश्यक है कि खिलाड़ी आपसी तालमेल, तकनीक और संगठित होकर खेले।



प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी। ● फोटोन न्यूज

# अंजू बॉबी जॉर्ज के साथ दौड़ा पटना

## नशे के खिलाफ बड़ी मुहिम में शामिल हुए हजारों लोग

**पटना:**नशे के खिलाफ पटना के गांधी मैदान में रविवार को मैराथन, हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हजारों लोगों ने इस रेस में भाग लिया। रेस में भाग लेने आए लोगों के लिए मद्य निषेध विभाग और भारतीय स्टेट बैंक की ओर से पूरी व्यवस्था की गई थी। दौड़ में शामिल हो रहे लोगों की हौसला अफजाई करने के लिए एथलीट्स अंजू बॉबी जॉर्ज भी मौजूद थीं। उन्होंने 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ दिखाकर शुभारंभ किया गया।हाफ मैराथन और मैराथन का स्लोगन ' रन फॉर नशा मुक्त बिहार' दिया गया था। दौड़ से पहले वार्म अप के लिए वार्म अप म्यूजिक बजाया गया। जिस पर सभी प्रतिभागी झूमते नजर आएं। पूरी मस्ती में वार्म अप किया। फिर प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौड़ में छोटे छोटे स्कूली बच्चे, बाहर से भी आए एसबीआई के कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बिहार में स्पोर्ट्स का क्या हाल है, ये बताने के लिए आयोजित आज का मैराथन, हाफ मैराथन दौड़ काफी है। 42 किलोमीटर की दौड़ में एक भी बिहार का एथलीट नहीं जीत पाया है। अभी जितने वाले बाहरी हैं। पुरुष वर्ग में पहला स्थान यूपी के प्रयाग राज के अनिल कुमार सिंह ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान कुंडा प्रताप गढ़ यूपी के ज्ञान बाबू ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान महाराष्ट्र के सिकंदर तड़ाखे ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में दिल्ली नजफगढ़ की



रहने वाली सीमा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

दिल्ली की रहने वाली नूतन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। यूपी बलिया की रहने वाली संध्या यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जितने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 1 लाख, 75 हजार और 50 हजार का प्राइज मनी दिया गया। रेस में शामिल होने आए व्हील चेयर प्रतिभागियों की इसबार भी उपेक्षा कर दी गई। उनके लिए किसी तरह का प्राइज मनी नहीं रखा गया। दैनिक भास्कर के कैमरे पर प्रतिभागी और नेशनल प्लेयर सानू सिंह ने बताया कि शुरू से डिजेबल पर्सन के साथ भेदभाव होते आया है। डिजेब्ल पर्सन का हक नॉर्मल लोग खा जाते हैं। नेशनल प्लेयर रहते हुए दो साल से जमैटो में काम कर रहे हैं। सरकारी फॉर्म भरें तो उसमें न स्लेक्टेड में आएं और न रिजेक्टेड में आएं। अधिकार मांग रहे हैं, कोई भीख तो मांग नहीं रहे हैं। बिहार सरकार को ध्यान देना चाहिए। दो साल से पटना में फूड डिलीवरी कर रहे हैं। जबकि इंडिया में डिजेबल में मेरा पहला स्थान है।

दिव्यांग राहुल दयाल ने बताया कि नेशनल प्लेयर हैं। रेस में शामिल होने आएं हैं। लेकिन उपेक्षा से मन में निराशा है। पिछली बार वंदना प्रियदर्शी मैम बोलीं थी कि अपलोगों के लिए भी प्राइज मनी होगा। लेकिन इसबार भी नहीं है। कार्यक्रम के बाद मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से पिछले साल की गर्मजोशी को देखते हुए इसबार फुल मैराथन का आयोजन कराया गया। देश के अलग अलग राज्यों के अलावा विदेश से भी लगभग 10 हजार से अधिक प्रतिभागी आए हैं।

हमलोगों का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में जो पूर्ण शराबबंदी 2016 से पूरे बिहार में लागू है। उसके बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जाए। स्पोर्ट्स इसका बहुत अच्छा माध्यम है। इसबार का थीम है बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ पूर्ण नशाबंदी। बिहार सरकार के द्वारा खेल नीति भी लाई गई है। जिसका फायदा होने वाला है। युवाओं को खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने पर नौकरी भी दी जाएगी। पूरे जिले में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है।

# ऑटो लिफ्टर गैंग का शिकार हुए कांग्रेस नेता




**पटना:**फारबिसगंज से पटना आए कांग्रेस के युवा नेता करण कुमार उर्फ पप्पू ऑटो लिफ्टर गैंग का शिकार बन गए। उनके पॉकेट से 40 हजार रुपए गैंग के सदस्यों ने उड़ा लिए हैं। सुबह 5 बजे पप्पू मोना सिनेमा के ठीक सामने बस से उतरे और होटल गली के लिए ऑटो पर बैठे। जैसे ही जमाल रोड के रास्ते में आए ऑटो वाले के द्वारा ये कहते हुए डराया गया कि पुलिस के द्वारा ओवर लोडिंग की चेकिंग चल रही है। जल्दी से उतरिए। उतरकर कुछ दूर आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि उनका पॉकेट कट चुका है और जेब से 40 हजार रुपए गायब हैं। पप्पू ने बताया कि घटना के बाद जब वो गांधी मैदान थाने पर पहुंचे तो ओडी अफसर ने घटनास्थल पर जाने के बजाय कहा कि पहले फ्रेश होकर आइए, फिर आपका आवेदन लेंगे। जिसके बाद पप्पू ने अपना परिचय दिया। ओडी अफसर को बताया कि वो यूथ कांग्रेस के प्रदेश कार्य समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पटना आए हैं। जिसके बाद उनका आवेदन तो ले लिया गया। लेकिन कोई रिसीविंग नहीं दी गई। ओडी अफसर के द्वारा ये कहा गया कि दोपहर 2 बजे आने को कहा है। प्रदेश सचिव पप्पू ने बताया कि आवेदन देने के बाद उन्होंने थाने में मौजूद ओडी अफसर से घटनास्थल पर चलने का रिक्वेस्ट भी किया। ताकि सीसीटीवी से कुछ साक्ष्य मिल जाए। लेकिन रिक्वेस्ट के बावजूद भी उनके साथ कोई नहीं गया।

# मेन गेट फांदकर घुसा दरोगा भर्ती का अभ्यर्थी



**भागलपुर:** भागलपुर में दरोगा भर्ती परीक्षा में जाम में फंसने की वजह से अभ्यर्थी लेट पहुंचा। इसके बाद परीक्षार्थी को एग्जाम सेंटर में प्रवेश नहीं होने दिया। इससे नाराज एक परीक्षार्थी रवि कुमार मुख्य दरवाजे को फांदकर एग्जाम सेंटर घुस गए। यहां ड्यूटी में तैनात अधिकारी और पुलिसकर्मियों ने उसे पहले समझाया लेकिन वो नहीं माना। इसके बाद पुलिस वालों ने उसकी पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला जिले के नाथनगर इलाके के एसएस बालिका उच्च विद्यालय का है। भागलपुर में रविवार दो पालियों में दरोगा भर्ती परीक्षा हो रही है। पहले पाली की परीक्षा में शामिल होने आए कुछ अभ्यर्थियों को नवगछिया से भागलपुर आने के दौरान जाम की समस्या झेलनी पड़ी। इसको लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में देर हो गई। शनिवार को समीक्षा भवन में डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। परीक्षा शांति सद्भाव में हो इसको लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया था। ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन जाम में फंसने की वजह से कई परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे पाए।

# बिजली विभाग से परेशान युवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठा



**भागलपुर:**भागलपुर में बिजली विभाग के हरकतों से तंग आकर एक युवक अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गया है। युवक बार-बार कह रहा है कि मुझे इंसाफ चाहिए। अगर इंसाफ नहीं मिली तो हम जान देने के लिए तैयार हैं। दरअसल, पूरा मामला जिले के परवत्ती इलाके की है। युवक का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारी उनको बिजली चोरी के झूठे मुकदमे में फंसा रहे हैं। बिजली हमने कभी चोरी नहीं की। घर पर बिजली मीटर लगाया हुआ है। बिजली तार भी कहीं कटी हुई नहीं है। लेकिन लाइनमैन मनोज पंडित घर पर आकर महिलाओं से अभद्र व्यवहार करता है। बिजलीमैन के अभद्र व्यवहार का विरोध करने पर बिजली चोरी करने का आरोप लगाकर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। इसके साथ ही घर का बिजली काट दिया है। विद्युत विभाग से तंग युवक के समर्थन में अब मोहल्ले के कई लोग अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए हैं। बता दें कि उक्त युवक पर बिजली चोरी करने का झूठे आरोप लगाकर फंसाया जा रहा है। इसके विरोध में पिछले तीन दिनों से जिला अधिकारी कार्यालय के पीछे धरना पर बैठे हुए हैं। अधिकारियों को भी लिखित शिकायत किया है। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे लोगों का आरोप है कि बिजली मैन मनोज पंडित पैसे का डिमांड करता है। यही नहीं घर के महिलाओं के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। जिसके खिलाफ हम लोग विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि मनोज पंडित पूरे क्षेत्र में अनाप-सनाप पैसे का डिमांड कर दहशत फैला रखा है। जिससे हम लोग काफी परेशान हैं।

# शराबबंदी कानून की फिर से समीक्षा होनी चाहिए

## डॉक्टर्स की शराब पार्टी पर गिरिराज सिंह बोले

**बेगूसराय :** दरभंगा DMCH के डॉक्टर्स की शराब पार्टी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसके बाद विपक्ष नीतीश सरकार पर हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में शराबबंदी कानून को फेलियर बताया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून की फिर से समीक्षा होना चाहिए। बिहार में पीने वालों को शराब मिल ही जाती है। पैसे खर्च करने के बाद भी लोग जहरीली शराब पीते हैं।



जिस तरह भगवान लोगों को दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन हर जगह रहते हैं। वैसे ही बिहार में शराब हर जगह उपलब्ध है और पीने वालों को आसानी से मिल जा रही है। अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे गिरिराज सिंह ने सड़क किनारे मांस बेचे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेगूसराय समेंत देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर खुलेआम मांस बेचे जा रहे हैं।

बेगूसराय में बरौनी रिफाइनरी गेट के बाहर कई दुकानों में मांस बिक रहा है। इसके लिए ना तो कॉरपोरेशन लाइसेंस देता है और ना ही इसकी व्यवस्था करता है। कलेक्टर भी इसकी व्यवस्था नहीं करते हैं। ऐसी दुकानों को सड़क किनारे से हटाया जाए। जैन और सनातन धर्मावलंबी लोग बराबर कहते हैं कि सुबह घर से निकलने पर बहुत खराब लगता है। स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए भी यह बाधक है। प्रशासन वधशाला बनाए, मीट और मछली बेचने की अलग व्यवस्था करे। सड़क किनारे की व्यवस्था का खराब परिणाम सामने आ रहा है।

# किशनगंज सांसद ने गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगा

## संसद में सुरक्षा चूक का मामला, गैस से हमले के हम भी चश्मदीद गवाह हैं

**किशनगंज :** किशनगंज के धोबी पट्टी स्थित अपने निजी आवास में प्रेस वार्ता कर सांसद डॉ.जावेद आजाद ने केंद्र सरकार पर निशान साधा है। उन्होंने संसद में सुरक्षा में चूक को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा की मांग की है। सांसद डॉ.जावेद आजाद ने कहा कि 13 दिसंबर के दिन हुए संसद भवन में गैस से हमले के वह भी चश्मदीद गवाह हैं। उन्होंने घटना को याद करते हुए बताया कि तारीख 13 दिसंबर समय दोपहर लगभग 1 बजे शून्य काल चल रहा था। मैं भी संसद भवन में बैठा था। अपने सीट से एक कागज लेने के लिए जैसे ही खड़ा हुआ। इस वक्त शोरगुल की आवाज सुनाई दी। मुझे पता चला कि स्पीकर के सामने गैलरी से दो युवक भवन में कूदे हैं। दोनों के हाथों में डब्बा था। जिसमें से वह गैस छोड़ रहे थे। इससे वहां पर भगदड़ का माहौल बन गया। किशनगंज सांसद डॉक्टर जावेद आजाद ने कहा कि दोनों युवकों को हमारे साथियों ने पकड़ लिया। उसके पास से



डब्बा छीनकर बाहर फेंक दिया। दोनों युवकों का गैस को लेकर आक्रमण इतना जबरदस्त था कि संसद भवन में भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई थी। जावेद आजाद ने कहा कि घटना की जांच रिपोर्ट अभी तक उन्हें नही मिली है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी संसद पर हमला हुई थी। उस समय भी बीजेपी की सरकार थी। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ संसद भवन में मौजूद सांसदों पर हमला नहीं है। बल्कि देश के लोगों की सुरक्षा पर भी हमला है, जो सुरक्षा में चूक हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को संसद में बयान देना चाहिए था। लेकिन दोनों ही लोगों ने मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह देशवासियों की सुरक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। उन्हें अविलंब इस्तीफा दे देनी चाहिए ।

# निजी क्लीनिक में प्रसूता की मौत पर हंगामा

## परिजनों का डिलीवरी के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप

**जमुई :**जमुई सदर अस्पताल स्थित एक निजी क्लीनिक में रविवार की सुबह एक प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के मंगरार गांव निवासी पिंटू साह की पत्नी कविता देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को पिंटू साह अपनी प्रसूता पत्नी कविता की डिलीवरी के लिए के लिए सदर अस्पताल लाया था। वहां जांच करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें शाम तक बच्चा होने की बात बताई थी, लेकिन आशा के पद पर कार्यरत प्रियंका सिंह ने काजल के परिजनों को बहकावे में लाकर उसे जिला



मुख्यालय स्थित हरिओम सेवा सदन निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। शनिवार की शाम नॉर्मल डिलीवरी में कविता ने एक बच्ची को जन्म दिया। रविवार की अहले सुबह कविता की मौत हो गई, जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी टाउन थाना को मिली, जिसके बाद टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाकर मामला शांत करवाया। इधर, परिजन ने बताया कि कविता की डिलीवरी होने के बाद उसे ब्लीडिंग हो रही थी, लेकिन डॉक्टर ने उसे ध्यान नहीं दिया जिसके कारण उसकी मौत हुई। अगर ससमय कविता की सही से इलाज होता तो उसकी जान बच सकती थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि आशा के बहकावे में अब तक दर्जन भर से अधिक प्रसूता की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन मौन है। पूरे मामले को लेकर निजी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ मनीष कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि महिला की नार्मल डिलीवरी कराई गई थी। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं थी अचानक मरीज की तबीयत बिगड़ गई और गैस पीन में चली गई। संभवता हार्ट अटैक से मरीज की मौत हुई है। परिजनों द्वारा जो भी आरोप लगाया जा रहे है, वह बेबुनियाद है। किसी प्रकार की इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। मरीज के परिजनों ने हार्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। टाउन थाना अध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि अभी तक पीड़ित द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया यदि शिकायत की जाती है तो नियमानुसार पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त डायरी

# गया के लाल का तीरंदाजी में कमाल



**गया :**67 वें नेशनल स्कूल गेम्स 2023 की तीरंदाजी अंडर 14 प्रतिस्पर्धा में गया के लाल ने कमाल कर दिया है। तीरंदाजी में गोल्ड मेडल आदर्श कुमार और टीम एफर्ट में सिद्धार्थ कुमार सिल्वर मेडल लाकर शहर का राज्य का नाम रोशन किया है। दोनों का गया रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता गुजरात राज्य नडियाद जिले में 13 दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक आयोजित की गई थी। इसमें गया जिला कुजापी गांव के रहने वाले नजरथ स्कूल के छात्र आदर्श कुमार ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। उसने, पूरे बिहार का नाम भारतवर्ष में रोशन किया है। इसी कड़ी में छात्र जदयू के सदस्यों ने आदर्श कुमार का एवं कोच जयप्रकाश का पुष्प कुछ अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर उत्तम कुशवाहा ने कहा कि हमारे गया जी ने लगातार बीते कई सालों से राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कई मेडल दिए हैं। बिहार में गया तीरंदाजी प्रतियोगिता में हमेशा अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बिहार सरकार के खेल मंत्री से गया जिला में तीरंदाजी खिलाड़ियों के भविष्य को देखते हुए एकलव्य सेंटर खोले जाने की मांग करूंगा। ताकि हमारे गया जिला के और भी खिलाड़ी आदर्श कुमार जैसे नेशनल में बिहार को और भारत को मेडल दिलाए। वहीं आदर्श कुमार ने कहा कि मेरा लक्ष्य अभी भारत को ओलंपिक में मेडल दिलाना है और मैं इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा हूं। और आगे भी प्रयास करूंगा। इस दौरान बिहार सरकार के खेल मंत्री जितेंद्र राय, डायरेक्टर रवि शंकरन, एवं कोच को आभार व्यक्त भी व्यक्त किया। मौके पर छात्र जदयू के रोशन कुमार, आदित्य दांगी, सत्यम मौर्य, प्रेम प्रकाश, सौरभ चंद्रवंशी अमित कुशवाहा, अक्षय, आदि सैकड़ो छात्र जदयू के सदस्य मौजूद रहे।

# जलकुंभी भरे तालाब में डूबने से युवक की मौत



**समस्तीपुर:** समस्तीपुर के धर्मपुर मोहल्ला में गढ्ढे में डूबकर रविवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक मोहल्ला के ही मो. जाहिद का पुत्र मो. शाबीर 18 बताया गया है। घटना की सूचना पर नगर पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया। युवक का शव घर के पीछे जलकुंभी में पड़ा था। घटना के संबंध में बताया गया है कि शाबीर सुबह घर के छत पर टहल रहा था। इसी दौरान वह छत से घर के पीछे जलकुंभी में गिर गया। लेकिन इस पर लोगों की नजर नहीं पड़ा। जिससे डूब कर उसकी मौत हो गई। सुबह से ही लोग उसकी तलाश कर रहे थे। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। लोग उसे इधर-उधर खोज रहे थे। इसी दौरान तीसरे पहर लोगों ने घर के पीछे जलकुंभी के बीच उसका पैर देखा। जिसके बाद हल्ला मचाया जाने पर लोगों की भीड़ जुटी। जिसके बाद लोगों ने जलकुंभी से उसका शव निकाला। युवक का सिर जलकुंभी के बीच फंसा था। जबकि उसका पैर उपर की ओर था। माना जा रहा है कि ऊपर से गिरने के कारण उसका मुंह नीचे फेंस गया। फलस्वरूप कम पानी रहने के बावजूद उसकी मौत हो गई। युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर के लोग यह नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर शाबीर घर छत से कैसे नीचे गिर गया। माना जा रहा है कि छत की चारदरीवारी कम उंची होने के कारण यह हादसा हुआ है। चर्चा यह भी है कि युवक नशे की हालत में था जिस कारण छत से नीचे गिर गया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विक्रम आचार्या ने कहा कि युवक की मौत छत से गिरने के कारण हुई है। शव को जब्त कार लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# भारत संकल्प यात्रा में मोतिहारी पहुंचे सांसद राधा मोहन सिंह

**मोतिहारी :** के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत कचहरी चौक से शुरू की गई जो चांदमारी चौक के पास सभा में तब्दील हो गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि मोदी को सरकार जब से आई है तब से देश में केवल गरीबों के लिए काम हो रहा हैं। केवल गरीबों का कैसे विकास हो इस पर काम किया जा रहा है। इसीलिए उनके द्वारा गरीबों के लिए जितनी योजना चलाई जा रही है। इसी को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा की शुरूआत की गई है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जा सके। इसका उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है।

# नि:शुल्क मेगा स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## पटना के जाने माने 20 डॉक्टर पहुंचेंगे, डॉ. बोले- गंभीर बीमारियों का होगा इलाज


**बक्सर:** बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में आज सुबह 10 बजे से निःशुल्क मेगा स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां बिहार के जाने माने 20 स्पेशलिस्ट डॉक्टर कैंप मौजूद रहेंगे। जहां जिले के लगभग 10 हजार रोगियों को उचित सलाह के साथ निःशुल्क दवा देने का भी लक्ष्य रखा गया है। इसकी जानकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने दी है। जो पटना स्थित गैस्ट्रो मेडिकेयर सेंटर के निर्देशक है और बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बिहार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ है। बिहार के पेट और लीवर रोग के मशहूर डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर बक्सर संसदीय क्षेत्र के वंचित समाज के लोगों की बेहतर





स्वास्थ्य के लिए रविवार को स्थानीय किला मैदान में एक मेगा स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन भाजपा नगर के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी ने कहा था की जो राजनीतिक व्यक्ति होते है वो पेशेवर भी होते है। उनका आपका जो पेशा है उसे उन्हें समाज के वंचित लोगो तक मुफ्त में पहुंचना चाहिए। वो उनतक पहुंचना चाहिए तो भाजपा से जुड़े सारे चिकित्सकों ने यह सोचा की यह अच्छा मौका है। क्यों की आज भी हमारे बक्सर जैसे शहर में सारे सुपर स्पेशलिटी की सुविधा नही है। इसलिए हमलोगों ने सुपर स्पेशलिटी कैंप का आयोजन किया है। स्वास्थ्य शिविर में पटना के लगभग बीस विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होंगे। कैंप में निशुल्क चिकित्सीय जांच, उपचार, दवा और परामर्श दिया जाएगा। स्टीन जांच के अलावा डाक्टरों के सिफारिश पर गंभीर से संबंधित जांच व दवा भी निशुल्क वितरण किया जाएगा। पूर्व, में भी जिलें के अन्य जगहों पर शिविर का आयोजन किया गया और आगे निरंतर जारी रहेगा। शिविर के माध्यम से गरीब लोगों का सेवा करने का अवसर मिलता है। सभी लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा तब स्वास्थ्य भारत का सपना पू होगा। चिकित्सा शिविर को लेक तैयारी आरंभ कर दी गई है।

# सरदार पटेलः एकीकृत भारत के निर्माता



राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद में एक किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे थे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था। इस दिन को प्रतिवर्ष ह्यसरदार पटेल स्मृति दिवसह्ण के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा। सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधी जी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारियां जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं। एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा-सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे वल्लभ भाई के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की यह एकाग्रता और तन्मयता देखकर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया। वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी.जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विट्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी। सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इनकार कर दिया। अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्यवाही देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया। वह मन ही मन ग्लानि से भर उठा कि जिस शख्स को चपरासी समझकर उन्होंने उसे असेम्बली घुमाने के लिए कहा, वो कोई और नहीं बल्कि खुद इस असेंबली के अध्यक्ष हैं। अंग्रेज दम्पत्ति सरदार पटेल की सादगी, सहज स्वभाव और नम्रता का कायल हो गया और उसने असेम्बली की कार्यवाही के बाद सरदार पटेल से क्षमायाचना की। एकीकृत भारत की निमार्ता यह महान शख्सियत 15 दिसम्बर 1950 को चिरनिद्रा में लीन हो गई।

# संसद में फैलाए गए पीले धुएं का काला सच क्या है

ANALYSIS



डॉ. रमेश ठाकुर

गनीमत ये समझें कि यह घटना पीले धुएं तक सीमित रही। सरकार इस घटना को हल्के में कतई न ले। साजिशकताओं की बुने एक-एक जालों की पहचान की जानी चाहिए। इससे जुड़े हर सवाल का जवाब तलाशना होगा। हमें यह पक्के तौर पर जानना होगा कि उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था या कुछ और। चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी सख्त समीक्षा की जरूरत है। बहरहाल, हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे। इस साजिश के आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो।

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ असामान्य होना तय था। 22 बरस पहले आतंकियों के दिए जख़्म प्रत्येक 13 दिसंबर को हरे हो जाते हैं। गनीमत ये समझें कि यह घटना पीले धुएं तक सीमित रही। सरकार इस घटना को हल्के में कतई न ले। साजिशकताओं की बुने एक-एक जालों की पहचान की जानी चाहिए। इससे जुड़े हर सवाल का जवाब तलाशना होगा। हमें यह पक्के तौर पर जानना होगा कि उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था या कुछ और। चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी सख्त समीक्षा की जरूरत है। बहरहाल, हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे। इस साजिश के आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती, आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है। आखिर किसके इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन ह्यसंसद अटैक-2ह्ण का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी, उसे खींचकर बाहर निकालना होगा।



प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और है। जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं, संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चिंत और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा, मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर पहरा है। इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, सुरक्षा के इन तमाम दावों पर संसद सदस्यों को एतबार नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपित विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और अपने मंसूबों को अंजाम दे दिया। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपितों के हाथ में सिर्फ ह्यस्मोक बमह्ण ही थे, अगर असलहा वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे। क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंक कर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को चकमा देकर ह्यस्मोक बमह्ण फेंक कर संसद के भीतर आरोपित अफरातफरी मचा देते हैं। बाकायदा विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का ह्यस्मोक बमह्ण फोड़ देते हैं। नारेबाजी करते हैं। ये पूरा वाकया तकरीबन चालीस से पैंतालीस मिनट तला। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखा कर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं। शुरूआती पूछताछ में एक आरोपित ने अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सबकुछ नॉर्मल था। 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी, जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों के हिसाब से अभेद्य है। इन सबके बावजूद आरोपित चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपित स्मोक बम के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था या उसे केवल पब्लिसिटी चाहिये थी। सवालों की लंबी लिस्ट बना कर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं। लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं। उनकी आशंकाओं को ध्यान में रख कर भी जांच होनी चाहिए।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# मध्य प्रदेश में मोहन यादव का पहला निर्णय और मानसिक अत्याचार से मुक्ति

इतिहास साक्षी भाव से वर्तमान और भविष्य को इस बात का दिग्दर्शन देता है कि आपके पूर्वजों ने क्या किया है। आपके पूर्वजों ने जो बोया उसी फसल को वर्तमान या भविष्य की पीढ़ी काटने के लिए प्रेरित या विवश रहती है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के तुरंत बाद डॉ. मोहन यादव ने प्रथम नस्ती पर जिन बिन्दुओं एवं निर्णयों को लेकर अपने हस्ताक्षर किए उन्होंने आज एक ऐसे भविष्य के मप्र का आगाज किया है, जिसे यदि संत तुलसी की भाषा में कहें तो परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीडा सम नहिं अधमाई॥ (रामचरित मानस - 7/49/1) परोपकार से बढ़कर दूसरा धर्म नहीं है और किसी को दुख पहुंचाने से बढ़ कर कोई दूसरा अधर्म नहीं है। दुनिया के तमाम देशों और राज्यों में, जहां भी दृष्टि जाए आप देखें, कितनी जगह बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों से प्रताड़ित होता हुआ दिखता है? किंतु भारत में यह कई मुद्दों पर प्रताड़ना जैसे आम बात है। मप्र राज्य में भी इस्लाम को मानने वालों ने ध्वनि यंत्रों के माध्यम से अजान की आवाज से लोगों को परेशान करके रखा है, लेकिन अब तक कोई सत्ता ऐसी नहीं रही, जिसने सीधे और साफ संकेत दिए हों, कि अपनी मजहबी जरूरतों को इस तरह पूरा करो कि किसी दूसरे को इससे परेशानी न हो। इस्लाम-मुसलमान के नाम पर पाकिस्तान, भारत से कटकर अलग हुआ। परन्तु शेष भारत ने अपने लिए जो विकास का रास्ता चुना, वह "सर्वे भवन्तु सुखिनः" का रास्ता था, जिसमें क्या मुसलमान और क्या अन्य सभी को समान रूप से बल्कि कहना चाहिए कि कमजोर और संख्याबल में उन्हें कम मानते हुए विशेष अल्पसंख्यक का दर्जा देकर अतिरिक्त लाभ दिए गए। लेकिन यही अल्पसंख्यक विशेष कर इस्लाम को मानने वाले अधिकांश बहुसंख्यक हिन्दू समाज के आम जीवन में किसी न किसी रूप में कठिनाइयां पैदा करने का कारण बनते दिखे हैं। मस्जिदों पर अजान देने के नाम पर लगे बड़े-बड़े लाउडस्पीकर इसी कड़ी का बड़ा उदाहरण है। यह किसी को वह सुनाना जो उसके धार्मिक विश्वास से मेल नहीं खाता, वह भी नियमित और अनेक बार, ताकि वह आज नहीं तो कल सुनने-सुनते ही सही मनोवैज्ञानिक रूप से उसे सच मान बैठे, यह भी भाव कहीं न कहीं लाउडस्पीकर की इस ऊंची आवाज के पीछे होने का कारण लगता है। वास्तव में ऐसा कहने के पीछे बड़ा तर्क भी मौजूद है, अजान अरबी भाषा के 'उज्न' शब्द का बहुवचन है। जिसका मतलब 'ऐलान' होता है । हर मुसलमान के लिए उसके जीवन का सबसे अहम हिस्सा यही 'ऐलान' माना गया है। जो अजान हो रही है, उसमें साफ कहा जाता है, अल्लाह सबसे बड़ा है, मैं गवाही देता हूं कि अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक नहीं, मैं गवाही देता हूं कि (हजरत) मुहम्मद (स.) अल्लाह के रसूल (नबी, प्रोफेट) हैं । (लोगों) आओ नमाज के लिए, (लोगों) आओ कामयाबी के लिए, नींद से बेहतर नमाज है, अल्लाह सबसे बड़ा है। कोई इबादत के लायक नहीं सिवाय अल्लाह के। पहले तो यहां सभी को यह समझ लेना होगा कि ईश्वर, अल्लाह, भगवान एक अर्थ नहीं हैं। जो यदि ऐसा मानते हैं तो वे भ्रम में हैं। क्योंकि यदि यही सच होता तो अल्लाह के लिए जिहाद, इस्लाम के लिए जिहाद के नारे पूरी दुनिया में कहीं भी कभी भी बुलंद नहीं होते और न ही ईश्वर के नाम पर दुनिया भर में हुए क्रूर अमानवीय अत्याचार होते। जिनमें कि इन दोनों के कारण अब तक उन लाखों लोगों की हत्या इसलिए कर दी गई, क्योंकि उनका विश्वास इस्लाम और ईसाईयत पर नहीं था। यहां सबसे बड़ी बात यह है कि आपका विश्वास है कि अल्लाह सबसे बड़ा है और उसके अतिरिक्त अन्य कोई भी इबादत के लायक नहीं, किंतु यह कई अन्यों का विश्वास तो नहीं है, फिर क्यों उन्हें भी हर दिन 24 घण्टे में पांच बार यह सुनने के लिए विवश किया जा रहा है? इसे लेकर उच्चतम न्यायालय का 18 जुलाई 2005 का निर्णय भी मौजूद है। जिसमें कहा गया, 'हर व्यक्ति को शांति से रहने का अधिकार है और यह अधिकार जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। लाउडस्पीकर या तेज आवाज में अपनी बात कहना अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार में आता है, लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी जीवन के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। शोर करने वाले अक्सर अनुच्छेद 19(1)ए में मिली अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार की शरण लेते हैं। किंतु कोई भी व्यक्ति लाउडस्पीकर चालू कर इस अधिकार का दावा नहीं कर सकता।' न्यायालय का यह निर्णय साफ कहता है, 'लाउडस्पीकर से जबरदस्ती शोर सुनने को बाध्य करना दूसरों के शांति और आराम से प्रदूषणमुक्त जीवन जीने के अनुच्छेद-21 में मिले मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अनुच्छेद 19(1)ए में मिला अधिकार अन्य मौलिक अधिकारों को हतोत्साहित करने के लिए नहीं है। इसलिए सार्वजनिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज उस क्षेत्र के लिए तय शोर के मानकों से 10 डेसिबल (ए) से ज्यादा नहीं होगी या फिर 75 डेसिबल (ए) से ज्यादा नहीं होगी, इनमें से जो भी कम होगा वही लागू माना जाएगा। जहां भी तय मानकों का उल्लंघन हो, वहां लाउडस्पीकर व उपकरण जब्त करने के बारे में राज्य प्रविधान करे।' वस्तुतः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इसी न्यायालय के दिए निर्णय को अमलीजामा पहनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। इनका इस तरह इस दिशा में बढ़ाया गया यह कदम कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इसी से लगाता है कि जो देर रात काम करते हैं और भोर में विश्राम करते हैं, उन्हें कम से कम अब हर सुबह ऊंची आवाज सुनने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। वे अब सुख की पूरी नींद ले पाएंगे और वहीं उन्हें भी अब मनोवैज्ञानिक प्रेशर से मुक्ति मिल जाएगी जिन्हें बार-बार अल्लाह ही सबसे बड़ा है और उसके अतिरिक्त अन्य कोई भी इबादत के लायक नहीं, सुनाकर उनकी धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



आज सूरत शहर की भव्यता में एक और डायमंड जुड़ गया है। डायमंड बोर्स की चमक के आगे दुनिया की बड़ी से बड़ी इमारतों की चमक फीकी पड़ रही है। इसके साथ ही शानदार टर्मिनल और इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यहां के डायमंड, टेक्सटाइल और टूरिज्म सेक्टर को बहुत लाभ होगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



हेमंत सरकार को 4 साल हो गए हैं, छात्रों को सिर्फ तारीख पे तारीख दी जा रही है। अपने हकों के लिए भी विवश किया जा रहा है,झारखंड को गर्त में ढकेला जा रहा है। शिक्षा और रोजगार जैसे संवेदनशील मामलों पर चुप्पी साधी जा रही है। हेमंत सोरेन शायद भूल गए हैं कि जिन सत्ता की सीढ़ियों पर चढ़ने का आपको गुमान है,उन्हीं बांस की सीढ़ियों पर आपकी सत्ता का जनाजा प्रदेश के युवा,महिला,और प्रतियोगी छात्र निकालने को तैयार हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# आचार्य किशोरीदास वाजपेयी का प्रेरणादायी शब्दानुशासन

वर्ष 1898 में 15 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में कानपुर स्थित ऐतिहासिक बिठूर के पास रामनगर गांव में जन्मे आचार्य किशोरीदास वाजपेयी द्वारा अप्रतिम वैयाकरण और विशिष्ट भाषाविद के रूप में की गयी हिंदी की बहुविध सेवा के लिए विद्वान व प्रशंसक कभी उन्हें हिंदी का प्रथम वैज्ञानिक कहते हैं और कभी हिंदी का पाणिनि। लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की प्रेरणा से लिखी गयी उनकी सबसे महत्वाकांक्षी कृति हिंदी शब्दानुशासन के आईने में देखें, तो उन्हें हिंदी का अब तक का इकलौता शब्दानुशासक कहना ज्यादा ठीक लगता है। हिंदी को व्याकरणसम्मत, व्यवस्थित, स्थिर, मानकीकृत, परिष्कृत और भविष्य की चुनौतियों से निपटने लायक बनाने में जैसी भूमिका हिन्दी शब्दानुशासन ने निभाई है, किसी भी अन्य वैयाकरण की कृति ने नहीं निभायी। वे स्वयं भी अपने को हिंदी के व्याकरण के निमार्ता के तौर पर ही सबसे महत्वपूर्ण मानते थे। उनके स्वाभिमान से भरे व्यक्तित्व व अनूठे कृतित्व के इतने आयाम हैं कि किसी को वे हिंदी के अभिमानमेरु लगते हैं, तो किसी को लड़ाकू व अक्खड़। संस्कृत के आचार्य होने के बावजूद उन्होंने हिंदी को स्वतंत्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए कुछ भी कसर उठा नहीं रखा, न वैयाकरण के रूप में और न ही आलोचक, लेखक, कवि या साहित्यकार के रूप में। यह उद्घोषणा करने वाले वे पहले वैयाकरण थे कि हिंदी संस्कृत से अनुप्राणित अवश्य है, किंतु उससे अलग अपनी सार्वभौम सत्ता रखती है और अपने नियमों से चलती है। कई लोगों ने इसे उनके द्वारा की गयी संस्कृत की अवज्ञा के रूप में देखा, तो भी उन्होंने कोई परवाह नहीं की। हिंदी को अंग्रेजी की चेरी भी उन्होंने कभी नहीं माना, ब्रिटिश साम्राज्यवाद की छाया में पनप रहे उसके भाषाई साम्राज्य के बावजूद। उनके इस न मानने के महत्व को इस तथ्य की रौशनी में समझा जा सकता है कि कई मायनों में वह अंग्रेजी के आतंक का दौर था और किसी न किसी मोड़ पर उस आतंक को हर किसी को स्वीकार करना पड़ता था। लेकिन संस्कृत व अंग्रेजी दोनों की समृद्धि से निरपेक्ष रहते हुए वे हिंदी, उसके व्याकरण, साहित्य व संस्कृति के उन्नयन और भारत माता को स्वाधीन कराने की साधना भी करते रहे। गोरी सत्ता की ओर से उन्हें इसके पुरस्कार नौकरी गंवाने और जेल जाने के रूप में मिलने लगे, तो भी अपने पथ से विचलित नहीं हुए। उनकी इन सेवाओं का ठीक मोल तब तक नहीं समझा जा सकता, जब तब यह न जान लिया जाये कि उन्होंने अपने जीवन का बड़ा, खासकर किशोरावस्था तक का हिस्सा भीषण गरीबी, अभावों, उपेक्षाओं व अपमानों के बीच मवेशी चराकर व मजदूरी कर बेहद दारुण स्थितियों में काटा था। भीषण गरीबी और गिरानी के बावजूद उन्होंने न अपने स्वाभिमान से समझौता किया, न ही हिंदी और देश के लिए अपने अहर्निश अभियान को रुकने या झुकने दिया, तो यह उनके अदम्य जीवट के ही वश की बात थी। दिलचस्प यह भी कि माता-पिता ने उनका नाम गोविंद प्रसाद रखा था। लेकिन बाद में कृष्णप्रिया राधा से, जिनको किशोरी जी भी कहा जाता है, प्रभावित होने के कारण उन्होंने स्वयं अपना नाम किशोरीदास रख लिया था और अपनी सारी सृजन-साधना इसी नाम से की थी। उन्होंने हिंदी भाषा के व्याकरण के निर्धारण व परिष्करण के सिलसिले में नौ पुस्तकें लिखी हैं। ब्रजभाषा का व्याकरण और ब्रजभाषा का प्रौढ़ व्याकरण जैसी बहुमूल्य कृतियां भी उनके खाते में हैं। अपनी प्रायः सारी पुस्तकों के नामकरण में उन्होंने ध्यान रखा है कि उनके नाम से ही पाठकों को उनकी विषयवस्तु का संकेत मिल जाए। मिसाल के तौर परः हिंदी शब्दानुशासन, राष्ट्र-भाषा का प्रथम व्याकरण, हिंदी निरुक्त, हिंदी शब्द-निर्णय, हिंदी शब्द-मीमांसा, भारतीय भाषाविज्ञान, हिंदी वर्तनी और शब्द विश्लेषण, अच्छी हिंदी, अच्छी हिंदी का नमूना, ब्रजभाषा का व्याकरण और ब्रजभाषा का प्रौढ़ व्याकरण।

# छत्तीसगढ़ में बदलाव

भाजपा ने हाल के विधानसभा चुनावों में जिन तीनों राज्यों में जीत हासिल की वहां उसने पीढ़ीगत बदलाव कर दिया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जिन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया, उसके उलट छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाया जाना पूरी तरह चौंकाने वाला नहीं था। केंद्रीय मंत्री और पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में उनके तजुर्बे ने पलड़ा उनके पक्ष में झुकाया। वह आदिवासी समुदाय से भी हैं। इन सबसे बढ़कर, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भरोसा हासिल है। उनकी नियुक्ति से लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में भाजपा की राजनीति को मजबूती मिलने की उम्मीद है। पार्टी ने सरगुजा की उत्तरी आदिवासी पट्टी में सभी 14 सीटें जीती थीं, और आदिवासियों तक पहुंच के विस्तार पर उसका काम जारी है। दो उप-मुख्यमंत्रियों में से एक, अरुण साव (जिन्होंने पिछले साल बतौर राज्य अध्यक्ष साय की जगह ली थी) मैदानी इलाकों में दबदबा रखने वाले उस साहू ओबीसी समुदाय से हैं जिसे लुभाने में कांग्रेस और भाजपा दोनों जुटी रहती हैं। वह बिलासपुर अंचल से आते हैं जहां दोनों पार्टियों के बीच करीबी मुकाबला था। दूसरे उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जो एक ब्राह्मण हैं, की नियुक्ति में भी इसी तरह का जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बिठाया गया है। पहली बार विधायक बने शर्मा ने कांग्रेस के एक पुराने नेता मोहम्मद अकबर (जो पिछली सरकार में इकलौते मुस्लिम मंत्री थे) को हराया। भाजपा के पास मंत्रिमंडल में 10 और जगहें हैं जिन्हें भरा जाना है। और, ऐसा करते समय जातीय और लैंगिक संतुलन का खयाल रखा जायेगा। नयी सरकार को अब अपने वादे पूरे करने में जोर-शोर से जुटना होगा। इनमें ग्रामीण गरीबों के लिए 18 लाख घर बनाने, पिछली भाजपा सरकार के आखिरी दो सालों 2016-17 और 2017-18 के लिए धान का बकाया बोनस देने, और महतारी वंदन योजना के तहत सभी विवाहित महिलाओं को हर साल 12,000 रुपये वितरित करने जैसे आर्थिक वादों से लेकर पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों की तेजी से जांच कराना शामिल है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# इस साल देश के व्यापार में 2.6 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान

**- चालू वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात लगभग 93 प्रतिशत बढ़कर 14 अरब डॉलर होने की उम्मीद**

**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रॉनिक सामान और सेवा क्षेत्र के मजबूत निर्यात प्रदर्शन से भारत को इस साल अपने कुल व्यापार की वृद्धि दर में गिरावट को थामने में मदद मिलेगी। इस साल देश के व्यापार में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात और आयात 2022 के 1,651.9 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2023 में 2.6 प्रतिशत घटकर 1,609 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि भारत के वस्तुओं के निर्यात में गिरावट वैश्विक स्तर पर पांच प्रतिशत की गिरावट के अनुमान के अनुरूप है। इसके अलावा यह जनवरी-नवंबर, 2023 के दौरान चीन के व्यापारिक निर्यात में आई 5.2 प्रतिशत की गिरावट के अनुरूप है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का अनुमान है कि 2023 में मात्रा के लिहाज वैश्विक स्तर पर वस्तुओं का व्यापार मात्र 0.8 प्रतिशत बढ़ेगा। वर्ष 2023 में जिन क्षेत्रों के वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, उनमें विमान ईंधन, मोटर गैसोलीन, स्मार्टफोन, बासमती चावल, मध्यम आकार की कार, टर्बो-जेट और वाहन कलपुर्जे शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान स्मार्टफोन निर्यात लगभग 93 प्रतिशत बढ़कर 14 अरब डॉलर होने की उम्मीद है, जबकि 2022 में यह 7.2 अरब डॉलर था। इस तरह 2023 में स्मार्टफोन भारत के लिए एक बड़ी सफलता की कहानी के रूप में उभरेगा। यह महत्वपूर्ण वृद्धि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात की कुल वृद्धि में योगदान देगी, जो 26.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 26.8 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात आठ प्रतिशत से अधिक बढ़कर 81 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है।

# कमजोर मांग से तेल तिलहनों के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली ।** देशी और आयातित खाने के तेलों की लिवाली कम होने से शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के भाव पहले की तरह रहे जबकि सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। शिकॉगो एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों की नई फसल आने वाली है और किसानों, सहकारी संस्थाओं (नेफेड) के पास सरसों का पहले का बचा स्टॉक रह गया है जो सस्ते आयातित तेलों की वजह से बाजार में नहीं खप पाया। उन्होंने बताया कि अधिक लागत वाली सरसों की नई फसल आने को तैयार है। सस्ते आयातित तेल का मिलना जारी है तो ऐसे में नई सरसों आने के बाद क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यह नया सरसों कहां खपेगा, यह देखा जाना अभी बाकी है। अगर सरसों फिर नहीं खपी तो आगे सरसों के साथसाथ अन्य तिलहनों की बुआई पर इसका असर देखने को मिल सकता है। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 5,300-5,350 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,875-6,950 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,000 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,385-2,660 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी- 9,850 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,680 -1,775 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,680 -1,790 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 9,725 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,575 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,075 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 7,600 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 8,350 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 8,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला- 7,925 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 5,000-5,050 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,800-4,850 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

# देश के कई बड़े शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुआ बदलाव

**- ब्रेंट क्रूड का भाव मामूली रूप से टूटकर 76.55 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**




सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को देश के कई बड़े शहरों में पेट्रोल और डीजल के खुदरा भाव बदल दिए हैं। यूपी हो हरियाणा या फिर बिहार सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में रविवार को तेल की कीमतों में बदलाव हुआ है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच वै श्विक बाजार में क्रूड की कीमतों में भी मामूली गिरावट देखी गई। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गाजियाबाद में पेट्रोल 14 पैसे महंगा होकर 96.58 रुपये लीटर हो गया है, जबकि डीजल 13 पैसे चढ़कर 89.75 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 20 पैसे सस्ता हो गया और 107.54 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 19 पैसे गिरकर 94.32 रुपये लीटर हो गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में पेट्रोल 1 पैसे महंगा हुआ और 96.97 रुपये लीटर हो गया है, डीजल भी 1 पैसे बढ़त के साथ 89.84 रुपये लीटर बिक रहा। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में मामूली बदलाव हुआ है। ब्रेंट क्रूड का भाव मामूली रूप से टूटकर 76.55 डॉलर प्रति बैरल के भाव चल रहा है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी वैश्विक बाजार में 71.43 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपये और डीजल 94.32 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 96.97 रुपये और डीजल 89.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# विदेशी निवेशक तोड़ेंगे रिकॉर्ड, 8.5 माह में 1.74 लाख करोड़ के खरीदे शेयर



**मुंबई ।**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस महीने में जब से शेयर बाजार में वापसी की है, सेंसेक्स लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। एफआईआई ने चालू वित्त वर्ष अप्रैल से अब तक के साढ़े आठ महीने में 1.74 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश शेयर बाजार में किया है। विश्लेषकों को उम्मीद है कि ये निवेशक 2023-24 में किसी भी वित्त वर्ष में निवेश का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। निवेश का यह तेज रुझान जारी रहा तो मई से पहले सेंसेक्स 75,000 को भी पार कर सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों के बल पर सेंसेक्स ने इस महीने तीन रिकॉर्ड बनाए हैं। भाजपा के पक्ष में आए तीन राज्यों के चुनावी नतीजों के बाद इन निवेशकों ने बाजार में जमकर निवेश किया। इससे पांच दिसंबर को सेंसेक्स ने 69,000 का रिकॉर्ड तोड़ा। उसके बाद 70,000 और फिर अब 71,000 का रिकॉर्ड तोड़ कर 72,000 का भी आधा रास्ता तय कर लिया है। इक्विटी के साथ ही डेट में भी इन निवेशकों ने इस साल 55,836 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दरअसल, जेपी मॉर्गन ने अपने उभरते इंडेक्स में भारत के सरकारी बांड को अगले साल से शामिल करेगा। इस वजह से विदेशी निवेशक डेट में निवेश बढ़ा रहे हैं। बाजार के जानकारों ने बताया कि विदेशी निवेशकों ने पिछले हफ्ते जमकर खरीदारी की है। आने वाले हफ्तों में भी हम इसी तरह की जोरदार खरीदी देख सकते हैं। ऐसे में बाजार में इसका सकारात्मक असर दिख सकता है।

# अदाणी ग्रुप का घाटा कम होकर 64 बिलियन डॉलर रह गया

**मुंबई ।**

देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदाणी के लिए साल 2023 काफी मुश्किलों भरा रहा है। इस साल जनवरी के महीने में उन्हें मेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन, फ्रॉड ट्रांजेक्शन, अकाउंटिंग फ्रॉड जैसे गंभीर आरोपों का सामना करना पड़ा। ग्रुप लगातार आरोपों का खारीज करता रहा। अदाणी से अपने एजीएम में रिपोर्ट पर चुप्पी तोड़ते हुए, इसे भारत पर कैलकुलेटेड अटैक करार दिया था, ले किन मामले की जांच सेबी के द्वारा की गई। इसके कारण कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। अदाणी ग्रुप की नौ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण में 150 बिलियन डॉलर के आसपास कम हो गई। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत अभी भी बाजार में 18 प्रतिशत कम है। हालांकि अब कंपनी के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अदाणी ग्रुप की कंपनियों का घाटा काफी हद तक कम हो गया है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक अदाणी ग्रुप का घाटा शुक्रवार तक घटकर केवल 64 बिलियन डॉलर रह गया है। साथ ही रिसर्च रिपोर्ट के बाद भी अदाणी पोर्टस के शेयर 36 प्रतिशत और अदाणी पॉवर के शेयर में करीब 18 प्रतिशत मुनाफा दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अदाणी ग्रुप ने संकट से निकलने के लिए मजबूत स्टैटिजी बनाई। इसके तहत ग्रुप ने जीक्यूजी और अबूधावी कोंगलोमीरेट इंटरनेशनल हो ल्डिंग जैसे बड़े निवेशकों के साथ हाथ मिलाया। इससे शेयरहोल्डिंग को मजबूती मिली। हालांकि, इस दौरान कंपनी ने स्टॉक से समर्थित लोन का भी रीपेमेंट किया। कंपनी ने तीन मजबूत फ्रंट पर काम करना शुरू किया. रैपिड ग्रोथ, लिवरेज और वैल्यूएशन में लगातार सुधार के बारे में सोचा। अब ग्रुप का नेट प्रॉफिट करीब 22 बिलियन डॉलर के करीब है। साथ ही कैश फ्लो के लिए प्रॉक्सी भी काफी हद तक बढ़ गया है। कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेशियो 3.3 गुना से घटकर 2.5 गुना हो गया।

## 140 करोड़ रुपये में हीरो मोटोकॉर्प ने एथर एनर्जी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी में हीरो मोटोकॉर्प ने लगभग 140 करोड़ रुपये में 3 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीद ली है। नियामक फाइलिंग के अनुसार हीरो मोटोकॉर्प ने एथर एनर्जी के मौजूदा शेयरधारकों से अतिरिक्त शेयरों की खरीद के माध्यम से निवेश किया। एथर एनर्जी में अब हीरो मोटोकॉर्प की 39.7 फीसदी हिस्सेदारी हो गई है। सितंबर में एथर ने राइट्स इश्यू के जरिए हीरो मोटोकॉर्प और वैश्विक निवेश फर्म जीआईसी से 900 करोड़ रुपये जुटाए थे। गौरतलब है कि एथर कथित तौर पर अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए तैयारी कर रहा है और उसकी 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत में सूचीबद्ध होने की योजना है। इस बीच, वित्तीय वर्ष 2022-23 में एथर एनर्जी का घाटा 2.5 गुना से अधिक बढ़ गया। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल वार्षिक वित्तीय विवरण के अनुसार ईवी स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 2013 में 864.5 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2012 में 344.1 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

## वैश्विक रुख, एफपीआई की गतिविधियां तय करेगी शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

**- कच्चे तेल की कीमत अमेरिका, चीन के वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे**

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख घटनाक्रम के अभाव में शेयर बाजारों की दिशा वै श्विक रुझान और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से निकट अवधि में बाजार में कुछ गिरावट आ सकती है। बाजार के जानकारों ने कहा  कि पिछला सप्ताह मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत घटनाक्रम से प्रभावित था। अब सभी का ध्यान बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसले पर है, जिसकी घोषणा 19 दिसंबर को होगी। इसके अलावा कच्चे तेल के दाम और अमेरिका, चीन के वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। एक अन्य बाजार विश्लेषक ने कहा कि तकनीकी रूप से अत्यधिक खरीद की स्थितियों के कारण निकट अवधि में बाजार नीचे आ सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बाजार के लिए निकट अवधि का दृष्टिकोण तेजड़ियों के पक्ष में बना हुआ है। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक खबरों जैसे सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर, विनिर्माण पीएमआई के बढ़कर 56 तक पहुंचने, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल तक आने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लिवाली से बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों से सकारात्मक संकेतकों के कारण बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मजबूत घरेलू औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के साथ सकल घरेलू उत्पाद पर रिजर्व बैंक की सकारात्मक टिप्पणी की वजह से बाजार ऊंचाई पर पहुंचा। अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल घटने और फेडरल रिजर्व द्वारा 2024 में नीतिगत दर में कई बार कटौती करने के संकेतों से बाजार को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि ऊंचे मूल्यांकन और अल नीनो को लेकर चिंता की वजह से निकट अवधि में बाजार में कुछ गिरावट आ सकती है।

## फॉक्सवैगन ने केंद्र के साथ किया समझौता

**चेन्नई ।** वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी फॉक्सवैगन इंडिया ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपने उत्पादों को पेश करने के लिए केंद्र की केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) योजना के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत फॉक्सवैगन इंडिया देश भर में केपीकेबी योजना के लाभार्थियों के लिए अपनी कारों की पूरी श्रृंखला लांच कर रही है। गृह मंत्रालय ने केपीकेबी योजना 2006 में एक कल्याणकारी पहल के रूप में शुरू की थी। यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सेवारत और सेवानिवृत्त जवानों और उनके परिवारों को विशेष लाभ देती है। कंपनी ने कहा कि इस पहल के जरिए कंपनी को अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही लाभार्थियों को अधिक उचित मूल्य पर विश्व स्तरीय उत्पाद मिल सकेंगे।


## एफसीआई ने प. बंगाल में 4.29 लाख टन गेहूं, 14,760 टन चावल बेचा

**कोलकाता ।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ई-नीलामी के जरिए पश्चिम बंगाल में 4.29 लाख टन गेहूं और 14,760 टन गैर-फोर्टिफाइड चावल की बिक्री की है। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि इस साल जून से दिसंबर तक खुले बाजार की 25 ई-नीलामी में यह खाद्यान्न बेचा गया। एफसीआई के उप महाप्रबंधक (पश्चिम बंगाल) प्रदीप सिंह ने कहा कि खुले बाजार की बिक्री योजना (घरेलू) का संचालन एम-जंक्शन के ई-नीलामी पोर्टल के जरिए किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न की कीमतों को स्थिर करने और आम जनता को राहत देने के लिए एफसीआई ने खुले बाजार में 25 ई-नीलामी के जरिए पश्चिम बंगाल में 4.29 लाख टन गेहूं और 14,760 टन गैर-फोर्टिफाइड चावल बेचा है। सिंह ने कहा कि एफसीआई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से अनाज की मुफ्त आपूर्ति जारी रखेगा। अपनी दृष्टि 100 फीसदी ठीक करें और चश्मे से जुड़ी समस्याओं को भूल जाएं। ई-नीलामी के जरिए बिक्री में गेहूं का आरक्षित मूल्य 2,150 रुपये प्रति क्विंटल है, वहीं गैर-फोर्टिफाइड चावल के लिए यह राशि 2,900 रुपये प्रति क्विंटल है। सिंह ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति केवल पीडीएस के माध्यम से की जाती है।




## विदेशी निवेशकों ने 2023 में भारतीय शेयर बाजारों में डाले डेढ़ लाख करोड़

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2023 में भारतीय शेयर बाजार में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का  निवेश किया है। निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच देश की अर्थव्यवस्था को लेकर भरोसे के चलते भारतीय बाजारों के प्रति विदेशी निवेशकों का आकर्षण बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि एफपीआई का यह सकारात्मक रुख अगले साल यानी 2024 में भी जारी रह सकता है। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगे चलकर अगले साल होने वाले आम चुनाव के बीच राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक वृद्धि विदेशी निवेशकों के लिए प्रमुख मुद्दा रहेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति और ब्याज दर परिदृश्य भारतीय शेयरों में विदेशी प्रवाह की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि अपनी मजबूत आर्थिक वृद्धि के साथ भारत एफपीआई के आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में भी उन्होंने लगभग 60,000 करोड़ रुपये डाले हैं। कुल मिलाकर उनका निवेश दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।  एफपीआई ने 2021 में शेयरों में 25,752 करोड़ रुपये, 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपये और 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपये डाले थे।



# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.26 लाख करोड़ बढ़ा

**- सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस रही**

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2.26 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस सहित नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 2,26,391.77 करोड़ रुपये बढ़ गया। सिर्फ भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 85,493.74 करोड़ रुपये बढ़कर 14,12,412.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में टीसीएस ही रही। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 36,793.61 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,55,457.54 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 30,700.67 करोड़ रुपये बढ़कर 5,78,671.84 करोड़ रुपये पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 26,386.16 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 16,88,173.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,493.9 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,330.82 करोड़ रुपये पर और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 14,294.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,03,722.82 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का



मूल्यांकन 11,412.78 करोड़ रुपये बढ़कर 5,71,636.39 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 2,428.72 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 12,57,093.46 करोड़ रुपये रहा।

हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सप्ताह के दौरान 387.69 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार मूल्यांकन 5,92,801.88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के` विपरीत भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 3,654.15 करोड़ रुपये घटकर 5,58,242.75 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल और एलआईसी का स्थान रहा।

# विदर्भ के युवाओं ने बनाई हाइड्रोजन से चलने वाली कार

**- फडणवीस ने दिया हर संभव मदद का भरोसा**

**नागपुर ।**

चंद्रपुर और यवतमाल के युवाओं ने भविष्य की समस्या को देखते हुए हाइड्रोजन कार बनाई है। यह कार 150 रुपए में 250 किलोमीटर चल सकती है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीते दिनों युवाओं से मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने उपमुख्यमंत्री को कार से जुडी हर चीजें बताई। जानकारी लेने के बाद उपमुख्यमंत्री ने कार के निर्माण और उसे सड़क पर लाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। फडणवीस के पहले बीते वर्ष केंद्रीय राजमार्ग और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी कार को लेकर युवाओं की प्रशंशा की थी। इस दौरान उन्होंने भी केंद्रीय स्तर पर लगने वाली हर मदद करने का आश्वासन दिया था। यवतमाल के वाणी में रहने वाले हर्षल नकसने और चंद्रपुर जिले के वरोरा निवासी वैभव मंडवाकर ने अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर यह कार बनाई है। इसका नाम सोनिक वन रखा गया है। हाइड्रोजन से चलने वाली इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नियंत्रित किया जा सकता है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ हर्षल नकसने ने बताया कि कार के निर्माण में 70 लाख रूपये खर्च किया गया है। परिवार और दोस्तों से फंड लेकर कार को बनाया गया। कार के निर्माण के लिए एक वर्कशॉप बनाया जहां, 18 महीने की मेहनत कर कार का निर्माण किया गया। नकसाने ने कहा कि कार पूरी तरह मेक इन इंडिया है। इसमें इस्तेमाल एक भी चीज बाहर से नहीं मंगाई गई है।

कंपनी के अन्य संस्थापक वैभव मंडवाकर ने बताया कि कार की डिजाइन से लेकर इंजन तक का निर्माण हमने खुद किया है। कार को ऑफ रोड और ऑन रोड के हिसाब से बनाया गया है, जिससे इसे कहीं भी ले जाया जा सके। हमारी कंपनी को स्टार्टअप कंपनी के तौर पर डीपीआइआइटी का प्रमाणपत्र मिल गया है।

## कायनेटिक जुलु इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

**-ताबड़तोड़ मिलेगी जबर्दस्त रेंज**

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्कूटर बाजार में काइनेटिक ग्रीन ने कायनेटिक जुलु इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च किया है। कंपनी के दावे के अनुसार, काइनेटिक जुलु पूरी तरह से मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटर है और इसकी डिलीवरी अगले साल शुरू की जाएगी। कंपनी ने इसकी कीमत 94,900 रुपये (एक्स-शोरूम) तय की है। इच्छुक ग्राहक इस स्कूटर को कंपनी के ऑफिशियल वेबसाइट और अधिकृत डीलरशिप के माध्यम से बुक कर सकते हैं। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की रेंज और फीचर्स को देखकर कहा जा सकता है कि ये बाजार में ओला एस1 एक्स+ और टीवीएस आईक्यूब को तगड़ी टक्कर दे सकता है.लुक और डिज़ाइन की बात करें तो काइनेटिक जुलु में कंपनी ने एलईडी हेडलैंप, एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर, ऑटो कट चार्जर और साइड स्टैंड सेंसर जैसी सुविधाएं दी गई है।अगर स्कूटर का स्टैंड नीचे होगा तो स्कूटर आगे नहीं बढ़ेगी और इंस्ट्रूमेंट कंसोल पर अलर्ट लाइट ब्लिंक होगी।यूजर को सामान रखने में सुविधा हो इसलिए स्कूटर के अंडरसीट स्टोरेज में भी लाइट दी गई है।काइनेटिक जुलु की रेंज की बात करें तो यह स्कूटर फुल चार्ज में 104 किलोमीटर तक की रेंज ऑफर करेगा। बेहतर राइडिंग एक्सपीरियंस के लिए स्कूटर के फ्रंट में टेलीस्कोपिक फोर्क के साथ दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक का इस्तेमाल किया है। कंपनी ने इसमें 2.27केडब्ल्यूएच की क्षमता के लिथियम-आयन बैटरी इस्तेमाल किया है।



# मोक्षदा एकादशी

## श्री हरि पूजा से विशेष फल

**हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। मार्गशीर्ष मास के अगहन शुक्लपक्ष की एकादशी को मोक्षदा एकादशी कहा जाता है।**

पद्मपुराणमें भगवान श्रीकृष्ण धर्मराज युधिष्ठिर से कहते हैं–इस दिन तुलसी की मंजरी, धूप–दीप आदि से भगवान दामोदर का पूजन करना चाहिए। मोक्षदाएकादशी बडे–बडे पातकों का नाश करने वाली है। इस दिन उपवास रखकर श्रीहरिके नाम का संकीर्तन,भक्तिगीत,नृत्य करते हुए रात्रि में जागरण करें। पूर्वकाल में वैखानस नामक राजा ने पर्वत मुनि के द्वारा बताए जाने पर अपने पितरोंकी मुक्ति के उद्देश्य से इस एकादशी का सविधि व्रत किया था। इस व्रत के पुण्य–प्रताप से राजा वैखानस के पितरोंका नरक से उद्धार हो गया। जो इस कल्याणमयीमोक्षदा एकादशी का व्रत करता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। प्राणियों को भवबंधन से मुक्ति देने वाली यह एकादशी चिन्तामणि के समान समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाली है। मोक्षदा एकादशी की पौराणिक कथा पढ़ने–सुनने से वाजपेययज्ञ का पुण्यफलमिलता है। मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी के दिन ही कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीताका उपदेश दिया था। अतऱ्यह तिथि गीता जयंती के नाम से विख्यात हो गई। इस दिन से गीता–पाठ का अनुष्ठान प्रारंभ करें तथा प्रतिदिन थोडी देर गीता अवश्य पढें। गीतारूपीसूर्य के प्रकाश से अज्ञानरूपीअंधकार नष्ट हो जाएगा।

### मोक्षदा एकादशी व्रत–विधान

मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष को आने वाली यह एकादशी जन्म–मृत्यु के बंधन से मुक्त कराती है। इस व्रत को धारण करने वाला मनुष्य जीवन भर सुख भोगता है और अपने समय में निश्चित ही मोक्ष को प्राप्त होता है। मोक्ष दिलाने वाले इस दिन को मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं।

### विधि–विधान

इस दिन प्रातः स्नानादि कार्यों से निवृत्त होकर प्रभु श्रीकृष्ण का स्मरण कर पूरे घर में पवित्र जल छिड़ककर अपने आवास तथा आसपास के वातावरण को शुद्ध बनाएँ। पश्चात पूजा सामग्री तैयार करें। तुलसी की मंजरी (तुलसी के पौधे पर पत्तियों के साथ लगने वाला), सुगंधित पदार्थ विशेष रूप से पूजन सामग्री में रखें। गणेशजी, श्रीकृष्ण और वेदव्यासजी की मूर्ति या तस्वीर सामने रखें। गीता की एक प्रति भी रखें। इस दिन पूजा में तुलसी की मंजरियाँ भगवान श्रीगणेश को चढ़ाने का विशेष महत्व है।

चूँकि इसी दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को रणभूमि में उपदेश दिया था अतः आज के दिन उपवास रखकर रात्रि में गीता–पाठ करते हुए या गीता प्रवचन सुनते हुए जागरण करने का भी काफी महत्व है। पूजा–पाठ कर व्रत कथा को सुनें, पश्चात आरती कर प्रसाद बाँटें।

### व्रत–कथा

काफी समय पुरानी बात है, चम्पक नामक नगर में एक ब्राह्मण वास करता था। वहाँ का राजा वैखानस काफी दयालु था, वह अपनी प्रजा को संतान की तरह प्यार करता था। एक दिन राजा ने स्वप्न में देखा कि उनके पिता नरक में घोर यातनाएँ भुगत कर विलाप कर रहे हैं।

राजा की नींद खुल गई। अब वह बेचैन हो गया। प्रातः उसने अपने दरबार में सभी ब्राह्मणों को बुलाया और स्वप्न की सारी बात बता दी। फिर सभी ब्राह्मणों से प्रार्थना की कि कृपा कर कोई ऐसा उपाय बताओ, जिससे मेरे पिता का उद्धार हो सके। ब्राह्मणों ने राजा को सलाह दी कि यहाँ से थोड़ी दूरी पर महा विद्वान, भूत–भविष्य की घटनाओं को देखने वाले पर्वत ऋषि रहते हैं, वे ही आपको उचित मार्गदर्शन दे सकेंगे। तत्काल राजा पर्वत ऋषि के आश्रम में गया और ऋषिवर को प्रार्थना की कि हे मुनि! कृपाकर मुझे ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरे पिता को मुक्ति मिल जाए। राजा की बात सुन ऋषि बोले, तुम्हारे पिता ने अपने जीवन काल में बहुत अनाचार किए थे, जिसकी सजा वे नरक में रहकर भुगत रहे हैं। यदि आप चाहते हैं कि आपके पिता की मुक्ति हो जाए तो आप मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष को आने वाली मोक्षदा एकादशी का उपवास करें। राजा वैखानस ने वैसा ही किया, फलस्वरूप उनके पिता को मोक्ष की प्राप्ति हुई। अतः जो भी व्यक्ति इस त्योहार को धारण करता है, उसे स्वयं को तो मोक्ष मिलता ही है, उसके माता–पिता को भी मोक्ष प्राप्ति होती है।




# चंपा षष्ठी

## पर मार्तण्ड पूजन

होलकर राजवंश के कुल देवता मल्हारी मार्तण्ड की चंपा षष्ठी की रात्रि बैंगन छठ का आयोजन होता है। खंडोबा को ही मल्हारी मार्तण्ड भी कहा गया। चौंसठ भैरवों में मार्तण्ड भैरव भी एक हैं। वैसे सूर्य को भी मार्तण्ड कहा गया है। जैसे बिहार में छठ पूजा, सूर्य पूजा का महत्व है, उसी तरह महाराष्ट्र में बैंगन छठ का। महाराष्ट्र और सुदूर मालवा में बसे मराठी भाषियों में मल्हारी मार्तण्ड की नवरात्रि का आयोजन मार्गशीर्ष प्रतिपदा से मार्गशीर्ष शुद्ध षष्ठी तक पाँच दिन के उपवास के उपरांत मल्हारी मार्तण्ड की षडरात्रि बोल सदानंदाचा येळकोट येळकोट के साथ संपन्न होती है। महाराष्ट्र में जैजूरी खंडोबा का मुख्य स्थान है, जो होळ गाँव के पास है। इंदौर के शासक इसी होळ गाँव के होने से होलकर कहलाए और खंडोबा उनके कुल देवता। इस अवसर पर बाजरे की रोटी एवं बैंगन के भुरते का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## वास्तु

### किस दिशा में लगाएं शिवशंभू का चित्रपट जिससे घर में आए सुख–समृद्धि



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सकारात्मकता लाने के लिए देवी–देवताओं के चित्रपट अंकित किए जाते हैं। जिससे घर का वातावरण शुद्ध और पवित्र बना रहता है। घर में देवी–देवताओं के चित्रपट तो सभी लगाते हैं मगर सही दिशा में सही चित्रपट लगाकर कोई भी अपना जीवन सुख–समृद्धि से पूर्ण बना सकता हैं तो आइए जानते हैं वास्तु के अनुसार घर में शिवशंभू का चित्रपट घर में किस दिशा में लगाने से शुभ फल मिलता है।

शिवशंभू का चित्रपट घर में लगाने से प्रतिदिन उनके दर्शनों का शुभ अवसर प्राप्त होता है और उनका आशीर्वाद बना रहता है। इनका चित्रपट घर में ऐसे स्थान पर लगाएं जहां से आते–जाते सभी तरफ से दर्शन होते रहें।

शिवशंभू का चित्रपट लगाने के लिए उत्तर दिशा सर्वोत्तम है क्योंकि कैलाश पर्वत उत्तर दिशा में स्थित है और यह शिवशंभू का घर भी है। जिस स्थान पर चित्रपट को लगाना हो साफ और स्वच्छ करके गंगा जल छिड़क कर ही चित्रपट स्थापित करें।

### घर बनाते समय पैसों की दिक्कत से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें



1 ध्यान रखे यदि आपका प्लाट पूर्वमुखी हो तो पूर्व ईशान में, दक्षिणमुखी है तो दक्षिण आग्नेय में, पश्चिममुखी है तो पश्चिम वायव्य में और उत्तरमुखी हो तो उत्तर ईशान में मुख्यद्वार रखकर भवन निर्माण करें। यदि पूर्व में पूर्व आग्नेय, दक्षिण में दक्षिण नैऋत्य, पश्चिम में पश्चिम नैऋत्य और उत्तर में उत्तर वायव्य में रखना मजबूरी हो तो ऐसी स्थिति में प्लाट को छोड़ देना ही समझदारी है, क्योंकि इन स्थानों पर मुख्यद्वार होने पर वास्तुनुकूल भवन निर्माण हो ही नहीं सकता।

2 प्लाट पर पूजा के बाद सर्वप्रथम भूमिगत पानी की टंकी और उसके बाद सोक पीट, चेम्बर इत्यादि बनाए इससे भवन निर्माण में पैसों की दिक्कत नहीं आती है। प्रभु की कृपा से कहीं से भी व्यवस्था हो जाती है। इसमें भरे पानी को भवन निर्माण के दौरान उपयोग में लाएं। सभी प्रकार के टैंक के साईज लम्बाई, चैड़ाई एवं गहराई 4, 6, 8, 10, 11 फीट आकार में रख सकते हैं। ध्यान रहे यह माप तैयार टैंक के अंदर का है, जैसे 4′×6′×6′, 6′×6′×6′, 4′×10′×8′ साथ ही यह भी ध्यान रखें कि सभी प्रकार के टैंक के ऊपर का स्लैब उसके पास की जमीन के लेवल के बराबर होना चाहिए। किसी भी हालात में टैंक का स्लैब पास की जमीन के लेवल से ऊंचा नहीं होना चाहिए और उनमें लगने वाले पाईप भी जमीन के अंदर ही रहें।

3 भवन के आंगन, बरामदा, प्रत्येक कमरे, टॉयलेट बाथरूम सहित आदि के फर्श का लेवल इस प्रकार रखें कि साफ–सफाई के दौरान बहने वाला जल दक्षिण, पश्चिम और नैऋत्य से ईशान, उत्तर या पूर्व की ओर बहे। या फर्श समतल रखें ताकि ऐसा ना हो कि, भविष्य में सड़क का बार–बार डामरीकरण होने के कारण सड़क ऊंची हो जाए और प्लाट वह घर नीचा हो जाए।

4 टॉयलेट का पानी बाहर कमरों में ना आए उसके लिए कमरे और टॉयलेट के दरवाजे पर लगभग 2 इंच चैड़ी पत्थर की पट्टी लगा दे।

5 प्लाट की जमीन का लेवल यदि सड़क पक्की हो तो कम से कम 1 फीट ऊंचा रखे और कच्ची हो तो 2 फीट ऊंचा रखे और भवन का लेवल प्लाट के लेवल से कम से कम डेढ फीट ऊंचा रखे और यदि बेसमेंट बनाए तो ढाई से तीन फीट ऊंचा रखें।

# अनंग त्रयोदशी

## शक्ति, भक्ति व प्रेम का व्रत



अगहन शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन अनंग त्रयोदशी का व्रत रखा जाता है। अनंग त्रयोदशी व्रत भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। इस व्रत में भगवान शिव के साथ ही साथ उनके भक्त कामदेव एवं उनकी पत्नी रति देवी की भी पूजा की जाती है। यह शक्ति, भक्ति एवं प्रेम का व्रत है। इस व्रत का प्रारम्भ कामदेव और रति ने किया था। अनंग त्रयोदशी व्रत की कथा सुन्दर और अलौकिक है।

### अनंग त्रयोदशी व्रत विधि

अनंग त्रयोदशी के दिन व्रत रखने वाले को स्नानादि से निवृत होकर भगवान शंकर के साथ–साथ माता पार्वती एवं कामदेव और रति की भी पूजा करनी चाहिए। पूजा के पश्चात ब्रह्मण को भोजन करवाकर उन्हें यथासंभव दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद ग्रहण करें। संध्या के समय पुनः इन सभी देवी–देवताओं की पूजा करने के बाद भोजना ग्रहण कर सकते हैं।

### अनंग त्रयोदशी व्रत कथा

सती द्वारा दक्ष प्रजापति के यज्ञ में कूदकर आत्मदाह करने के बाद भगवान शिव विचलित हो उठे और सती के शव को कधे पर लेकर विचरन करने लगे। शिव के ह्रदय में उत्पन सती के मोह को समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने सती के शव को अपने चक्र से खण्डित कर दिया। इसके बाद शिव का मोह समाप्त हो गया और वह योग साधना में लीन हो गए।

### अनंग त्रयोदशी व्रत कथा

दूसरी ओर राक्षस राज तारकासुर का अत्याचार बढ़ता जा रहा था। उसने देवलोक पर आक्रमण करके देवराज इन्द्र को पराजित कर दिया। देवतागण अपनी दुर्दशा से काफी दुःखी हुए और ब्रह्मा जी के पास अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए, ब्रह्मा जी ने देवताओं की समस्या को सुनकर काफी विचार किया और कहा कि तारकासुर का अंत केवल शिव पुत्र कर सकता है। इस उत्तर को सुनकर देवतागण चिंतित हो उठे क्योंकि, शिव सती के वियोग में साधना में ध्यानमग्न थे। शिव को साधन से जगाना फिर उनका विवाह कराना देवता को असंभव कार्य लग रहा था।

देवताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए कामदेव ने शिव को समाधि से जगाने का आश्वासन दिया। कामदेव रति के साथ मिलकर शिव को समाधि से जगाने में सफल हो गया किन्तु क्रोध में आकर शिव ने कामदेव पर अपनी तीसरे नेत्र खोल दी जिससे कामदेव जलकर भष्म हो गया। कमादेव के भष्म हो जाने पर रति विलाप करने लगी तब देवताओं ने शिव से सब हाल कह सुनाया।

देवताओं की बात सुनकर शिव जी को अपनी ग़लती का एहसास हुआ और उसने रति से कहा कि कामदेव अभी भी जीवित हैं किन्तु वह अनंग हैं अर्थात वह बिना शरीर के हैं। सशरीर कामदेव को पाने के लिए तुम्हें त्रेतायुग तक प्रतीक्षा करनी होगी। इस युग में जब विष्णु कृष्ण रूप में अवतार लेंगे तब उनके पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव तुम्हें सशरीर प्राप्त होंगे।

### अनंग त्रयोदशी के दिन कंदर्पेश्वर महादेव का दर्शन

कामदेव का एक नाम कंदर्प भी है। अनंग त्रयोदशी के दिन उज्जैन स्थित कंदर्पेश्वर महादेव का दर्शन अत्यंत पुण्यदयी माना गया है। इस दिन जो भक्त यहां आकर शिव का दर्शन प्राप्त करता है उसे देवलोक की प्राप्ति होती है।

### अनंग त्रयोदशी का महात्म्य

रति को पद्युम्न के रूप में पुनः कामदेव मिलने की बात कहने के बाद शिव ने रति से यह भी कहा कि अनंग त्रयोदशी के दिन जो भक्त विधि पूर्वक व्रत और पूजन करेगा उनका दाम्पत्य जीवन खुशहाल होगा। उनकी गृहस्थी में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी। इस व्रत को करने से संतान सुख भी प्राप्त होता है।

## जेल से लौटे सिद्धू बोले-पंजाब की जेलों में बिक रहा है ड्रग्स, गलत निकले तो राजनीति छोड़ दूंगा

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि यदि मैं गलत निकलूं तो हमेशा के ल लिए राजनीति छोड़ दूंगा। ये दावा ड्रग्स को लेकर किया गया है। सिद्धू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर इस मामले को लेकर ऐक्शन न लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हाई कोर्ट ने हफ्ते भर में इस मुद्दे पर पॉलिसी बनाने को कहा है। सीएम मान खुद ही जेल मंत्री हैं। आखिर उन्होंने क्या किया? ड्रग टैबलेट्स जेल के अंदर बेचे जा रहे हैं। नवजोत सिंह सिद्धू 10 महीने जेल में बिताकर लौटे हैं। दरअसल, 1988 के रोड रेज मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। मालूम हो कि इस घटना में पटियाला के रहने वाले गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी। कारावास के दौरान सिद्धू के अच्छे आचरण को देखते हुए उन्हें जेल की अवधि समाप्त होने से पहले ही रिहा कर दिया गया। जेलों के अंदर नशीली दवाओं की बिक्री को लेकर सिद्धू ने ऐसे समय में आरोप लगाए हैं जब पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने इस मामले पर अहम निर्देश दिया है। अदालत ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को दोनों राज्यों में नशीली दवाओं की लत से पीड़ित लोगों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब में बढ़ते कर्ज और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी मान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार निर्धारित उद्देश्यों के लिए केंद्रीय धन का इस्तेमाल नहीं कर रही है। इसी वजह से केंद्र ने पंजाब के लिए 8,000 करोड़ रुपये का धन रोक दिया है। सिद्धू ने कहा कि राज्य सरकार के पास केंद्रीय योजना में अपना 40त्न हिस्सा देने के लिए भी धन नहीं बचा है।



## देश के कई शहरों से अयोध्या के लिए चलेगी 1,000 से अधिक विशेष ट्रेन, भव्य उद्घाटन के बाद अगले 100 दिनों तक चलेगी

नई दिल्ली । अयोध्या 22 जनवरी को नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे भक्तों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से 1,000 से अधिक विशेष ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। इन ट्रेनों का संचालन 19 जनवरी से शुरू होकर भव्य उद्घाटन के अगले 100 दिनों तक चलेगा, ताकि श्रद्धालु पवित्र शहर की यात्रा कर सकें। ये विशेष ट्रेनें तीर्थयात्रियों के लिए दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, नागपुर, लखनऊ और जम्मू सहित प्रमुख शहरों से अयोध्या तक चलेंगी। सूत्रों के मुताबिक, मांग को देखकर भारी पैमाने पर ट्रेन चलाए जाएंगे। अधिक संख्या में आने वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए अयोध्या स्टेशन को भी नया रूप दिया गया है। विशेष ट्रेनों के अलावा, रेलवे का खानपान और टिकटिंग विभाग भी उद्घाटन के इन 10-15 दिनों के दौरान चौबीसों घंटे तीर्थयात्रियों के लिए सेवाएं प्रदान करने की व्यवस्था कर रहा है। रेलवे अधिकारियों ने राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भक्तों की मांग को पूरा करने के लिए कई फूड स्टॉल लगाने की भी योजना बनाई है। अयोध्या रेलवे स्टेशन अब लगभग 50,000 व्यक्तियों की दैनिक आवाजाही को संभाल सकता है। यह 15 जनवरी तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। बता दें कि भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद 23 जनवरी से मंदिर जनता के लिए खुला रहेगा। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का काम इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को होगा। मंदिर परिसर में राम लला की मूर्ति स्थापित करने के समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन के आसपास की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार है। मंदिर परिसर में प्रवेश करने वाले भक्तों को 320 फीट की दूरी से भगवान रामलला के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन के दिन सभी राम भक्तों को प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। दर्शन के लिए भक्तों को चार पंक्तियों में व्यवस्थित किया जाएगा, एक दिन में डेढ़ से ढाई लाख लोगों के भगवान राम के दर्शन करने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में पुलिस पर हमला करने वाले तीन आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर जिले में पुलिस पर हमला करने वाले तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एक स्थानीय पुलिसकर्मी पर हमले के आरोप में तीन आतंकवादियों को पकड़ा है। बता दें कि 9 दिसंबर को आतंकियों ने श्रीनगर जिले के बेमिना इलाके के हमदानिया कॉलोनी के पास सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद हाफिज चक पर फायरिंग कर दी थी। इस समय घायल पुलिस कांस्टेबल का श्रीनगर में सेना के बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बेमिना थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिसकर्मी पर हमले की जांच शुरू कर दी है। तकनीकी और पुष्ट साक्ष्यों के आधार पर जांच के दौरान, कुछ संदिग्धों को पकड़कर लगातार पूछताछ करने पर तीन संदिग्धों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। इनमें इम्तियाज अहमद खांडे, दानिश अहमद मल्ला और मेहनान खान शामिल हैं। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपी व्यक्तियों के खुलासे पर 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन और 65 गोलियों सहित अपराध के हथियार और हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पाक स्थित हैंडलर हमजा बुरहान के संपर्क में थे, जिसने उनके साथ मिलकर श्रीनगर शहर में एक पुलिस कर्मी को निशाना बनाने की साजिश रची थी। बाद में दानिश और इम्तियाज ने एक लक्ष्य की पहचान की और 9 दिसंबर, 2023 को अपनी योजना को अंजाम दिया। पुलिस ने कहा कि इस हमले के लिए हथियारों और गोला-बारूद की अवैध रूप से सीमा पार से तस्करी की भी गई थी।

## उद्योगपति सज्जन जिंदल पर लगाया महिला डॉक्टर ने रेप का आरोप

मुंबई । मुंबई की 30 वर्षीय एक महिला डॉक्टर ने एक प्रमुख उद्योगपति पर पिछले साल उसके साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मुंबई पुलिस में दर्ज एक शिकायत के अनुसार जुहू की रहने वाली महिला डॉक्टर ने 64 वर्षीय जिंदल ग्रुप के प्रमुख सज्जन जिंदल के खिलाफ 13 दिसंबर को बांद्रा कुर्ला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, पीड़िता का जिंदल से परिचय 8 अक्टूबर, 2021 को कोविड महामारी के दौरान दुबई के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के वीआईपी बॉक्स के अंदर एक आईपीएल मैच में हुआ था। जब जिंदल ने पूर्व सौंदर्य प्रतियोगिता विजेता पीड़िता से मिलना चाहा, तो उन्होंने संपर्क विवरण का आदान-प्रदान किया और व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया। दिसंबर 2021 में महिला ने कहा कि वह एक कार्यक्रम के लिए जयपुर गई थी, जहां उसकी दोबारा जिंदल से मुलाकात हुई और उन्होंने बातचीत की। फिर, पीड़िता के अनुसार, जिंदल ने कथित तौर पर उसके साथ सहज होने की कोशिश की, उसे बेब, बेबी जैसे शब्दों से बुलाया और सार्वजनिक स्थान पर मिलने के उसके सुझाव के बावजूद होटल में मिलने पर जोर दिया।

म ?हिला ने बताया कि वहां, जिंदल ने अपने रोमांटिक झुकाव का प्रदर्शन किया, उसे होटल के कमरे में पूरी गोपनीयता का आश्वासन दिया और अपना क्रेडिट कार्ड भी देने की पेशकश की, जिसे उसने अस्वीकार कर दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 24 दिसंबर, 2021 को जिंदल ने मुंबई के बांद्रा पश्चिम में एक पांच सितारा होटल में एक सुइट बुक किया। वे मिले और जिंदल ने कथित तौर पर अपनी वैवाहिक समस्याएं साझा कीं, फिर कथित तौर पर पीड़िता को गले लगाया और उसे चूमने का प्रयास किया, लेकिन उसने उनकी बात ठुकरा दी। बाद में, जिंदल ने कथित तौर पर उससे अपनी आकर्षक तस्वीरें भेजने के लिए कहा, लेकिन उसने नजरअंदाज कर दिया और उन्होंने उसे बंगला, कार और व्यवसाय में मदद की पेशकश के साथ लुभाने की भी कोशिश की। बाद में जब उन्होंने अपने रिश्ते को पंजीकृत विवाह के साथ कानूनी बनाने की मांग की, तो जिंदल समूह के मुखिया ने सामाजिक मानदंडों का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। फिर उन्होंने प्रस्ताव दिया कि वे विदेश में पति और पत्नी के रूप में रह सकते हैं, लेकिन उसने इनकार कर दिया। बीकेसी में अपने कार्यालय में कुछ और बैठकों के बाद, जिंदल ने कथित तौर पर उसे अपने कार्यालय के बाथरूम में ओरल सेक्स करने के लिए मजबूर किया। महिला डॉक्टर ने कहा कि वह उनके आचरण से आहत महसूस कर रही थी, यौन शोषण के कारण उसे बहुत मानसिक और भावनात्मक पीड़ा हुई, इसके परिणामस्वरूप उसे फरवरी में शिकायत दर्ज करनी पड़ी। हालांकि मामला वापस लेने के लिए उसे पैसे की पेशकश कर हतोत्साहित किया गया।

# आतंकवाद और भ्रष्ट तंत्र एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, पर हम इसे तोड़ देंगे: डीजीपी

### - जम्मू-कश्मीर पुलिस अपने कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निभा रही हैं कई भूमिकाएं




**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि पुलिस विभाग शून्य घुसपैठ, शून्य हथियार, गोला-बारूद की तस्करी, शून्य नशीले पदार्थों और शून्य आतंक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगा।

उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि आतंकवाद और भ्रष्ट तंत्र आपस में जुड़े हुए हैं, लेकिन हम इसे तोड़ देंगे और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम उस कथा, विचारधारा और दर्शन के खिलाफ काम करेंगे जो आतंकवाद को उचित ठहराता है, महिमामंडित करता है, समर्थन करता है और वैध बनाता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस जनता के व्यापक हित के लिए अपने कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कई भूमिकाएं निभा रही हैं और इस प्रक्रिया में कुछ क्षेत्रों में कमी हो सकती है, जिनमें सुधार किया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि जनता के समर्थन और सहयोग के बिना परिणामोन्मुखी पुलिसिंग संभव नहीं है। डीजीपी ने कहा, कानून का पालन करने वाले लोगों के लिए काम करना हमारा संकल्प है। कानून-व्यवस्था की स्थिति के संबंध में डीजीपी ने कहा कि 2023 में शून्य पथराव दर्ज किया गया।

व्यक्तिगत आतंकी घटनाओं के संबंध में डीजीपी ने कहा कि प्रगति को व्यक्तिगत घटनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि समग्र गिरावट के संदर्भ में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक योजना है, जो पिछले चार वर्षों से चल रही है और कार्यान्वयन के अधीन है और उस योजना की विशेषताएं यह हैं कि हम आतंक के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने के माध्यम से मूल रूप से समस्या का समाधान करने का प्रयास करते हैं, जिसमें भर्ती करने वाले लोग शामिल हैं, जो ऐसा करने का प्रयास करते हैं हथियार गोला-बारूद, साजोसामान सहायता प्रदान करें, जो लोग घुसपैठ में मदद करने की कोशिश करते हैं और जो लोग यह पहचानने में मदद करते हैं कि किसे मारा जाना है। उन्होंने कहा कि हालिया हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है।

## काशी-तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

वाराणसी। बनारस के नमो घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी र ?विवार को काशी-तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। सांस्कृतिक उत्सव 17 से 30 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन अवसर पर वे कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले तमिल प्रतिनिधिमंडल का पहला जत्था 15 दिसंबर को चेन्नई से रवाना हो चुका है। विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 1,400 लोगों के यहां पहुंचने की उम्मीद है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि काशी प्रवास के दौरान ये जत्था प्रयागराज और अयोध्या भी जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस आयोजन के लिए नोडल एजेंसी होगी। इस आयोजन में संस्कृति, पर्यटन, रेलवे, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण (ओडीओपी), एमएसएमई, सूचना और प्रसारण, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, आईआरसीटीसी और उत्तर प्रदेश सरकार के संबंधित विभाग भाग लेंगे। पहले चरण के अनुभव का लाभ उठाते हुए अनुसंधान के लिए आईआईटी मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।



# इंडिया गठबंधन में फिर तकरार!!!

## अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में 13 सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सभी केंद्रीय पार्टियों के नेता लगातार अलग-अलग राज्यों के दौरे करने में व्यस्त हो गए हैं। इसी घड़ी में पंजाब के बठिंडा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी एक रैली में हिस्सा लिया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 1125 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की है और विकास क्रांति दिल्ली में हिस्सा भी लिया है। इस विकास क्रांति रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहे।

इस दौरान अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। इसके अलावा उन्होंने इस रैली में एक बड़ा इशारा किया है जिसके बाद इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा जोरों पर होने पर लगी है। इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट शेयरिंग से पहले ही अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ा बयान देकर खलबली मचा दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि लोकसभा में पंजाब की सभी 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ सकती है।

अरविंद केजरीवाल ने रैली के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव में पंजाब की सभी 13 सीटें हमें दीजिए। उन्होंने कहा कि अपने दिल्ली का काम देखने के बाद पंजाब में हमें वोट दिया और 117 में से 92 सीटों पर विजयी बनाए। उन्होंने कहा कि मेरा दिल कह रहा है कि यहां 117 में से 110 से ज्यादा सीटें आम आदमी पार्टी जीत कर लाएगी। पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं और एक सीट चंडीगढ़ की है, मेरा जनता से अनुरोध है कि सभी तेरा सेट हमें दीजिए और हमारे हाथ में मजबूती लेकर आइए।

### अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार को घेरा

दिल के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सभी विपक्षी पार्टियों भगवंत मान द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को देखकर डरी हुई है। समूह विपक्षी पार्टियों मिलकर केंद्र के पास गई और कहा कि यह लोग बहुत कम कर रहे हैं उनके विकास के काम को रोको। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने गंदा काम किया और पंजाब की सेहत का और सड़कों का पैसा रोक दिया। केंद्र सरकार ने नांदेड़ साहिब, हजूर साहिब और पटना साहिब जाने वाली ट्रेन में देने से भी इंकार कर दिया। केंद्र सरकार जिस तरह दिल्ली में दिल्ली सरकार को कम करने से रुकती है इस तरह से पंजाब में भी पंजाब सरकार को कम करने से रोकने में अलग-अलग तरीके निकल रही है। केंद्र सरकार लगातार पंजाब की जनता को दुखी करने में जुटी हुई है।

## 2024 की रणनीति बनाने कांग्रेस ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों की रणनीति बनाने के लिए कार्य समिति की बैठक आहूत की है। साथ ही तीन राज्यों में हुई हार पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में तय करेंगे कि भारतीय जनता पार्टी से किस तरह मुकाबला किया जाए। इसके लिए चुनाव अभियान की योजना तैयार करने 21 दिसंबर को अपनी कार्य समिति की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में होगी। यह बैठक विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की 19 दिसंबर को होने वाली बैठक के दो दिन बाद होगी और इस दौरान सीट के बंटवारे एवं प्रचार अभियान पर चर्चा किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बैठक में राहुल गांधी की यात्रा की संभावना पर भी चर्चा हो सकती है। बता दें कि राहुल 2024 के चुनावों से पहले बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाकर यात्रा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि पार्टी पैदल सहित 'हाइब्रिड (ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों) माध्यम से पूर्व से पश्चिम की यात्रा निकालने पर विचार कर रही है और इस संबंध में जल्द ही अंतिम निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।

बता दें कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले विपक्षी गुट 'इंडिया के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में होगी। 'इंडिया की इस बैठक में एक मुख्य सकारात्मक एजेंडा बनाने, सीट के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम पर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए 'मैं नहीं, हम नारे के साथ आगे बढ़ने का है। यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। उसने तेलंगाना में सरकार का गठन किया। सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण भी किया जाएगा।

## भारी बारिश के चलते तमिलनाडु में बाढ़ से हालात

### -करीब 7 जिलों में लगातार हो रही बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के अनेक जिलों में हो रही भारी बारिष के कारण बाढ़ से हालात बन गए हैं। तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, कन्याकुमारी, तेनकासी और रामनाथपुरम सहित तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में रविवार सुबह से ही भारी बारिश होने की खबरें आ रही हैं। इन जिलों के अलावा भी तूतीकोरिन और तेनकासी जिलों में भी भारी बारिश हो होने की सूचना है। लगातार हो रही बारिष से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक तमिलनाडु के पूर्वी तटीय इलाकों और मन्नार की खाड़ी पर चक्रवाती हवाओं का असर रहने वाला है। आईएमडी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा, 18 दिसंबर को तमिलनाडु के रामनाथपुरम, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, पुदुकोट्टई और तंजावुर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक 19 दिसंबर को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, थूथुकुडी और रामनाथपुरम जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त 19 दिसंबर को ही तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक या दो स्थानों पर आंधी चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई जा रही है।

सोमवार 18 दिसंबर तक बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के साथ-साथ श्रीलंका-तमिलनाडु तटों समेत मन्नार की खाड़ी, कोमोरिन क्षेत्र, केरल तट और लक्ष्यद्वीप क्षेत्र में 40 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से और 55 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवा चलने की संभावना है। इसके साथ ही आईएमडी की चेतावनी को देखते हुए नागापट्टिनम जिले के मछुआरे समुद्र में नहीं जा रहे हैं। उन्होंने किनारे पर ही अपनी-अपनी नावों और मछली पकड़ने के जाल सुरक्षित स्थानों पर जमा कर रख दिया है। एक जानकारी अनुसार 25 से अधिक मछुआरों के गांव हेमलेट में समुद्र के किनारे 650 से अधिक नाव और 3,300 फाइबर नाव देखी गई हैं। चेन्नई में अगले 24 घंटे आसमान में बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। यहां पर भी मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

# लोकसभा चुनाव में वसुंधरा, शिवराज को मिलेगी अहम जिम्मेदारी

### -संसद से इस्तीफा देकर विधायक बने नेताओं को भी पार्टी पदों से नवाजेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के चयन के साथ ही उन नेताओं के भविष्य को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं, जो पहले से सक्रिय थे। इनमें शिवराज सिंह चौहान, रमन सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया का नाम पहले आता है। जहां तक रमन सिंह की बात करें तो छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह जो कि वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, छत्तीसगढ़ विधान सभा के स्पीकर के तौर पर अगले 5 वर्ष सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे। वसुंधरा राजे सिंधिया वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और अगर सब कुछ ठीक रहा तो शिवराज सिंह चौहान को भी पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। जानकारों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि पार्टी शिवराज और वसुंधरा दोनों को अगले वर्ष होने वाले लोक सभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका दे सकती है और अगर ये दोनों नेता तैयार हो जाते हैं तो उन्हें लोक सभा चुनाव लड़वाकर राष्ट्रीय राजनीति में भी शामिल किया जा सकता है।

इन प्रदेशों के उन नेताओं के भविष्य को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं जिन्होंने पार्टी आलाकमान के आदेश पर विधान सभा का चुनाव जीतने के बाद संसद से इस्तीफा दे दिया था। दअरसल, भाजपा ने चुनावी रणनीति के तहत विधान सभा चुनाव में चार राज्यों में 21 सांसदों को मैदान में उतारा था, जिसमें से 12 सांसद विधायकी का चुनाव जीते थे। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर इन सभी 12 सांसदों ने संसद से इस्तीफा देकर राज्य की राजनीति में सक्रिय होने को स्वीकार कर लिया। उस समय यह कहा गया था कि इनमें से कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। संसद से इस्तीफा देने वाले सांसदों में नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राव उदय प्रताप, राकेश सिंह, रीति पाठक, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी, किरोड़ी लाल मीणा, महंत बालकनाथ, रेणुका सिंह, अरुण साव और गोमती साय शामिल थे। इन 12 नेताओं में से अरुण साव को छत्तीसगढ़ का उपमुख्यमंत्री और दीया कुमारी को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश विधान सभा का स्पीकर बनाने का फैसला किया गया है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक जल्द ही दिल्ली से अपने-अपने राज्यों की विधान सभा में गए हुए बाकी 9 नेताओं को भी अहम जिम्मेदारी मिलने वाली है। बताया जा रहा है कि इनमें से 5-6 विधायकों को राज्य में मंत्री बनाया जा सकता है। दो विधायकों ने मंत्री नहीं बनने का इशारा करते हुए संगठन के लिए ही काम करने की बात कही है। जबकि इनमें से कुछ को 2024 में फिर से लोक सभा का चुनाव लड़वाने की तैयरी है।

# अब हम जल, थल, नभ और पाताल में भी लोगों की रक्षा में सक्षम: त्रिवेदी

### -सिलक्यारा सुरंग से सकुशल लौटे श्रावस्ती के छह श्रमिकों तथा समन्वयक को किया सम्मानित

**श्रावस्ती (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यहां कहा कि देश 'जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश सीमा पार आतंकवादियों को मार कर देश को सुरक्षित करता है तो देश के अंदर सुरंग में फंसे अपने 41 नागरिकों को भी सुरक्षित बचा कर लाता है। यह बात त्रिवेदी ने सिलक्यारा सुरंग से सकुशल वापस लौटे श्रावस्ती जिला निवासी छह श्रमिकों तथा उनके बचाव में लगाये गये राज्य समन्वयक को उनके साहस के लिए शनिवार को यहां सम्मानित करते हुए कही। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित चौपाल के मुख्य अतिथि के तौर पर त्रिवेदी शनिवार को जिले में नेपाल सीमा से सटे सिरसिया क्षेत्र के बभनी गांव पहुंचे थे। इस अवसर पर कहा कि अब हम जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा में सक्षम हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बन रही सिलक्यारा सुरंग में काम कर रहे 41 मजदूर बीते माह सुरंग धंसने से मलबे के पीछे फंस गये थे। इन 41 में से छह श्रमिक सत्यदेव, अंकित, राम मिलन, संतोष, जय प्रकाश व रामसुंदर श्रावस्ती के मोतीपुर कलां गांव के हैं।

केन्द्र एवं राज्य सरकार ने सफल राहत व बचाव अभियान चलाकर सभी 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला था। यूपी सरकार द्वारा उत्तरकाशी भेजे गये राज्य समन्वयक अरुण मिश्र ने राज्य के सभी मजदूरों और उनके परिवारों के बीच समन्वय स्थापित किया और उन्हें हिम्मत बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। त्रिवेदी ने कार्यक्रम में स्थानीय जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक राम फेरन पांडेय, अन्य जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं चेक आदि वितरित किए। उन्होंने विपक्ष द्वारा संसद की सुरक्षा में हाल में हुई चूक को बेरोजगारी से जोड़ने पर कहा कि देश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि सवाल पूछने वाले नेता बताएं कि बेरोजगारी कहां है? संसद की घटना पर बेरोजगारी की आड़ में राजनीति चमकाने की




कोशिश की जा रही है, जबकि इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## राम के अयोध्या आगमन पर झूम रहा है अमेरिका, प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर होगा उत्सव

वाशिंगटन । अगले माह अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसकी तैयारियां बहुत तेजी से चल रहीं है। भारत सहित कई देशों में जश्न का माहौल है। राम आएंगे...जैसे भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम जगह जगह होने लगे हैं। अमेरिका में भी कई तरह के आयोजन हो रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग ' फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड के पास ' अयोध्या वे में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। अमेरिका में भी अमेरिकी हिंदू समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में कार रैली का आयोजन किया। इस दौरान हिंदूओं समुदाय के लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए। आयोजन के संबंध में विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा,अमेरिका में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव में सभी परिवारों को आमंत्रित किया। ' हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) की जा रही है और हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके।



## कुवैत के शासक अमीर शेख का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक

कुवैत सिटी। कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया है। गौरतलब है कि तीन साल का उनका शासन देश के अंदरूनी राजनीतिक विवाद का समाधान करने के प्रयास पर केंद्रित रहा। अमीर के निधन की घोषणा करते हुए एक शीर्ष अधिकारी ने बयान पढ़कर सुनाया, ' उदास मन और बड़े दुख के साथ हम कुवैत के लोग, अरब और इस्लामिक जगत तथा दुनिया के मैत्रीपूर्ण लोग महामहिम शेख नवाफ अल अहमद अल सबा के निधन पर शोक मनाते हैं। वह आज चल बसे। हालांकि, प्रशासन ने उनके निधन की वजह नहीं बताई है। बताया जा रहा है कि कुवैत के उपशासक एवं शेख नवाफ के सौतेले भाई शेख मिशाल अल अहमद अल जाबिर (83) दुनिया के सबसे अधिक उम्र के राजवंशीय राजकुमार समझे जाते हैं। वही फिलहाल कुवैत के अगले शासक बनने की कतार में हैं। वह अरब देशों के 80 साल से अधिक उम्र के नेताओं में से एक हैं। मिली जानकारी के अनुसार नवंबर के आखिर में शेख नवाफ को किसी अज्ञात बीमारी को लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से तेल समृद्ध यह छोटा देश उनके स्वास्थ्य के बारे में लगातार चिंतित था। इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर शोक जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, महामहिम शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। हम शाही परिवार, नेतृत्व और कुवैत के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। वहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा, ' महामहिम ब्रिटेन के मित्र थे और हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एवं पश्चिम एशिया में स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने जो कुछ किया, उसके लिये हम उन्हें याद करेंगे।

## इजराइल सैन्य अभियान समाप्ति से पूर्व बंधकों की रिहाई असंभव : हमास

गाजा । हमास ने कहा कि गाजा पट्टी में जब तक कि इज्राराइल सैन्य अभियान समाप्त नहीं हो जाता, तब तक बंधकों की अदला-बदली पर कोई बातचीत नहीं करेगा । हमास ने शनिवार को एक बयान में कहा कि हमास आंदोलन कैदियों की अदला-बदली पर तब तक कोई बातचीत नहीं करने की अपनी स्थिति दोहराता है जब तक कि हमारे लोगों के खिलाफ सैन्य अभियान अंतत : समाप्त नहीं हो जाता। गौरतलब है कि फ़िलिस्तीनी आंदोलन हमास ने 7 अक्टूबर को सीमा पार गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार संघर्ष के चलते गाजा में अब तक 18,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## जहाज दुर्घटना में 61 प्रवासी डूबे

त्रिपोली । 86 लोगों को लेकर लीबिया से रवाना हुए एक जहाज़ के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमे सवार 61 प्रवासियो के डूबने की खबर है। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ' एक्स ' पर कहा, ' लीबिया के पास एक दुखद जहाज़ दुर्घटना के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 61 प्रवासी डूब गए।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने किया गाजा में युद्धविराम का आह्वान

जिनेवा। गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने शुक्रवार को मानवीय राहत के तत्काल, निरंतर और निर्बाध मार्ग का आह्वान दोहराया। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में मान्यता प्राप्त संवाददाताओं के संघ द्वारा आयोजित एक वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में टेड्रोस ने कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में स्वास्थ्य स्थिति पर डब्ल्यूएचओ कार्यकारी बोर्ड के विशेष सत्र में अपनाए गए प्रस्ताव को ऊमहत्वपूर्णऊ बताया, जिसमें चिकित्सा कर्मियों सहित गाजा में मानवीय राहत के तत्काल, निरंतर और निर्बाध मार्ग का आह्वान किया गया था। प्रस्ताव में टेड्रोस से संकट के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावों पर रिपोर्टिंग जारी रखने, संकट के मानसिक स्वास्थ्य प्रभावों का आकलन करने, तकनीकी और भौतिक सहायता बढ़ाने और भागीदारों के साथ स्वास्थ्य एजेंसी के काम को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

## जहरीली हुई पाकिस्तान की हवा,कराना पड़ी कृत्रिम बारिश

इस्लामाबाद। दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर लाहौर है। यहां सांस लेना दूभर है। कई संगठन समुचित उपाय करने की मांग भी उठा चुके हैं। संगठनों के बने दबाव के कारण बीते रोज पाकिस्तान की पंजाब सरकार द्वारा कृत्रिम बारिश करवाई गई है। सरकार का दावा है कि लाहौर के दस इलाकों में किया गया यह प्रयोग काफी सफल रहा है।

पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग लाहौर के 10 इलाकों में किया गया और यह सफल रहा ।उन्होंने कहा, क्लाउड सीडिंग प्रयोगों के कारण आज लाहौर के लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्रों में बारिश हुई। उन्होंने कहा कि क्लाउड सीडिंग के लिए कम से कम 48 फ्लेयर्स तैनात किए गए थे। 15 किलोमीटर के दायरे के 10 इलाकों में हल्की बारिश देखी गई। प्रयोग के नतीजों का और आंकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नकवी ने कहा, कृत्रिम बारिश के लिए एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया। धुंध से निपटने के लिए सरकार कोई भी उपाय करने के लिए तैयार है। उन्होंने प्रांतीय राजधानी में हवा में प्रदूषकों को धोने के लिए कृत्रिम बारिश, जिसे क्लाउड सीडिंग भी कहा जाता है, शुरू करने में यूएई सरकार की मदद के लिए धन्यवाद दिया। पिछले महीने, स्थानीय मीडिया ने बताया कि पंजाब प्रांत लाहौर में चीन की मदद से कृत्रिम बारिश का प्रयोग करने की योजना बना रहा है, नकदी संकट से जूझ रहे देश में इस परियोजना पर 350 मिलियन रुपये खर्च होने का अनुमान है।



एक पारंपरिक गीत और नृत्य बैंड के सदस्य बुखारेस्ट, रोमानिया में शीतकालीन परंपराओं और रीति-रिवाजों के त्योहार सीटेटिया लुई बुकुर के दौरान भालू नृत्य करते हुए।

## तूफान में 4 माह का बच्चा उड़ गया,कई फिट ऊपर आसमान में रहा,फिर भी सकुशल नीचे आया

वाशिंगटन । अमेरिका में एक बड़ा चमत्कार देखा गया है । जहां बहुत तेज गति से आए एक तूफान ने 4 माह बच्चे को पालने सहित उड़ा लिया। काफी देर तक बच्चा आसमान में ही झूलता रहा...लेकिन बाद में इतनी आसानी से नीचे आ गया है कि बच्चे की मां इसे भगवान का चमत्कार बता रही है। ये घटना टेनेसी की है। जहां शनिवार को देर रात आए एक तूफान ने सबकुछ उलट पुलट कर दिया। लोगों के घरों की छत उड़ गई और घर में रखा सामान भी बिखर गया। यहां तक की इंसान और जानवर भी इसकी चपेट में आने से घायल हुए हैं। बच्चे के माता-पिता का कहना है कि ' भगवान की कृपा से ' उनका बच्चा जीवित पाया गया है. कपल ने कहा कि शनिवार को एक घातक बवंडर ने उनके घर को तहस नहस कर दिया। इसी दौरान घर की छत उड़ गई और उनके बच्चे का पालना भी उड़ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हालांकि वह बच्चा चमत्कारिक रूप से बच गया और उसे मूसलाधार बारिश में गिरे हुए एक पेड़ के बीच पाया गया। तूफान में उस बच्चे, उसके एक साल के भाई और माता-पिता को केवल मामूली चोटें आई है। दो बच्चों की मां, 22 वर्षीय सिडनी मूर ने कहा कि जैसे ही तूफान आया उनके घर की छत उड़ गई। मूर ने एक स्थानीय समाचार स्टेशन को बताया कि ' तूफान बहुत तेजी से आया और मेरे बच्चे को पालने सहित उड़ा कर ले गया. इसके बाद उसके पिता उसे बचाने के लिए दौड़े इसी दौरान तूफान ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया. वह पूरे समय बस पालने को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे।' जब ऐसा हो रहा था तो मूर ने अपने एक वर्षीय बेटे, प्रिंसटन को पकड़ लिया। उन्होंने आगे कहा कि ' जब घर की दीवारें गिर रही थीं तो मैंने बच्चे को पकड़ लिया।' मूर और एक वर्षीय बच्चा पलटे हुए ट्रेलर के नीचे आ गए, हालांकि उन्होंने बताया कि वह उन्हें गंभीर चोट के बिना बाहर निकालने में सक्षम थीं। उन्होंने 10 मिनट तक छोटे बेटे की तलाश की और आखिरकार उसे एक गिरे हुए पेड़ के पास पड़ा पाया.

# इजरायल ने फिर कर दी बड़ी गलती...हवाई हमला कर अमेरिकी कर्मचारी को मारा

### -कंपनी ने घटना को दु:खद बताया



**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच जारी जंग में अब नए लगातार चूक होने और खुद अपना नुक्सान करने जैसी खबरें आम हो रही हैं। हमास से जंग लड़ते हुए इजरायल की सेना ने गाजा में महज 48 घंटे के भीतर दूसरी सबसे बड़ी गलती कर अपना ही नुकसान कर लिया है। दरअसल इजरायल ने हवाई हमले में अपने मददगार अमेरिका के ही एक कर्मचारी को मार गिराया। इससे एक दिन पहले इजरायल ने अपने ही 3 बंधकों को गाजा में गलती से मार दिया था।

इस तरह से गाजा में एक दिन पहले इजराइली सेना ने अपने ही 3 बंधकों को हवाई हमले में मार गिराया और अब फिर एक और बड़ी भूल उसने कर दी है। इजरायल ने गाजा में अमेरिकी एजेंसी के एक कर्मचारी को हवाई हमला कर ढेर कर दिया है। इससे अमेरिका में भी खलबली मची हुई है।

गौरतलब है कि इस युद्ध में अमेरिका ही इजरायल का सबसे बड़ा मददगार साबित हुआ है। अब जबकि इजरायली सेना ने बड़ी गलती करते हुए अमेरिकी कर्मचारी को ही निशाना बनाया और उसे ढेर कर दिया है तो हालात बिगड़ भी सकते हैं। जानकारी अनुसार इजरायल के हवाई हमले में गाजा में यूएसएआईडी यानी अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेव्लप्मेंट का एक कर्मचारी मारा गया है। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि अमेरिका इजराइल को युद्ध रोकने और बातचीत करने को कह सकता है। इसके अलावा अमेरिका इजराइल से अपने कर्मचारियों को बाहर कर युद्ध से ही बाहर हो सकता है। बहरहाल इन सब में इजराइल को ही खासा नुकसान होने वाला है, जिसका अंदाजा उसे खुद भी है।

### परिवार समेत कर्मचारी की हुई है मौत

एक बयान में बताया गया कि गाजा पर हजराइल के हवाई हमले में हानी जेना, उनकी पत्नी, उनकी दो और चार वर्ष की दो बेटियां समेत परिवार के अन्य सदस्य मारे गए हैं। इसी बीच अमेरिकी कर्मचारी हानी जेना के एक सहयोगी ने उक्त जानकारी दी है। वहीं यूएसएआईडी ने अपने कर्मचारी के मारे जाने को गंभीरता से लिया और मानवीय मदद मुहैया कराने के लिए वहां मौजूद कर्मचारियों की व्यापक सुरक्षा किये जाने की अपील की है। एक रिपोर्ट के अनुसार जेना ने इससे पहले एक संदेश अपने सहयोगी को भेजा था जिसमें उसने लिखा था, कि 'मेरी बेटियां डरी हुई हैं और मैं उन्हें शांत रखने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन यह बमबारी भयावह है।'

### एजेंसी ने क्या कहा?

इस पूरे मामले में अमेरिकी एजेंसी का कहना था कि इंटरनेट-प्रौद्योगिकी कार्मचारी जेना ने हवाई हमलों से बचने के लिए अपने परिवार के साथ गाजा सिटी में एक मकान में शरण ली हुई थी, लेकिन जेना और उनका परिवार हमले से बच नहीं सका। यूएसएआईडी के कर्मचारी व उसके परिवार की इजराइली सेना के हवाई हमले में हुई मौत से सभी स्तब्ध हैं। यूएसएआईडी की प्रवक्ता जेसिका जेनिंग्स ने शनिवार को ईमेल करते हुए कहा, कि 'यूएसएआईडी समुदाय इस युद्ध में निर्दोष नागरिकों और हानी जेना जैसे साहसी व्यक्ति सहित मानवीय सहायताकर्मियों के मारे जाने पर शोक व्यक्त करता है।

## इजरायली सेना पर लगा अपनों के कत्ल का इल्जाम, नेतन्याहू की बढ़ी परेशानी

**गाजा (एजेंसी)।** इजरायली सेना आईडीएफ पर अपने ही लोगों के कत्ल करने का इल्जाम लग रहा है। इसके चलते आईडीएफ चौतरफा आलोचना झेल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आईडीएफ ने उन तीन नागरिकों पर तब गोली चलाई जब वे हवा में सफेद झंडे लहरा रहे थे। इस गोलीबारी के बाद आईडीएफ पर उन आरोपों को बल मिल रहा है कि गाजा में वह हमास आतंकी ही नहीं आम नागरिकों को भी निशाना बना रही है। हाल ही में हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया था कि शहर में मरने वालों की तादाद 20 हजार पार कर गई है। इसमें दो तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं। पहले जहां अमेरिका इस युद्ध में इजरायल का समर्थन कर रहा था, उसने भी अपने हाथ खींचने की तैयारी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट में दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जो बाइडेन सरकार ने गाजा पर इजरायली हमले के लिए नई योजना बनाई है। अमेरिका ने इजरायल से कहा है कि वो जितनी जल्दी हो सके गाजा पर जमीनी अभियान पूरा कर ले। इस नए प्लान ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के लिए भारी मुश्किल पैदा कर दी है।

गौरतलब है कि गाजा पट्टी में मच रहा कत्लेआम अब दुनिया भर के देशों के साथ अमेरिका को भी चिंता में डाल रहा है। जो बाइडेन सरकार को अपनी गिरती साख सता रही है। हाल ही में गाजा पट्टी पर अभियान के दौरान इजरायली सेना ने गलती से अपने ही लोगों पर गोलियां चला दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स आईडीएफ पर ऐसे आरोप लगा रही है कि इजरायल को मालूम नहीं था कि वो उसके ही नागरिक हैं, वह उन्हें फिलिस्तीन के आम नागरिक समझ रही थीं। इस कत्लेआम से इजरायल अब बैकफुट पर है। उसने मामले में हाई प्रोफाइल जांच के आदेश दिए हैं। वहीं इजरायली सेना की तरफ से बयान आया है कि वो घटना से गलती से हो गई। हमारे सैनिक पिछले काफी दिनों से कठिन परिस्थितियों में गुजर रहे हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हालांकि इजरायल के खेद प्रकट करने वाले बयान से यह मामला जल्द सुलझते हुए नहीं नजर आ रहा है। अब समाचार यह है कि अमेरिका ने इजरायल को गाजा पर जमीनी अभियान समाप्त करने की बात कही है। अमेरिका के नए प्लान ने बेंजामिन नेतन्याहू को नाराज कर दिया हैं।

## चीनी विदेश मंत्री के गायब होने के पीछे पुतिन का हाथ बताया

**बिजिंग (एजेंसी)।** चीन और रूस की दोस्ती भले ही दुनिया में मशहूर है। लेकिन चीन के विदेश मंत्री किन गैंग के लापता होने को लेकर रूस पर बड़े आरोप लगाए गए हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि चीनी विदेश मंत्री के लापता होने के पीछे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हाथ है। कहा जा रहा है कि पुतिन की टिप के कारण चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपने विदेश मंत्री को गायब करने लिए मजबूर होना पड़ा। एक रिपोर्ट के मुताबिक आशंका है कि चीनी विदेश मंत्री किन गैंग रूस के 'स्पाई वॉर' का शिकार हो गए हैं। हालांकि एक तरफ जहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस के साथ मजबूती से खड़े हैं, वही किन गैंग चीन की विदेश नीति को रूस से दूर यूक्रेन के पक्ष में चला रहे थे। इससे पुतिन काफी नाराज हुए थे। हालांकि यह सब मई में शुरू हुआ जब एक चीनी प्रतिनिधिमंडल ने यूक्रेन का दौरा किया और राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। यह बैठक पहला संकेत थी कि बीजिंग रूस-यूक्रेन युद्ध में अपना रुख बदल रहा है। इससे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नाराज थे। उस बैठक के ठीक बाद चीन ने जी-7 बैठक में जापान जाने के लिए जेलेंस्की को चीनी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की भी अनुमति दी। जिसमें जेलेंस्की ने रूस पर जमकर निशाना साधा और दुनिया से अधिक समर्थन और सहायता की अपील की।

इधर चीन के विदेश मंत्री किन को पावर से दूर करने के लिए रूस ने जासूसी इनफॉरमेशन की मदद ली। रूस की ओर से बीजिंग को गुप्त सूचना दी गई कि किन गैंग का अमेरिका से करीबी संबंध हो सकता है। इस दावे के समर्थन में रूस ने मजबूत साक्ष्य दिए थे जिसने शी जिनपिंग को ठोस कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया। हालांकि यह साफ नहीं है कि रूसी खुफिया विभाग ने चीन को क्या सबूत दिये थे। एक हाई-प्रोफाइल चीनी टीवी एंकर के साथ किन के विवाहेतर संबंध के बारे में संभवतः रूस ने पक्के सबूत दिए थे। किन को अमेरिका में एक सरोगेट मां की मदद से टीवी एंकर से एक बच्चा हुआ था। यह महिला अमेरिका और ब्रिटेन में रह चुकी थी। रूस ने कहा ता कि किन गैंग को एक ऐसी महिला ने भ्रष्ट किया जो पश्चिमी देशों के बेहद करीब थी। तभी से विदेश मंत्री गैंग लापता हो गए थे।

## पृथ्वी के दो तरह के अंत का जिक्र मिलते हैं देखने को

### -गर्मी से वायुमंडल का हर परमाणु बाहर उड़ जाएगा



**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** क्या पृथ्वी का भी अंत होगा और होगा, तो वह कैसे होगा। कई वैज्ञानिकों ने विश्लेषण किया है कि ऐसा कैसे हो सकता है और इस बात की व्याख्या करने की कोशिश की है कि तमाम तरहों से पृथ्वी अपने आखिरी अंजामों तक कैसे पहुंच सकती है। पृथ्वी के अमूमन दो तरह के अंत का जिक्र देखने को मिलते हैं। एक तो सामान्य अंत, जैसा कि किसी ग्रह का हो सकता है।

जानकारी के मुताबिक सामान्य रूप से या तो पृथ्वी सूर्य में जाकर समा जाएगी या फिर सौरमंडल से बाहर निकल कर और बंजर चट्टान बन कर अनंत काल के लिए अंततारकीय अंतरिक्ष में भटकती रहेगी। वहीं असामान्य अंजाम में पृथ्वी इस सब से पहले ही नष्ट हो जाएगी।एक वैज्ञानिक धारणा के मुताबिक जहां समय के साथ सूर्य और अधिक गर्मी पृथ्वी पर फेंकेगा और वायुमंडल का हर परमाणु बाहर उड़ जाएगा। पृथ्वी की सतह पर गर्मी से सबकुछ राख हो जाएगा। इसके अगले पांच से सात अरब सालों में पृथ्वी का यही हाल हो सकता है और वह सूर्य से दूर होती जाएगी जबकि सूर्य तब तक बुध और शुक्र को निगल चुका होगा और पृथ्वी पूरी तरह से सूखी बंजर चट्टान बन कर अंतरिक्ष में भटकने लगेगी। एक दूसरी संभावना यह है कि पृथ्वी पर जीवन खत्म होने के बाद बंजर ग्रह के तौर पर भी वह सौरमंडल में रहेगी। इस दौरान कई बाते हो सकती हैं। एक संभावना में तो पृथ्वी से कोई पिंड टकरा कर उसे खत्म कर देगा या फिर निगल लेगा। क्या होगा यह काफी कुछ टकराव के प्रकार और टकराने वाले पिंड के आकार पर निर्भर करता है।

अगर पृथ्वी से कोई पिंड टकराता है और वह बहुत बड़ा पिंड होता है तो इस विशाल टकराव से पृथ्वी के टुकड़े टुकड़े भी हो सकते हैं और पृथ्वी की पूरा अस्तित्व ही छोटी बड़ी चट्टानों में बदल जाएगा और ये टुकड़े सौरमंडल के हिस्सों में बिखर जाएंगे। वहीं अगर टकराने वाला पिंड कोई तारा हुआ तो वह पृथ्वी को निगल भी सकता है। जरूरी नहीं बाहर से आने वाला पिंड सीधे पृथ्वी से टकारा ही जाए, बल्कि ऐसा भी हो सकता है कि यह विशालकाय पिंड सौरमंडल के पास के गुजरेगा और अपने गुरुत्व का ऐसा असर डालेगा जिसके प्रभाव में पृथ्वी सूर्य के प्रभाव से मुक्त होने लगेगी और उस पिंड की ओर जाने लगेगी।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान वह पिंड पृथ्वी को को ही सौरमंडल से हमेशा के लिए बाहर कर देगा। एक संभावना यह भी बताई जाती है कि सूर्य की गर्म होने की प्रक्रिया जारी रहने से पृथ्वी तो तप कर जीवन विहीन हो जाएगी और उसके बाद अगर वह सूर्य के असर से मुक्त नहीं हो सकी तो एक समय आएगा जब वह फिर सूर्य के पास जाने लगेगी और उसी में समा जाएगी। इसके बाद विशाल सूर्य से टकारने पर पृथ्वी का ही अस्तित्व खत्म हो जाएगा। लेकिन इसके अलावा असामान्य अंजाम के रूप में पृथ्वी पर जीवन के इस तरह से खत्म होने से काफी पहले भी किसी घटना से पृथ्वी का अंत हो सकता है।

एक लेख के मुताबिक कोई विशाल क्षुद्रग्रह या धूमकेतु पृथ्वी से टकराकर उसे खत्म कर सकता है या फिर सुपरनोवा या गामा विकिरण प्रस्फोट या भूचुंबकीय तूफान पृथ्वी को खत्म करने के लिए पर्याप्त हो सकता है।लेकिन इस बात की संभावना किसी ने भी नहीं जताई है कि इंसान किसी तरह से पृथ्वी को ही खत्म कर पाएगा। मालूम हो कि ब्रह्माण्ड में हर वस्तु का अंत निश्चित है। चाहे तारे हों, गैलेक्सी हो, ब्लैक होल ही क्यों ना हों। ऐसे में ग्रहों का भी अंत निश्चित ही होगा। लेकिन इसका कभी जिक्र नहीं होता है। दुनिया में चर्चाएं पृथ्वी पर इंसान और जीवन के अंत की तो बहुत होती हैं पर पृथ्वी के अंत की नहीं होती हैं।


# तालिबान के डर से किसी ने पी लिया फिनाइल तो किसी ने खाया जहर

### -अफगानिस्तान में महिलाएं हुईं बेबस, दमनकारी नीतियों ने शिक्षा से कर दिया दूर

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद से ही महिलाओं के लिए दमनकारी नीतियां लागू होने लगी। यहां लड़कियों को शिक्षा से दूर कर दिया गया। नौकरी बंद करा दी गई, और तो और सार्वजनिक जगहों पर जाना और घूमना-फिरना बैन कर दिया गया। यहां पर महिलाओं के हालात बहुत ज्यादा बिगड़े हैं। यहां पर सत्ता मिलते ही तालिबान ने धीरे-धीरे अपने अपनी दमनकारी नीतियां लागू करना शुरू कर दिया। इसका नतीजा ये हुआ है कि महिलाओं को दफ्तरों, यूनिवर्सिटी, नेशनल पार्क, जिम जैसी सार्वजनिक जगहों से पूरी तरह से दूर कर दिया गया है। बच्चियां छठी क्लास से ज्यादा पढ़ाई नहीं कर सकती हैं। यही वजह है कि अब धीरे-धीरे इसका असर भी बहुतायत में देखने को मिल रहा है। अफगानिस्तान में महिलाओं के बीच आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। इसकी मुख्य वजह अकेलापन, घर से बाहर निकलने की आजादी नहीं होना, कमरो के भीतर कैद होना, पढ़ाई से रोक दिया जाना आदि है।

यहां पर हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि महिलाएं अब डिप्रेशन, तनाव और मानसिक बीमारियों का शिकार होती जा रही हैं। एक तरह से महिलाओं की स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान में आत्महत्या और आत्महत्या की कोशिस पर विश्वसनीय आंकड़े इकट्ठा नहीं किए गए हैं। लेकिन राइट्स ग्रुप्स और डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने तालिबान शासन के दौरान आत्महत्या के मामले बढ़ते हुए देखे हैं। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में मेंटल हेल्थ क्लिनिक चलाने वाले डॉ शिकीब अहमदी ने देश में बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों पर एक स्पष्ट जानकारी साझा की है।

डॉ अहमदी ने बताया कि पिछले दो साल से तालिबान की वापसी के बाद उनके क्लिनिक पर आने वाली महिला मरीजों की संख्या में बड़ी तादाद में इजाफा हुआ हैद। यहां पर 40 से 50 फीसदी महिला मरीजों का इजाफा हुआ है। इसमें से 10 फीसदी महिलाओं ने आगे चलकर सुसाइड भी कर लिया। उनका कहना है कि वह देश में महिलाओं के लिए अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं की जा सकती हैं। महिलाओं को यहां कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है, जिसकी वजह से वे अब आत्महत्याएं कर रही हैं। महिलाओं और बच्चियों ने आत्महत्या के लिए घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। घर से बाहर जाने की इजाजत नहीं होने की वजह से घर में मौजूद चूहे मारने का जहर, लिक्विड केमिकल, फिनाइल और फर्टिलाइजर खाकर जान लेना शुरू कर दिया है।



# भारत का दमदार प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से मात

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** अर्शदीप और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी के बाद साई सुदर्शन और श्रेयस के शानदार अर्धशतकों की बदौलत भारत ने पहले एक दिवसीय मैच में शानदार जीत दर्ज की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जोहान्सबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए पहले एक दिवसीय मैच में भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेटों से मात देते हुए सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। शानदार गेंदबाजी के लिए अर्शदीप सिंह को मैन आफ द मैच से नवाजा गया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सधी हुई शुरूआत की और 23 रन पर अपना पहला विकेट रुतुराज गायकवाड के रूप में खोया। गायकवाड़ पांच रन बनाकर वियान मूल्डर की चौथे ओवर की चौथी गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। इसके बाद सुदर्शन और श्रेयश अय्यर के बीच 88 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम की जीत को पक्का कर दिया। अय्यर ने 45 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि 15.5 ओवर में अर्धशतक लगाकर फेहलुकवायो की गेंद पर मिलर के हाथों कैच आउट हो गए। इसके बाद सुदर्शन का साथ देने आए हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा आएं और वे आखिर तक नाबाद रहे। सुरर्शन ने 43 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से नाबाद रहते हुए 55 रन बनाए और आखिर तक क्रीज में मौजूद रहते हुए भारत की झोली में जीत डालकर नाबाद वापस लौटे। तिलक वर्मा ने तीन गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। अर्शदीप सिंह (5/37) और आवेश खान (4/27) की तूफानी गेंदबाजी की बदौलत



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 27.3 ओवर में 116 रन पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत खराब रही और अर्शदीप ने आते ही टीम को हिला दिया। मैच के दूसरे तथा अपने पहले ओवर की चौथी और पांचवी गेंद पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिया। अर्शदीप की आंधी में टीम संभलती इससे पहले ही आवेश ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए जिससे द. अफ्रीका को संभलने का मौका नहीं मिला। टीम की तरफ से एंडिले फेहलुकवेओ टोनी डी जोरजी ने सबसे ज्यादा क्रमशः 33 और 28 रन बनाए। अब भारत को जीत के लिए 117 रन की जरूरत है। भारतीय गेंदबाज अर्शदीप ने पहले गेंदबाजी भारत को शानदार शुरूआत दिलाई और दूसरे ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने 1.4 ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (0) और फिर 1.5 ओवर में रासी वैन डेर डुसेन (0) को पवेलियन भेजा। अर्शदीप ने तीसरा विकेट टोनी डी जोरजी का निकाला और उन्हें 7.5 ओवर में केएल राहुल के हाथों आउट करवाया। टोनी 22 गेंदों पर 2 चौकों और इतने ही छक्कों से 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हेनरिक क्लासेन (6) 9.6 ओवर में अर्शदीप की गेंद को पढ़ने में नाकाम रहे और बोल्ड आउट हो गए।

कप्तान एडेन मार्कराम भी फेल साबित हुए और आवेश खान की गेंद 11वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड हो गए उन्होंने मात्र 12 रन बनाएं। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर आवेश ने वियान मूल्डर को शून्य पर एलबीडब्ल्यू किया। इसके बाद आवेश का तीसरा शिकार बने डेविड मिलर। उन्हें दो रन पर राहुल के हाथों कैच आउट करवाया। आवेश ने 18.1 ओवर में केशव महाराज को रुतुराज के हाथों कैच आउट करवाकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। केशव मात्र 4 रन बनाकर वापस लौट गए। अर्शदीप ने पारी में पांचवा विकेट झटकते हुए एंडिले फेहलुकवेओ को शिकार बनाया और उन्हें 25.1 ओवर में 33 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। अंतिम विकेट कुलदीप यादव के नाम रहा जिन्होंने 27.3 ओवर में नंद्रे बर्गर (7) को बोल्ड किया।

इससे पहले टॉस जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्कराम ने कहा, हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। प्रयुक्त विकेट, हम पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगे, दो स्पिनर खेल रहे हैं। यह एक शानदार दिन है, लोगों को सलाम। उम्मीद है कि दोनों टीमें अच्छा प्रदर्शन करेंगी। बर्गर ने पदार्पण करेंगे उसके लिए विशेष दिन।

## अर्शदीप सिंह ने पहले वनडे में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एकदिवसीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया हैं। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक दिवसीय मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज अर्शदीप ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जोहान्सबर्ग में पहले वनडे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अर्शदीप गेंद से जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 10 ओवरों में 3.7 की इकॉनमी रेट के साथ 37 रन देकर 5 विकेट लिए। तेज गेंदबाज ने अपने पहले स्पेल में रीजा हेंड्रिक्स, टोनी डी जोरजी और रासी वान डेर डुसेन के विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। बाद में उन्होंने खतरनाक दिख रहे हेनरिक क्लासेन और ऑलराउंडर एंडिले फेहलुकवायो को पवेलियन का रास्ता दिखाया। कुल मिलाकर वह भारत के लिए वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। पहली बार स्पिनर सुनील जोशी (5/6) ने 1999 में प्रोटियाज के खिलाफ पारी में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद स्पिनर युजवेंद्र चहल (5/22 2018 सेंचुरियन में) और रवींद्र जड़ेजा (5/33 कोलकाता में 2023) थे। अपनी शानदार गेंदबाजी के प्रदर्शन के बाद अर्शदीप ने कहा कि वह चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहे थे और एक दिवसीय मैच में पांच विकेट लेकर अपने विकेटों की शुरुआत करना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, मैंने वनडे में अपना खाता नहीं खोला था। पारी में पांच विकेट के साथ शुरुआत करना बहुत अच्छा था। विकेट मददगार था। जब हमने बातचीत की, तो हमने सोचा कि ज्यादा हलचल नहीं होगी।

# आईपीएल ऑक्शन का हो रहा बेसब्री से इंतजार, 19 को होगी नीलामी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की शुरुआत से पहले 19 ?दिसंबर मंगलवार को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होनी है। इसका सभी को बेसब्री से इंतजार हो रहा है। सभी 10 फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ही फैन्स को भी आईपीएल के मिनी ऑक्शन का इंतजार है। इसके लिए 333 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें 214 भारतीय प्लेयर्स हैं। असल में देखा जाए तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

ऑक्शन पूल में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र भी शामिल हैं। स्टार्क ने तो अरसे बाद आईपीएल नीलामी के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था। दो करोड़ के बेस प्राइस लिस्ट में तीन भारतीय खिलाड़ी हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव हैं। 2 करोड़ बेस प्राइस में हैरी ब्रूक, ट्रेविस हेड, रिले रोसो, स्टीव स्मिथ, गेराल्ड कोएत्जी, पैट कमिंस, हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर, क्रिस वोक्स, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क, उमेश यादव, मुजीब उर रहमान, आदिल राशिद, रस्सी वैन डर डुसेन, जेम्स विंस, सीन एबॉट, जेमी ओवर्टन, डेविड विली, बेन डकेट, मुस्तफिजुर रहमान हैं।

वहीं 1.5 करोड़ रुपये बेस प्राइस में मोहम्मद नबी, डेनियल सैम्स, टॉम कुरेन, क्रिस जॉर्डन, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट, कॉलिन मुनरो, जिमी नीशम, टिम साउदी, वानिंदु हसरंगा, जेसन होल्डर, शेरफेन रदरफोर्ड, झाय रिचर्डसन है। इसी तरह 1 करोड़ रुपये बेस प्राइस में एश्टन एगर, रिले मेरेडिथ, एश्टन टर्नर, गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, माइकल ब्रेसवेल, काइल जेमिसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, अल्जारी जोसेफ, रोवमैन पॉवेल, डेविड विजे भी शामिल किए गए हैं। गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के पास पर्स में काफी रुपये बचे हैं। ऐसे में मिनी ऑक्शन में इन दोनों पर सबकी निगाहें रहेंगी

# भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली - भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए शनिवार को छह सदस्यीय टीम घोषित की। रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह को टीम में शामिल किया गया है। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। रामनाथन और पूनाचा एकल मैच खेल सकते हैं जबकि युकी, बालाजी और माइनेनी में से किन्हीं दो को युगल मैच के लिए चुना जा सकता है। रोहित राजपाल टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे जबकि जीशान अली कोच की भूमिका निभाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने विज्ञप्ति में बताया कि चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की तथा समिति के अन्य सदस्य बलराम सिंह, मुस्तफा घोष, साई जयलक्ष्मी, राजपाल, जीशान और सचिव अनिल धूपर भी इसमें उपस्थित थे। भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में भी 4-0 से जीत हासिल की थी।

# रोहित शर्मा के कप्तानी से हटने पर वसीम जाफर हैरान, हार्दिक पर खड़े किए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीज़न से पहले कप्तानी से हटाने पर वसीम जाफर ने हैरानी जाहिर की है। बता दें कि मुंबई इंडियंस द्वारा हार्दिक पंड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने आश्चर्य जताया है। दरअसल शुक्रवार को फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे। इसके बाद कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा।

गौरतलब है कि रोहित की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 जीते थे। बहरहाल, वसीम जाफर ने कहा कि हार्दिक पांड्या ने गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने पहले सीज़न 2022 में उन सभी सवालों के जवाब दिए।

# न्यूयॉर्क कर सकता है टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी न्यूयॉर्क कर सकता है। गौरतलब है कि पुरुष टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला है। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से लॉन्ग आइलैंड, न्यूयॉर्क में अप स्टेडियम में हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और स्थानीय आयोजन समितियां शुक्रवार को पूर्ण कार्यक्रम पर हस्ताक्षर करेंगी, जिसमें टूर्नामेंट 4 से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। लॉन्ग आइलैंड पर आइजनहावर पार्क, जो भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी कर सकता है, में 34,000 सीटों वाला एक अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम होगा और मैनहट्टन शहर में बड़ी संख्या में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के लोगों की सुविधा होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शेड्यूल में कुछ बदलाव अभी भी संभव हैं, लेकिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया अपने सभी ग्रुप मैच कैरेबियन में खेलेंगे। यह समझा जाता है कि इंग्लैंड के मैच अपने शुरुआती, पांच-टीम समूह में और, अगर वे उसमें से अर्हता प्राप्त करते हैं, तो सुपर 8 राउंड में सभी ब्रिटिश पर्यटक आकर्षण के केंद्र एंटीगा, बारबाडोस और सेंट लूसिया में होंगे।




बता दें कि आईसीसी निरीक्षक पिछले एक पखवाड़े से कैरेबियाई स्थलों का दौरा कर रहे हैं, जो इस सप्ताह गयाना में समाप्त होगा। हालांकि उन्होंने पाया कि कुछ सुधार और विस्तार अभी भी आवश्यक है, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण समस्या नहीं मिली है। फाइनल के लिए स्थान की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इसके बारबाडोस में होने की संभावना है, जिसने पहले 2007 में 50 ओवर के विश्व कप और 2010 में टी20 इवेंट के फाइनल की मेजबानी की थी। 2007 में टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में ट्रॉफी उठाने के बाद से भारत ने पुरुष टी20 विश्व कप नहीं जीता है। वे बांग्लादेश में टूर्नामेंट के 2014 संस्करण में फाइनल में पहुंचे, लेकिन खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से छह विकेट से हार गए।

# 220 रन बनाने के बाद हारना निराशाजनक है, इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद बोले रोवमैन पॉवेल

सेंट जॉर्ज। पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 रन बनाने के बाद मैच हारने पर वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल निराशा जताई हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत निराशाजन था कि हमने पहली पारी में 220 रन बनाएं और हम हार गए। गौरतलब है कि इंग्लैंड ने शनिवार को ग्रेनाडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच के बाद कप्तान पॉवेल ने अपनी टीम की बल्लेबाजी लाइनअप की प्रशंसा की और कहा कि यह सराहनीय था कि उन्होंने पहली पारी में कैसा



प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि तीसरे टी20 मैच में उनका गेंदबाजी आक्रमण खराब था। पॉवेल ने कहा कि उन्हें श्रृंखला के अपने आगामी मैचों के लिए बेहतर योजनाओं के साथ आने की जरूरत है। 220 रन बनाने के बाद हारना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। जिस तरह से हमने समाप्त किया वह सराहनीय था। हमारी गेंदबाजी कमजोर थी। हमारे पास टीम में ऐसा करने के लिए गुणवत्ता वाले लोग हैं। हम छह हिटर हैं और हम जितना संभव हो उतना हिट करने की कोशिश करते हैं। हमें बेहतर योजनाओं के साथ आने की जरूरत है।

# हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष और महिला टीम बेल्जियम से हारी



**वालेंसिया (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत की ओर एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 56वें मिनट में किया। वहीं बेल्जियम ने एम्ब्रे बैलेन्घिएन ने 22वें और लुईस वर्सावेल ने 37वें मिनट के गोल दाग कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह गोल किए।


पहले क्वार्टर में बेल्जियम के सेड्रिक चार्लियर ने पहले मिनट, एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 10 वें मिनट और थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 13 मिनट में गोल किए। इसके बाद दूसरे क्वार्टर्ट में थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 16वें मिनट में टॉम बून ने 26 वें मिनट में तथा चौथे क्वार्टर में टॉम बून ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 2-7 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

# तीरंदाज ज्योति सुरेखा हुई निराश...मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड में नाम नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व की नंबर 1 मिश्रित और टीम दोनों में प्रथम कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने हांगझोउ में एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नजरअंदाज करने पर निराशा व्यक्त की है। बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाई-राज और चिराग शेट्टी का नाम खेल रत्न के लिए 12 सदस्यीय अवॉर्ड चयन समिति द्वारा दिया गया है। पिछले 6 महीनों में, सुरेखा ने कुल 13 इंटरनेशनल मेडल जीते हैं, जोकि कुछ इस प्रकार हैं, एशियाड में तीन स्वर्ण (व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम), विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत, विश्व कप में चार स्वर्ण और दो कांस्य और एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत पदक। सुरेखा को सात विश्व चैंपियनशिप मेडल और तीन एशियाड स्वर्ण पदक मिले। उन्होंने 27 वर्ष की आयु तक 53 इंटरनेशनल और 62 राष्ट्रीय पदक जीते हैं।

सुरेखा ने कहा, मेरे पास कुल 148.74 अंक हैं, जो सभी आवेदकों में सबसे अधिक हैं और सातविक और चिराग को दिए गए अंकों से कहीं अधिक हैं। एशियाड में दोहरे स्वर्ण पदक से मैंने 30 अंक अर्जित किए और मिश्रित टीम से एक महिला टीम स्वर्ण, मुझे क्रमशः 22 और 20 अंक मिले। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप महिला टीम गोल्ड से 13.33 अंक और उसी समय हासिल किए गए व्यक्तिगत ब्रॉन्ज से 10 अंक अर्जित किए। फिर 2021 विश्व चैंपियनशिप में, मुझे व्यक्तिगत सिल्वर में 15 अंक मिले, 11.25 मिश्रित टीम सिल्वर और टीम सिल्वर के लिए 10 अंक मिले। 2019 विश्व कप में मुझे व्यक्तिगत कांस्य के लिए 10 अंक और टीम कांस्य के लिए 6.66 अंक मिले। ये सभी उपलब्धियां चार साल के अवॉर्ड चक्र में आई हैं, और कुल 148.74 अंकों की गिनती हुई है। उन्होंने कहा, मैं इस लापरवाही से बहुत निराश हूं। मेरा मानना है कि मेरी उपलब्धियां मेरे लिए बोलती हैं।

# ल्यूटन के कप्तान लॉकयर को मैदान पर पड़ा दिल का दौरा, मैच रद्द



लंदन। ल्यूटन के कप्तान टॉम लॉकयर इस साल दूसरी बार दिल का दौरा पड़ने के कारण मैदान पर गिर पड़े जिसके कारण बोर्नमाउथ में खेला जा रहा इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता का मैच रद्द करना पड़ा। ल्यूटन ने बताया कि लॉकयर को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। उनका परिवार उनके साथ है। वेल्स का यह डिफेंडर मैच के 59वें मिनट मैदान पर गिर पड़ा था। दोनों टीम के खिलाड़ी तुरंत ही उनके पास पहुंचे। ल्यूटन के कोच रॉब एडवर्डस भी तुरंत मैदान में चले गए। वह काफी परेशान दिख रहे थे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान पर ही उपचार दिया गया और बाद में उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। तब तक उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हो गया था। उस समय मैच 1-1 से बराबरी पर था और रेफरी साइमन हूपर ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच रद्द किए जाने के बाद भी दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। वे लॉकयर के समर्थन में नारे लगा रहे थे। ल्यूटन ने बयान में कहा, 'दोनों टीम के प्रशंसकों के प्रति हमें खेद है लेकिन अपने साथी और मित्र के इस तरह से मैदान छोड़ने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी खेल आगे जारी रखने की स्थिति में नहीं थे।' लॉकयर इससे पहले मई में वेम्बले स्टेडियम में खेले जा रहे एक मैच के दौरान नीचे गिर पड़े थे। उनके दिल का ऑपरेशन किया गया और बाद में उन्हें खेलना जारी रखने की अनुमति मिल गई थी। इस बीच मैनचेस्टर सिटी ने दो गोल की बढ़त के बावजूद क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला और इस तरह से दो महत्वपूर्ण अंक गंवाए। सिटी का यह अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरा मैच था जिसमें उसने अंक बांटे। अन्य मैचों में न्यूकासल ने फुलहम को 3-0 से और चेल्सी ने शैफील्ड यूनाइटेड को 2-0 से हराया।

# लियोन के टेस्ट में 500 विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से हराया

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां पर्थ की खतरनाक पिच पर पाकिस्तान को 360 रन से हरा दिया जिसमें नाथन लियोन ने 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम की।

पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन के अंतिम सत्र में 89 रन में सिमट गयी जिससे उसे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में लगातार 15वीं शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने लंच के आधे घंटे बाद पांच विकेट पर 233 पर दूसरी पारी घोषित कर पाकिस्तान को जीत के लिए 450 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लेकिन उछाल भरी पिच पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस के सामने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमरा गया। इस दौरान पाकिस्तान के कई बल्लेबाजों को गेंद भी लगी।

हेजलवुड (13 रन देकर तीन विकेट) और स्टार्क (31 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि कमिंस ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम (14 रन) को आउट किया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। आस्ट्रेलिया की तेज तर्रार गेंदबाजी का मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। लियोन ने फहीम अशरफ को पगबाधा के रैफरल में सफलता हासिल कर अपने 500वें विकेट की उपलब्धि हासिल की जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया।

वह शेन वॉर्न और ग्लेन मैकग्रा के बाद आठ खिलाड़ियों के इस 'एक्सक्लूसिव क्लब% में शामिल होने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गये हैं। लियोन ने फिर इसी ओवर में आमेर जमाल को आउट किया जो पाकिस्तान का आठवां विकेट था। इस तरह उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट झटके। पाकिस्तान ने पहले सात ओवर में 17 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिये थे। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक पहले ओवर में स्टार्क की खूबसूरत गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हुए जिससे बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने घरेलू मैदान पर 200वां टेस्ट विकेट हासिल किया।

कप्तान शान मसूद दो रन बनाकर हेजलवुड का शिकार हुए जबकि इमाम उल हक को स्टार्क ने एक और खूबसूरत गेंद पर पगबाधा आउट किया। इससे पहले उस्मान ख्वाजा अपने शतक से चूक गये, उन्होंने 90 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया लंच के बाद तेजी से रन जोड़ने की कोशिश में जुटा था। बायें हाथ के बल्लेबाज ख्वाजा (नौ चौके) और मिचेल मार्श (नाबाद 63 रन) ने 126 रन की भागीदारी निभायी। मार्श ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दो विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा पहले घंटे में ही स्टीव स्मिथ (45) और ट्रेविस हेड (14) के विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज पूरी तरह से हावी थे लेकिन ख्वाजा और मार्श ने उनका डटकर सामना किया। ख्वाजा ने 151 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि मार्श ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद में सात चौके और दो छक्के से नाबाद 63 रन बनाए।

अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद ने स्मिथ को पगबाधा आउट करके पाकिस्तान को दिन की पहली सफलता दिलाई जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर



तीन विकेट पर 87 रन हो गया। यह मैच में दूसरा अवसर था जबकि शहजाद ने स्मिथ को आउट किया। शहजाद की तरह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आमिर जमाल (28 रन देकर एक विकेट) ने भी हेड को लगातार दूसरी पारी में आउट किया।

वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे हेड ने मिड ऑफ पर इमाम उल हक को कैच दिया। जमाल ने पहली पारी में 111 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मेलबर्न में 'बॉक्सिंग डे' को शुरू होगा जबकि तीसरा टेस्ट सिडनी में तीन से सात जनवरी को होगा।

# बाबर आजम ने रचा इतिहास, 13 हजार रन बनाने वाले बैटर बने

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान बाबर आजम ने 13 हजार रन बनाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे पर्थ मुकाबले में पहली पारी के दौरान खास कीर्तिमान बनाया। कंगारू टीम के खिलाफ पाक बल्लेबाजों ने भले ही घुटने टेक दिए और उनके हाथ से मैच पूरी तरह से निकला दिख रहा हो लेकिन बाबर ने पूर्व कप्तान को तेज रन बनाने के मामले में पीछे छोड़ा। अब यह बैटर पाकिस्तान का सबसे तेज 13 हजार रन बनाने वाले बैटर बन चुका है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में खेलने उतरी है। गेंदबाजों की खस्ता हाल के बाद बल्लेबाजों ने भी पर्थ टेस्ट में घुटने टेक दिए। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 487 रन के जवाब में पूरी टीम महज 271 रन पर ही सिमट गई। भले ही मेजबान टीम ने फॉलोऑन ना देकर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला लिया लेकिन अपनी बढ़त को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 300 रन तक पहुंचा दिया। पर्थ टेस्ट मैच के तीसरे दिन बाबर आजम महज 21 रन की पारी खेलकर वापस लौट गए। हालांकि इस पारी के दौरान ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड बनाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 13 हजार रन पूरा करने वाले पाकिस्तान के 5वें बैटर बन गए हैं। उन्होंने इस आंकड़े को सबसे तेज छूकर पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान की तरफ से इंजमाम उल हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ, जावेद मियांदाद ने 13 हजार से ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाए थे। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से सबसे तेज 13 हजार रन तक पहुंचने का कीर्तिमान जावेद मियांदाद के नाम दर्ज था।

# मां श्रीदेवी के लिए इमोशनल हुईं जान्हवी


जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक खुलासा किया है। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी मां और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी के बारे में बातचीत की। जान्हवी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी मां के डायलॉग्स बोले हैं? क्या कभी खुद की तुलना श्रीदेवी से की है? इस सवाल पर जान्हवी कपूर इमोशनल हो गईं। उनकी आंखों में आंसू आ गए। सवाल के जवाब में जान्हवी ने कहा- नहीं, मैं मम्मा के डायलॉग्स को रीक्रिएट नहीं करती। जब वे जीवित थीं, उन्हें खुद की फिल्में देखना पसंद नहीं था। उनके निधन के बाद मेरे लिए यह और भी मुश्किल हो गया कि एक एक्टर के तौर पर मैं उनके काम का निष्पक्षता से अध्ययन कर सकूं। मुझे पता है यह कुछ ऐसा है जो आज हर एक्टर करता है, खासतौर से जब मम्मा के काम की बात आती है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती।

### अब ज्यादा दबाव महसूस नहीं होता

जान्हवी कपूर जल्द ही एनटीआर 30 में जूनियर एनटीआर के साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। कोराताला शिवा की डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल 5 अप्रैल को रिलीज होगी। जान्हवी ने आगे कहा- अब जब मैं साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हूं, तो मैंने मां की पुरानी फिल्में देखना शुरू कर दिया है। हालांकि मैंने कभी भी उनका कोई डायलॉग बोलने की कोशिश नहीं की है। आजतक के साथ बातचीत के दौरान जान्हवी से पूछा गया कि चूंकि वे बॉलीवुड परिवार से आती हैं और उनकी मां इतनी बड़ी सेलिब्रिटी रही हैं, ऐसे में क्या उन्हें प्रेशर महसूस होता है? क्या ऐसा लगता है कि लोग उनके काम को काफी जज करते हैं? इस बात पर जान्हवी कपूर ने बताया कि हर स्थिति के दो पहलू होते हैं। जो लोग स्टार किड्स नहीं हैं और बाहर से आते हैं उनके लिए पहला मौका पाना बहुत मुश्किल होता है। बाहर से आए हुए लोगों के लिए चुनौतियां अनोखी हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि कहां जाना है या किससे मिलना है। ये सच है कि मुझे उस संघर्ष का सामना नहीं करना पड़ा। मैं बस इस बात से खुश हूं कि मुझे काम करने का मौका मिला। मुझे अब ज्यादा दबाव महसूस नहीं होता।

### मेनिफेस्टेशन टेक्निक में यकीन करती हैं जान्हवी

फिल्म एनटीआर 30 में जान्हवी कपूर के साथ एनटीआर लीड रोल में हैं। ये फिल्म 5 अप्रैल 2024 को वर्ल्ड वाइड रिलीज होगी। फिल्म को एनटीआर आर्ट्स प्रोडक्शन कंपनी के हरी कृष्णा के और युवा सुंधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्किलिनेनी प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म की बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि ऐसा कोई इंटरव्यू नहीं होगा जहां मैंने ये न कहा हो कि मुझे जूनियर एनटीआर के साथ काम करना है। शायद ये पहली बार है कि मैनिफेस्ट करने की इस टेक्नीक ने मेरे लिए काम किया।





# काबिलियत की कोई उम्र नहीं होती, जिंदा रहने जोश बरकरार रखना चाहिए

**फिल्म इंडस्ट्री में चार दशक लंबा करियर एक मील का पत्थर ही कहा जाएगा, लेकिन अभिनेता अनुपम खेर अपने 39 साल लंबे ऐक्टिंग सफर को इस तरह से नहीं देखते। इन दिनों वेब सीरीज द फ्रीलांसर-द कन्क्लूजन के लिए चर्चा बटोर रहे अनुपम के मुताबिक, वे अब भी सेट पर ये सोचकर जाते हैं कि उन्हें ऐक्टिंग के बारे में कुछ नहीं पता है।**

### मैं बूढ़े इंसान को अपने भीतर नहीं आने देता

इन दिनों वेब सीरीज द फ्रीलांसर-द कन्क्लूजन के लिए चर्चा बटोर रहे अनुपम खेर कहते हैं, आप तो डरा रही हैं कि चार दशक हो गए। इससे क्या होता है? मैं बेशक बहुत खुश हूं और भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मुझे इस इंडस्ट्री में 39 साल तक काम करने का मौका मिला। 39 साल तक यहां डटे रहने के लिए आपमें बूता होना चाहिए। लेकिन मैं ऐसे नहीं सोचता कि अरे, मैंने इतना काम कर लिया। हॉलिवुड ऐक्टर-डायरेक्टर क्लिंट ईस्टवुड से उनके एक दोस्त ने पूछा कि भई, अगले हफ्ते क्या कर रहे हो, तुम्हारा 92वां बर्थडे है तो उन्होंने कहा कि मैं पिक्चर शुरू कर रहा हूं। उसने कहा कि तुम फिल्म शुरू कर रहे हो, तुम 92 साल के होने वाले हो तो ईस्टवुड बोले, आई डोंट लेट द ओल्ड मैन इन। मैं बूढ़े आदमी को अपने भीतर आने ही नहीं देता हूं। मेरा भी यही फलसफा है। मेरा ग्राफ ये रहा है कि जब मैं 28 साल का था, तब फिल्म सारांश में 65 साल के बुजुर्ग का रोल किया था। तब मुझे लगता था कि 65 साल का बुजुर्ग ऐसा दिखता है, जैसा फिल्म में मैंने गेटअप किया है। अब मैं 68 साल का हूं पर मैं वैसा लगता ही नहीं हूं और मुझे नहीं लगता कि अगले बीस साल तक मैं वैसा लगूंगा।

### स्टीरियोटाइप्स तोड़ने की हमेशा कोशिश की है

अनुपम कलाकारों को किसी खांचे में बांधने के भी सख्त खिलाफ हैं। बकौल अनुपम, मुझे बूढ़े या उम्रदराज होने की कोई परेशानी नहीं है, लेकिन मेरा मानना है कि काम, टैलंट और कड़ी मेहनत की कोई उम्र, कोई सीमा नहीं होती। मेरी मां 87 साल की हैं, ऊपरवाले की कृपा से वो काफी ऐक्टिव हैं। मेरे फादर 84 की उम्र में 10-12 किमी चलते थे तो हमने उनसे सीखा है। मुझे अजीब लगता है कि लोग हमें क्लीशे बना देते हैं। एक खांचे में बांध देते हैं कि भई, ये तो अब बस यही रोल कर सकते हैं। क्यों? हम लव स्टोरी भी कर सकते हैं, मैं बस एक उदाहरण दे रहा हूं। असल में लोग अपनी मीडियोक्रिटी (औसत क्षमता) छिपाने के लिए ऐसा करते हैं कि दूसरों को एक खांचे में डाल देते हैं कि ये तो वर्दी में ही ठीक लगेंगे, ये ऐसे रोल में ही ठीक लगेंगे। मैंने हमेशा इसको तोड़ने की कोशिश की है। ऐक्टर के तौर पर भी, एक इंसान के तौर पर भी।

### जिंदा हैं तो जिंदगी के प्रति जोश होना ही चाहिए

इतनी लंबी ऐक्टिंग पारी और ढेर सारे रोल करने के बावजूद क्या चीज अनुपम खेर को और ज्यादा और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करती है? यह पूछने पर वह कहते हैं, एक जीवन मिला है, आप रोज सुबह उठते हैं और सोचते हैं कि वाह, एक और सुबह देखी तो सुबह उठना, काम पर जाना, मेकअप लगाना, आप सोचिए, कितने हजारों-लाखों लोग मुंबई आकर अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। हम लकी लोग हैं कि हमें अपना हुनर दिखाने का मौका मिला। अब इस बात को मैं ग्रांटेड (अहमियत न दूं) लूं कि मैं थक गया हूं शूटिंग कर करके। मुझे बहुत अफसोस होता है ये देखकर कि हमारी पूरी जिंदगी निकल जाती है इस कोशिश में कि लोग हमें पहचाने और जब हम सक्सेसफुल हो जाते हैं तो हम काले चश्मे पहन लेते हैं कि कोई हमें पहचाने ना, हमें तंग न करे। मैं ऐसे नहीं सोचता हूं। अभी भी कोई मेरी फोटो खींचे तो मुझे अच्छा लगता है कि वाह, मुझे अब भी पहचानते हैं। जिंदा रहने का जो जोश है वो बरकरार रखना चाहिए। वही आपको जिंदा रखता है। मेरी ये सोच काम के प्रति भी है, जीवन के प्रति भी है।

### किरदार को ऐक्टिंग से अलग बनाना पड़ता है

द फ्रीलांसर में अनुपम खेर मुख्य किरदार अनिवाश कामत के मार्गदर्शक डॉक्टर आरिफ के किरदार में हैं। ऐसे कमांडिंग ऑफिसर जैसे किरदार वह पहले भी निभा चुके हैं। ऐसे में, यह रोल चुनने की वजह पूछने पर वह कहते हैं, काम भी तो करना है न। ऐसा तो नहीं सोच सकता कि जब तक अलग नहीं मिलेगा, घर पे बैठा रहूंगा। फिर कई बार आप खुद अपनी अदाकारी से किरदार को अलग बनाते हैं। ये अनुभव से आता है कि आप अपने हर रोल को कैसे अलग बनाते हैं, अलग गेट अप, अलग सोच, अपने काम को जितना मुश्किल बनाओगे, उतना अच्छा रहेगा। मैं हर रोल करते वक्त अपने को ये कहता हूं कि मैं ऐक्टिंग के बारे में कुछ नहीं जानता। आप आम काम करके कमाल नहीं कर सकते। उसके लिए आपको कुछ एक्स्ट्रा करना ही होगा। बाकी तो सब चीजें एक जैसी ही होती हैं, उन्हें आप कितना अलग कर सकते है।

# चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की कहानी हैं रवीना टंडन की कर्मा कॉलिंग



जब दुनिया कदमों में हो, तो कर्मा कुछ नहीं बिगाड़ सकता- कुछ इस तरह का दमदार डायलॉग रवीना टंडन की आने वाली वेब सीरीज में सुनने को मिला। रवीना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीरीज कर्मा कॉलिंग का ट्रेलर शेयर किया। कैप्शन लिखा- जैसा काम करोगे वैसा ही फल मिलेगा? कर्मा को आने दो, मैं संभाल लूंगी। रवीना टंडन इस वेब सीरीज में इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाएंगी। इंद्राणी अलीबाग सोसायटी में राज करने वाली रानी हैं। चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की इस कहानी को रुचि नरेन ने डायरेक्ट किया है।

### चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की कहानी

एक इंटरव्यू के दौरान रवीना टंडन ने सीरीज में निभाए गए इंद्राणी के किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा- इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है। कर्मा कॉलिंग निश्चित रूप से जो दिखता है उससे कहीं ज्यादा है। यह सीरीज अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं को बखूबी दिखाती है। इंद्राणी जैसा किरदार निभाते हुए मैंने खुद को बतौर एक्टर बहुत एक्सप्लोर किया है। इस तरह का किरदार ना पहले कभी किया गया है ना कभी देखा गया है। मैं ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। डायरेक्टर रुचि नरेन ने कहा- कर्मा कॉलिंग की कहानी कोठारी परिवार की है। इस बहुत अमीर परिवार में क्या होता है, कौन साजिशें रचता है, प्रतिशोध, धोखे, विश्वासघात- कहानी इन सब पहलुओं के इर्द-गिर्द घूमती है। इतना कह सकती हूं कि ये सीरीज आपके लिए गिल्टी प्लेजर (दोषी आनंद) जरूर होगी। वहीं प्रोड्यूसर आशुतोष शाह ने कहा कि कर्मा कॉलिंग बेहद दिलचस्प सीरीज है। यह एक रोमांचक कहानी है जो अमीरों की दुनिया की एक मनोरम झलक पेश करती है। आशुतोष ने रवीना के टैलेंट और हार्ड वर्क की भी तारीफ की।

### रवीना वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी

रवीना टंडन अक्षय कुमार के साथ वेलकम फ्रेंचाइजी की फिल्म वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। रवीना हाल ही में सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म वन फ्राइडे नाइट में नजर आई थीं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा में 28 जुलाई को रिलीज हुई थी। इसके अलावा रवीना ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ-चैप्टर 2 में भी नजर आई थी।



# निधि दत्ता ने सम्भाली बॉर्डर-2 की कमान, स्क्रिप्ट और निर्देशन से करेंगी शुरूआत

साल 1997 में ज्योति प्रकाश दत्ता यानी जेपी दत्ता के डायरेक्शन में बनी फिल्म बॉर्डर रिलीज हुई। इसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और एक मास्टरपीस बनकर निकली। जेपी ने इसके बाद भी वॉर पर आधारित कई फिल्में बनाई, लेकिन बॉर्डर जैसा रिस्पांस नहीं मिल पाया। जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और राइटर हैं। उन्होंने बॉर्डर 2 की कमान संभाली है। वह इस फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रही हैं। इसे जेपी फिल्म के बैनर तले प्रोड्यूस कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह इसे निर्देशित भी करेंगी। फिलहाल फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन में चल रही है। जेपी दत्ता की बॉर्डर में सुनील शेट्टी, सनी देओल, अक्षय खन्ना, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, तब्बू और राखी जैसे बड़ा कलाकार थे। फिल्म से सनी देओल के मीम्स और डायलॉग्स आज तक वायरल होते हैं और इस पर मीम भी बनते हैं। बीते कई सालों से सीक्वल फिल्मों का दौर चल रहा है। वरुण धवन और सारा अली खान स्टारर कुली नं 1, आलिया भट्ट-आदित्य रॉय कपूर की सड़क 2, आदित्य और श्रद्धा कपूर की आशिकी जैसी फिल्में 90 के दशक की फिल्मों सीक्वल और रीमेक रहे थे।
बॉर्डर जैसी एपिक फिल्म का भी रीमेक और सीक्वल बनाने की लंबे समय से मांग चल रही थी। लोगों की मांग को पूरी करने की जिम्मेदारी अब निधि दत्ता ने उठाई है। वह पिता के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। अब निधि दत्ता बॉर्डर 2 को आज की पीढ़ी के हिसाब से लिख रही हैं। इसके लिए दो स्टार को पहले ही फाइनल कर लिया गया है। एक हीरो का नाम सनी देओल हैं, जिन्होंने बॉर्डर में लीड और खास रोल निभाया था। वहीं, बॉर्डर 2 में दूसरे कंफर्म एक्टर का नाम आयुष्मान खुराना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में आयुष्मान अहम रोल में होंगे। वह पहली बार सनी देओल के साथ काम करने जा रहे हैं।



# प्रभास ने कहा- 21 साल में बेस्ट डायरेक्टर के साथ काम करने का मौका मिला

सुपर स्टार प्रभास जल्द ही फिल्म सालार पार्ट 1- सीजफायर में नजर आएंगे। इस फिल्म को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है। वहीं विजय किर्गंदुर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। ये फिल्म 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। प्रभास ने कहा- सालार को हां कहने की पहली वजह तो प्रशांत नील ही थे। जब उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई तो उसमें बहुत सारे कमर्शियल एलिमेंट थे। ऑडियंस ने पहले कभी मुझे इस तरह के किरदार में नहीं देखा है। वे इस स्क्रिप्ट को अपने जिस स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, उस तरह से तैयार कर रहे थे। हर महीने कुछ अच्छा करते जा रहे थे और फाइनली उन्होंने एक बहुत अच्छी स्क्रिप्ट बनाई। मेरे ख्याल से उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं किया है, मेरे ख्याल से उन्होंने इस फिल्म में बहुत सारा ड्रामा ऐड किया है और मुझे यह काफी एक्साइटिंग लगा।

**प्रशांत के साथ काम करने का आपका एक्सपीरियंस कैसा रहा?**

मेरे 21 साल की लाइफ में प्रशांत नील बेस्ट डायरेक्टर है। फन और रिलैक्सिंग। मैं इस चीज को लेकर बेसब्र था कि वो मुझे कब शूट के लिए बुलाएंगे। सेट पर जाने या फिर परफॉर्म करने से ज्यादा मैं प्रशांत के साथ टाइम बिताना चाह रहा था। ये पहली चीज थी मेरे मन में और मैंने पिछले 21 साल में कभी ये महसूस नहीं किया था। यह चीज मैंने 6 महीने के लंबे समय तक महसूस की, मेरे ख्याल से एक महीने में ही हम बेहद करीब आ गए थे।

**आपके किरदार को शूट करने में कितने दिन का समय लगा?**

प्रशांत हीरो डायरेक्टर हैं। अगर मैंने कहा कि मैं इस समय पर आऊंगा वह उसमें कंफर्टेबल थे। जब एक बार एक्टर्स सेट पर आ जाते हैं, जैसे मैं, श्रुति या पृथ्वी सर तब कोई चीज नहीं रुकती है। वह उनको बिठाते हैं ना कि इंतजार कराते हैं, बल्कि आप सेट पर हैं तो सिर्फ आपके शॉर्ट्स पर ही उनका ध्यान रहेगा। इस तरह से मुझे कभी सेट पर इंतजार नहीं करना पड़ा, जबकि हम उन्हें कहा करते थे कि प्रशांत हम इंतजार कर लेंगे या फिर कभी-कभी मैं उनके पास मॉनिटर के यहां बैठकर बात करता था। पहले शेड्यूल पर जब मैं पहुंचा था, मुझे याद नहीं कितने बजे लेकिन तब उन्होंने हर चीज रोक दी थी कि हीरो की एंट्री हुई है। अब हम सिर्फ हीरो के शॉर्ट्स लेंगे। तब मैंने उन्हें कहा कि अरे कोई बात नहीं, मेरी आधी फिल्मों में मैंने इंतजार किया है। जैसे बड़ी फिल्में हम करते हैं जिनके बड़े सेटअप होते हैं, वहां कुछ देर तक इंतजार करते हैं तो यह नॉर्मल है इसमें कोई प्रॉब्लम नहीं है। लेकिन ये ऐसे डायरेक्टर हैं जो अपने एक्टर्स को इंतजार नहीं कराते हैं। अगर वो सेट पर आएंगे तो वो शूट करेंगे।

**सालार के सेट से जुड़ी कोई मेमोरीज्जो आप हमारे रीडर से शेयर करना चाहेंगे?**

प्रशांत अपने हीरोज को कभी कोई टफ शॉट करने नहीं देते हैं। वह इस चीज का ध्यान रखते हैं। लेकिन फिल्म में बहुत सारा ब्लड इस्तेमाल हुआ है। हम जब शूटिंग कर रहे थे तब ठंड का मौसम था, आपने वैसे सभी चीजों को ट्रेलर में जरूर देखा होगा। फिल्म से वो ब्लड आपकी बॉडी में लग जाते हैं और ठंड के मौसम की वजह से वह बहुत ही ठंडा हो जाता है तो यह पूरी फिल्म में बेहद टफ पार्ट था।

# एनिमल फेम अंशुल ने शेयर किए तेजस के शूटिंग एक्सपीरिएंस

कंगना रनोट स्टारर फिल्म 'तेजस' 27 अक्टूबर को रिलीज की गई थी। इसमें उनके साथ एक्ट्रेस अंशुल चौहान भी नजर आई थीं। हाल ही में साथ खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कंगना के बारे में कुछ खास बाते बताईं। उन्होंने कंगना के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस शेयर किया। अंशुल ने बताया कि जब आप किसी अच्छे एक्टर के साथ काम करते हैं, तो इससे आपमें इंप्रूवमेंट आता है। उन्होंने कहा कंगना के साथ काम करके मैंने काफी कुछ सीखा है। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल में अंशुल उनकी छोटी बहन बनी हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि इन सभी एक्टर्स के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### रियल लाइफ में कैसी हैं कंगना रनोट

तेजस में कंगना की को-एक्टर रहीं अंशुल चौहान ने बताया कि कंगना एक मंझी हुई एक्ट्रेस हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए एक्ट्रेस ने कहा- मैंने शूटिंग के दौरान उनके साथ काफी समय बिताया। मुझे तब ये एहसास हुआ कि वो भी हमारे जैसी ही बहुत साधारण सी इंसान हैं। उन्होंने बताया कि तेजस की शूटिंग के दौरान उन्हें काफी मुश्किलें आई थीं, क्योंकि इस फिल्म में एयर फाइट का सीन दिखाया गया है। फिल्म के ज्यादातर सीन क्रोमा पर शूट किए गए थे। एक्ट्रेस का कहना है कि क्रोमा पर शूट करने में थोड़ी समस्या आती है। वहां हमें ग्रीन पर्दे पर ही सारे इमोशन दिखाने पड़ते हैं। हमारे पास बहुत कम रिसोर्स होते हैं, सारी चीजें आपको इमेजिन करनी होती हैं। अंशुल के लिए क्रोमा पर फाइट सीन करना काफी नया एक्सपीरिएंस था।

### अंशुल ने शाहरुख खान को 'किंग ऑफ बॉलीवुड' बताया

अंशुल ने रैपिड फायर राउंड के दौरान रणवीर सिंह को 'एनर्जेटिक' और शाहरुख खान को 'किंग ऑफ बॉलीवुड' बताया। फिल्म 'एनिमल' में अंशुल के पिता बने अनिल कपूर का नाम लेने पर एक्ट्रेस ने 'झक्कास' कहा। वहीं 'एनिमल' के डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी को उन्होंने 'इंटेंस' नाम दिया। सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाले इंफ्लूएंसर ओरी को उन्होंने 'मास्टरमाइंड ऑफ मार्केटिंग' कहा। एक्ट्रेस का नाम लेने पर उन्होंने दीपिका पादुकोण को 'हॉट' और रश्मिका मंदाना को 'क्यूट' का टैग दिया।

'तेजस' बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर पाई कंगना रनोट की फिल्म तेजस 2023 की बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। 27 अक्टूबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने चौथे दिन तक सिर्फ 40 लाख रुपए का ही कलेक्शन किया था। इस तरह 4 दिन में फिल्म का कलेक्शन केवल 4 करोड़ 15 लाख का हो पाया था। फिल्म के कलेक्शन से समझा जाता सकता है कि फिल्म दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही थी। दरअसल दर्शक इसे देखने थिएटर गए ही नहीं थे। यही वजह रही है कि थिएटर के मालिकों को तेजस के सभी शोज भी कैंसल करने पड़ रहे थे। वहीं ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नाहटा ने इस फिल्म के बारे में कोई भी बात करने से मना कर दिया था।

